आर्य रक्षित स्थविर संकलित

सचित्र
अनुयोगद्वार सूत्र
(द्वितीय भाग)

मूल पाठ-हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद, विवेचन तथा रंगीन चित्रों सहित

* प्रधान सम्पादक *

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज के सुशिष्य

उपप्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

* सह-सम्पादक *

श्री तरुण मुनि

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

* अंग्रेजी अनुवाद *

श्री सुरेन्द्र बोथरा

पद्म प्रकाशन

पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सचित्र आगममाला का बारहवाँ पुष्प

■ **आर्य रक्षित स्थविर संकलित सचित्र अनुयोगद्वार सूत्र (भाग २)**

■ **प्रधान सम्पादक**
उपप्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

■ **सह-सम्पादक**
श्री तरुण मुनि
श्रीचन्द सुराना 'सरस'

■ **अंग्रेजी अनुवाद**
श्री सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

■ **चित्रकार**
डॉ श्री त्रिलोक शर्मा

■ **प्रकाशक एवं प्राप्ति-स्थान**
पद्म प्रकाशन
पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

■ **मुद्रण-व्यवस्था**
संजय सुराना
श्री दिवाकर प्रकाशन
ए-७, अवागढ हाउस, एम जी रोड, आगरा-२८२ ००२
दूरभाष (०५६२) ३५११६५

■ **प्रथम आवृत्ति**
आश्विन, वि. सं २०५८
अक्टूबर, ईस्वी सन् २००१

■ **मूल्य**
पाँच सौ रुपया मात्र (५००/- रुपये)

■ **सर्वाधिकार पद्म प्रकाशन**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ILLUSTRATED

ANUYOGADVAR SUTRA

Original Compiled by ARYRA RAKSHIT STHAVIR

(PART TWO)

Originally Text with Hindi and English Translations, Elaboration and Colourful Illustrations

*** EDITOR-IN-CHIEF ***

Up-pravartak Shri Amar Muni

(The Disciple of Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra Ji Maharaj)

*** ASSOCIATE-EDITORS ***

Shri Tarun Muni

Srichand Surana 'Saras'

*** ENGLISH TRANSLATOR ***

Shri Surendra Bothara

PADMA PRAKASHAN

PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-110 040

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

THE TWELFTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES

- ILLUSTRATED ANUYOGADVAR SUTRA (PART TWO)
  (Originally Compiled by Arya Rakshit Sthavir)

- *Editor-in-Chief*
  Up-pravartak Shri Amar Muni

- *Associate-Editors*
  Shri Tarun Muni
  Srichand Surana 'Saras'

- *English Translator*
  Shri Surendra Bothara, Jaipur

- *Illustrator*
  Dr. Shri Trilok Sharma

- *Publisher and Distributor*
  Padma Prakashan
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

- *Printer*
  Sanjay Surana
  Shri Diwakar Prakashan
  A-7, Awagarh House, M G Road, Agra-282 002
  Phone (0562) 351165

- *First Edition*
  2058 V.
  2001 A.D.

- *Price*
  Five Hundred Rupees only (Rs 500/-)

- *Copyright* : **Padma Prakashan**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

"ज्ञानदान सबसे महान् दान है।"–इस वचन के अनुरूप परम श्रद्धेय उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि जी ने भगवद् वाणी के रूप में निबद्ध जैन सूत्रों का हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद कराकर चित्र सहित प्रकाशन की महत्त्वपूर्ण दीर्घकालीन योजना बनाई है।

इस योजना मे अब तक निम्न आगम प्रकाशित हो चुके हैं–

● आचारांगसूत्र (भाग १, २) ● ज्ञाताधर्मकथांगसूत्र (भाग १, २) ● अन्तकृद्दशासूत्र ● कल्पसूत्र ● उत्तराध्ययनसूत्र ● दशवैकालिकसूत्र ● नन्दीसूत्र ● उपासकदशा एवं अनुत्तरौपपातिकदशासूत्र ● अनुयोगद्वारसूत्र (भाग १) ● रायप्रश्नीयसूत्र

हमारा यह परम सौभाग्य है कि परम श्रद्धेय स्व. उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक महास्थविर गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज द्वारा प्रदत्त प्रेरणा और आशीर्वाद से उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि जी आगम सेवा के इस महान् पुण्य कार्य मे हम सबको प्रेरणा और प्रोत्साहन प्रदान कर युग-युग तक चिरस्थायी रहने वाला ज्ञानदीप प्रज्वलित कर रहे हैं। यह ज्ञानदीप न तूफानों में चंचल होता है और न ही महाकाल के थपेडों से बुझ पाता है। वास्तव मे 'अमर ज्ञानदीप' जलाकर श्री अमर मुनि जी एक **युगान्तरकारी** कार्य कर रहे है।

सचित्र आगम प्रकाशन योजना में इस अनुयोगद्वारसूत्र का कार्य जो दो भागो में सम्पन्न हो चुका है। पाठकों के हाथों मे है।

जैनधर्म-दर्शन के मूल शब्दो का अभिप्राय समझकर उनके भाव के अनुसार अंग्रेजी मे उनका अनुवाद करना वास्तव मे बहुत ही कठिन और व्यापक चिन्तन-मनन का कार्य है। खासकर अनुयोगद्वार जैसे आगम मे तो बहुत ही श्रम करना पडा है। फिर भी हमे सतोष है कि विद्वान् अनुवादक ने आगमो के भाव के अनुसार मनन करके अंग्रेजी परिभाषाएँ बनाई हैं और उनको सुन्दर सहज रूप से प्रस्तुत किया है।

श्रीचन्द जी सुराना (अनुवाद, विवेचन व सम्पादन) तथा श्री सुरेन्द्र बोथरा (अग्रेजी अनुवाद) का सहयोग तो प्रारम्भ से ही हमे उपलब्ध है। इसके साथ ही आगमों के ज्ञाता विद्वान् श्री राजकुमार जी जैन (रिटायर्ड आई. ए. एस., दिल्ली) भी आगम सेवा के इस अभियान से जुड़ गये हैं।

चित्रकार डॉ. त्रिलोक शर्मा ने इस आगम के चित्र बनाये हैं। चित्रों के माध्यम से आगमो का गम्भीर कथन बहुत ही सरल रूप मे प्रकट हो गया है, जो सबके लिए सुबोध है। इन चित्रो के रेखांकन आगमो की मर्मज्ञ विदुषी डॉ. सरिता जी महाराज को दिखाये गये है और उनके सुझाव अनुसार उचित सशोधन भी किया गया है।

हम सभी सहयोगी बंधुओ के प्रति कृतज्ञ है। भविष्य में उनके सहयोग की आशा/आकाक्षा के साथ।

महेन्द्रकुमार जैन
अध्यक्ष
पद्म प्रकाशन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

PUBLISHER'S NOTE

"Imparting knowledge to others is the greatest charity." Translating these words into action Shri Amar Muni Ji made a long-term plan for publishing the precepts of the *Jina*, compiled in the form of *Jain Sutras* (Jain Canon), with Hindi and English translations and suitable multicoloured illustrations.

In this project the following *Agams* have already been published—

• Acharanga Sutra (Part 1 and 2) • Jnata Dharma Kathanga Sutra (Part 1 and 2) • Antakrid-dasha Sutra • Kalp Sutra • Uttaradhyayana Sutra • Dashavaikalika Sutra • Nandi Sutra • Upasakdasha and Anuttaropapatikdasha Sutra • Anuyogadvar Sutra (Part 1) • Rajaprashniya Sutra

We are extremely fortunate that, with the inspiration and blessings of highly revered late Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padma Chandra Ji Maharaj, Up-pravartak Shri Amar Muni Ji is inspiring and encouraging us in this noble mission of lighting the everlasting lamp of knowledge This lamp of knowledge neither flickers in any storm nor gets extinguished by the catastrophic vagaries of time Actually, by lighting this eternal lamp, Shri Amar Muni Ji is doing an epoch-making work.

In this plan of illustrated publications, the work on this *Anuyogadvar Sutra* has been completed in two parts and is now being placed before the readers.

To understand the concepts contained in the original terminology of Jain philosophy and then translate them into English is really a difficult task and needs careful contemplation and pondering. Specially for an *Agam* like *Anuyogadvar Sutra* real hard work had to be put in. However, we are contented that the translator has put in all the efforts and sources at his command to translate the philosophical terminology and present it in a simple and comprehensible style.

The contributions of Srichand Surana (Hindi translation, elaborations and editing) and Shri Surendra Bothra (English

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

translation) have been available right from the beginning of this project. Shri Raj Kumar Jain (I.A.S. Retd., Delhi), who is well versed with Jain *Sutras*, has also joined the mission of *Agam* publication.

Dr. Trilok Sharma has made the illustrations for this *Sutra*. Through the medium of illustrations, even the complex concepts have been made simple and easily understandable for all. The pencil drawings of these illustrations have been shown to Dr. Sarita Ji Maharaj, a profound scholar of these *Sutras*. Necessary improvements have been made as per her suggestions.

We are thankful to all those who have extended their co-operation to this project. We wish and hope to get their continued co-operation in future as well.

Mahendra Kumar Jain
PRESIDENT
Padma Prakashan

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना : स्वकीयम्

राज-व्यवस्था या शासन-तन्त्र मे जो महत्त्व 'शस्त्र' का है, आत्म-शासन या अध्यात्म क्षेत्र में वही महत्त्व 'शास्त्र' का है। शस्त्र के बिना राज-व्यवस्था नहीं चल सकती, शास्त्र के बिना आत्म-ज्ञान या संयम-साधना नहीं हो सकती। शरीर मे जो महत्त्व ऑख का है, आत्म-कल्याण के लिए वही महत्त्व शास्त्र का है। इसलिए शास्त्र को आत्मा की ऑख कहा गया है-**"सुयं तइयं चक्खु।"**

शास्त्र का अर्थ है जो आत्मा पर, मन पर तथा इन्द्रियों पर शासन करता है या शासन करना सिखाता है अर्थात् इन पर संयम करके अपना अधिकार या स्वामित्व स्थापित करने का उपाय बताता है वह है शास्त्र। जैसे कहा है-**"शासनाच्छास्त्रमिदम्।"**-आचार्य मलयगिरि का यह कथन वास्तव मे शास्त्र को आत्मा पर शासन करने वाला 'शासक' सिद्ध करता है।

वीतराग सर्वज्ञ भगवान की वाणी या उपदेश को 'शास्त्र' कहा जाता है। उन शास्त्रो का स्वाध्याय, अध्ययन, पठन-श्रवण आत्मा को कल्याण के मार्ग पर प्रेरित करता है, आगे बढाता है। जैन परम्परा मे 'शास्त्र' के लिए 'आगम' शब्द अधिक प्रचलित है। वर्तमान समय मे जो आगम उपलब्ध हैं, उनकी गणना ४५ या ३२ आगमो के रूप मे की जाती है। श्वेताम्बर मूर्तिपूजक आम्नाय में ४५ तथा स्थानकवासी व तेरापंथी आम्नाय मे ३२ आगम की मान्यता प्रचलित है। बत्तीस आगम इस प्रकार हैं- ११ अंगसूत्र, १२ उपांगसूत्र, ४ मूलसूत्र, ४ छेदसूत्र और आवश्यक सूत्र। प्रस्तुत अनुयोगद्वार मूल सूत्रों की गणना में आता है। चार मूल सूत्रों मे उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, नन्दी और अनुयोगद्वार का नाम है।

जिनेश्वर भगवान ने मोक्ष के चार मार्ग बताये है-

"नाणं च दंसण चेव, चरित्तं च तवो तहा।
एस मग्गु त्ति पन्नत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं॥" -उत्तराध्ययन ३०

ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप मोक्ष के चार मार्ग है। प्राचीन मान्यता के अनुसार नन्दीसूत्र में ज्ञान, अनुयोगद्वार मे दर्शन, दशवैकालिक मे चारित्र तथा उत्तराध्ययन मे तप का वर्णन मुख्य रूप मे है। यो तो अनुयोगद्वार मे **दर्शन** के साथ **श्रुतज्ञान** तथा आवश्यक के रूप में **पॉच चारित्र** का वर्णन भी उपलब्ध है, किन्तु यह सब उपक्रम दर्शन की, सम्यक् दर्शन के रूप मे शुद्धि के लिए होने से **'दर्शन'** को ही इसका मुख्य प्रतिपाद्य माना है।

अनुयोग का अर्थ

'अनुयोगद्वारसूत्र' को समझने के लिए सर्वप्रथम 'अनुयोग' शब्द का अर्थ समझ लेना जरूरी है। 'अनुयोग' का अर्थ है, शब्द के साथ उसके अनुकूल या उपयुक्त अर्थ का सम्बन्ध जोडना। अर्थ के भाषक अरिहंत भगवान होते है, अरिहतो या तीर्थंकरो द्वारा कथित अर्थ या शब्द रूप शास्त्र को उनके अभिप्रेत अर्थ के साथ जोडकर देखना चाहिए। एक शब्द के अनेक अर्थ होते है, इसलिए वहॉ पर किस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रयोजन से, किस नय दृष्टि से, किस निक्षेप दृष्टि से यह शब्द कहा गया है, इसका उचित विचार करके उसका वही अर्थ करना–इसी का नाम अनुयोग है जैसा कि आचार्यो ने कहा है–

"अणु ओयण मणुओगो, सुयस्स नियएण जमभिहेएण॥" –आचार्य जिनभद्रगणि

अर्थात् श्रुत के नियत अभिधेय को समझने के लिए उसके साथ उपयुक्त अर्थ का योग करना–अनुयोग है।

अनुयोगद्वारसूत्र मे 'अनुयोग' शब्द पर अधिक चिन्तन नही किया गया है। परन्तु शास्त्रो के प्रसिद्ध भाष्यकार आचार्य जिनभद्रगणि तथा वृत्तिकार मलधारी हेमचन्द्र आदि आचार्यो ने 'अनुयोग' शब्द पर बडे विस्तार के साथ चिन्तन किया है और यह स्पष्ट किया है कि किस कारण इस शास्त्र को 'अनुयोगद्वार' कहा है। अनुयोगद्वार का एक सरल–सा अर्थ है–शासनरूपी महानगर मे अपने इच्छित तत्त्वज्ञान को खोजने और पाने के लिए प्रवेश का जो द्वार है, उसका नाम यहाँ 'अनुयोगद्वार' समझ लेना चाहिए। शास्त्र को एक महानगर मान ले तो उस महानगर मे प्रवेश करने का मार्ग अनुयोगद्वार है। शास्त्र के गम्भीर भाव या अर्थ को समझने के लिए जिस अनेकान्तवादी, नय–निक्षेप प्रधान दृष्टि की जरूरत है उस दृष्टि का उद्घाटन अनुयोगद्वारसूत्र करता है।

अनुयोग का अर्थ समझाने के लिए आचार्य भद्रबाहु स्वामी ने सर्वप्रथम आवश्यक निर्युक्ति (गा. १२८–१२९) मे गाय और बछडे का दृष्टान्त दिया है, इसी दृष्टान्त को विस्तृत रूप मे आवश्यक निर्युक्ति के भाष्यकार जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण ने (गा ४०९–४१०) उदाहरण देकर समझाया है, जिसका वर्णन और चित्र हमने सूत्र २ पर दिया है। सक्षेप मे जिस गाय का दूध दुहना हो, उसी के बछडे को उसके पास लाकर उसका स्तनपान कराकर दूध दुहना यह एक प्रकार से 'योग्य सयोग' है। इस दृष्टान्त से अनुयोग का अर्थ सरलता से समझ मे आ जाता है।

अनुयोग के चार द्वार

यह जानना चाहिए कि आचार्य आर्य रक्षित ने जैन आगमो के विषयो का चार अनुयोगो मे वर्गीकरण किया है। जैसे–धर्मकथानुयोग (दृष्टान्त उदाहरण), चरणानुयोग (आचार विषय), गणितानुयोग (ज्योतिष और समुद्र–पर्वत आदि का वर्णन) तथा द्रव्यानुयोग (जीव–पुद्गल आदि का वर्णन)। इनमे प्रस्तुत अनुयोगद्वार की गणना प्रमुख रूप मे किसी भी अनुयोग मे नही की जा सकती, किन्तु इसमें प्रसगानुसार चारो ही अनुयोग समाविष्ट हो जाते है। वास्तव में इसका विषय शास्त्र का अर्थ करने की शैली अर्थात् आगम की व्याख्या पद्धति समझाना है। इसलिए इसके विषयो को 'चार द्वार' के रूप मे विभक्त किया है, जैसे–(१) उपक्रम, (२) निक्षेप, (३) अनुगम, और (४) नय।

इन चारो द्वारो मे सबसे पहले उपक्रम द्वार है। यह सबसे अधिक विस्तृत है। सूत्र का लगभग ७५% अंश उपक्रम के वर्णन में ही पूरा हुआ है।

किसी के अभिप्राय को समझना और समझकर उसके अनुकूल प्रयत्न करना उपक्रम है। नाम, स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव–इन छह द्वारो से उपक्रम की अनेक प्रकार से व्याख्याएँ की गई हैं और अन्त में प्रशस्त भावोपक्रम को उपादेय बताया है। इसके अनुसार शिष्य गुरु से ज्ञान प्राप्त करने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के लिए पहले गुरु को विनय आदि से प्रसन्न करे, उनके भाव–इंगित संकेत आदि को समझकर शास्त्र पढने मे प्रवृत्त हो।

उपक्रम के भी आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता, अर्थाधिकार, समवतार आदि छह भेद बताकर विभिन्न प्रकारों से उपक्रम को समझाया है। दूसरे निक्षेप द्वार मे नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव–चार निक्षेप के आधार पर तत्त्व को समझने की विधि बताई है। तीसरा द्वार है अनुगम और चौथा द्वार है नय। अनुगम के मुख्य दो भेद बताकर उसके उपभेदो का वर्णन है। इसके बाद नयद्वार मे सात नयो की व्याख्या है।

इस प्रकार अनुयोगद्वारसूत्र में चार द्वारो द्वारा शास्त्र का अर्थ समझने, उसकी व्याख्या करने की तर्क व युक्ति संगत शैली का वर्णन है।

प्रासंगिक सामग्री : प्राचीन ग्रन्थों का उल्लेख

अनुयोगद्वार मे चार द्वारो के वर्णन में अनेक प्रकार की रोचक, सास्कृतिक और ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध होती है। इसके अध्ययन से प्राचीन भारत की धार्मिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक तथा सास्कृतिक सामग्री विविध रूप मे मिलती है। धार्मिक और दार्शनिक सामग्री मे षड्द्रव्य का विचार, जीव के गुण, शरीर, शरीर की आकृतियॉ, सस्थान, जीवो की आयु आदि विविध प्रकार के विषयो की सयोजना है।

इस सूत्र में जैनेतर साहित्य के १९ प्रसिद्ध ग्रन्थो के नाम भी है। (सूत्र ४९) जैसे–रामायण, महाभारत, कौटिल्य, वैशेषिक दर्शन, बुद्ध वचन, लोकायत, पुराण, व्याकरण आदि। महाभारत और रामायण के पठन व वाचन के समय की प्राचीन परम्परा का भी उल्लेख है, किन्तु आश्चर्य है, रामायण एव महाभारत का उल्लेख करने के बाद भागवत का उल्लेख कही नही है। इससे यह ध्वनित होता है कि अनुयोगद्वारसूत्र की रचना के पश्चात् भागवत की रचना हुई है।

संगीत एवं स्वर–मंडल

सात स्वरों का सुन्दर और ललित वर्णन इस सूत्र (सूत्र २६०) की एक अपनी विशेषता है। सामवेद मे संगीत का वर्णन है। उसी प्रकार इस सूत्र मे भी सगीत के स्वर, उत्पत्ति स्थान आदि का विस्तृत और उपयोगी वर्णन है। वर्णन की शैली अपनी स्वतत्र है।

व्याकरण

अष्ट नाम मे व्याकरण की आठ विभक्तियो का तथा सात समासो का वर्णन व्याकरण शास्त्र के अभ्यासियो के लिए उपयोगी है। (सूत्र २२८–२३१)

नवरस

इस सूत्र (२६१–२६२) मे काव्य शास्त्र के नवरसो का वर्णन अपनी मौलिक स्थापना लिए है। काव्य नाटक ग्रन्थों में नवरस हैं–(१) शृगार, (२) हास्य, (३) करुण, (४) रौद्र, (५) वीर, (६) भयानक, (७) वीभत्स, (८) अद्भुत, और (९) शान्त रस। जबकि इस सूत्र में सबसे पहले वीर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रस का क्रम रखा है तथा व्रीडनक रस (लज्जा रस) के रूप मे एक नया ही रस बताया है। अन्य किसी काव्यशास्त्रीय वर्णन मे 'व्रीडनक रस' का कथन नही है। चूर्णिकार तथा टीकाकार हरिभद्र ने इस विषय मे कोई स्पष्टीकरण नही किया है, परन्तु आचार्य मलधारी हेमचन्द्र का स्पष्टीकरण है कि भयोत्पादक सामग्री देखने से भयानक रस की उत्पत्ति होती है। यहाँ पर 'भयानक' रस को 'रौद्र रस' मे ही विवक्षित कर दिया है और 'व्रीडनक रस' को अलग प्रस्तुत किया है।

सामुद्रिक शास्त्र

प्रमाण, मान, उन्मान आदि के भेदो मे सामुद्रिक लक्षणो वाले उत्तम, मध्यम, अधम पुरुष के लक्षण बताये है। (सूत्र ३३४) जैसे जिसके शरीर की ऊँचाई १०८ अगुल प्रमाण मात्र हो, उस पर शख, वृषभ आदि के लक्षण–चिन्ह हो। मष, तिल आदि व्यजन हों, जिसमे क्षमा आदि गुण हों, वह उत्तम पुरुष है। १०४ अगुल की ऊँचाई वाला मध्यम पुरुष और ९६ अगुल की ऊँचाई वाला अधम पुरुष। उस समय के सामुद्रिक शास्त्र की धारणा का पता इस वर्णन से चलता है।

इसी प्रकार सूत्र ६५३–६५४ मे आकाश दर्शन, नक्षत्र आदि के आधार पर सुवृष्टि, कुवृष्टि, सुकाल, दुर्भिक्ष आदि का अनुमान होना बताया है।

मान्यताएँ तथा व्यवसाय

सूत्र २१ मे उस युग मे प्रचलित वेश–भूषा तथा क्रियाकलाप के आधार पर विविध प्रकार की धार्मिक मान्यताओ का उल्लेख है, जैसे–चरक, चीरक, चर्मखंडिक गौतम, गौव्रतिक आदि।

व्यवसाय या कर्म के अनुसार जिन जातियो का नामकरण होता था, उनका उल्लेख यह सूचित करता है कि प्राचीन भारत मे 'जाति' जन्मना नही, कर्मणा मानी जाती थी। व्यावसायिक जातियो के नाम–**दौसिक**–कपडा बनाने वाले, **सौत्रिक**–सूत बुनने वाले, **तांत्रिक**–तत्री वादक, **मुंजकार**–मूँज की रस्सी बनाने वाले, **वर्धकार**–चमडे की विविध वस्तुएँ बनाने वाले, **पुस्तकार**--कागज बनाने वाले या पुस्तकें लिखने वाले, **दंतकार**–हाथी दाँत आदि का काम करने वाले आदि। (सूत्र ३०४)

विविध कला निपुण कलाकारो के नामों से पता चलता है, आज की तरह प्राचीन समय मे भी शरीर के अवयवो को मोडने, घुमाने व विविध प्रकार से जनता का मनोरजन करने वाले अनेक कलाकार (जिम्नास्टिक) उस समय होते थे। जैसे–**नर्तक**–नृत्य करने वाला, **जल्ल**–रस्सी पर नाचने वाला, **मल्ल**–कुश्ती लडने वाला, **प्लवक**–गड्ढे व नदी–तालाब मे गहरी छलाँग लगाने वाला, **लंख**–मोटे बाँस पर चढकर विविध करतब दिखाने वाला आदि। (सूत्र ३०४)

धान्य, रस, धातु आदि नापने के तोल, माप, बाँट, गज आदि उस युग मे अनेक प्रकार के साधन विकसित हो चुके थे। सूत्र ३२० से ३४४ तक से मान, उन्मान, क्षेत्र, प्रमाण आदि का वर्णन उस युग की प्रचलित और विकसित व्यापार विधियो का अच्छा दिग्दर्शन कराती है।

इस प्रकार अनुयोगद्वारसूत्र मे जहाँ दार्शनिक व सैद्धान्तिक चर्चा है वहाँ सास्कृतिक विषयो की भी विपुल सामग्री है जो उस समय की लोक कला, व्यापार कला व साहित्य रचना के विकास की सूचना देती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकलनकर्त्ता का नाम और समय

जैन आगमो मे अनुयोगद्वारसूत्र और नन्दीसूत्र सबसे अर्वाचीन शास्त्र है।

अनुयोगद्वारसूत्र किसकी रचना है यह प्रश्न आज तक पूर्ण रूप मे समाधान नही पा सका है। कुछ विद्वानों का अनुमान है कि आर्य वज्रस्वामी तक तो शास्त्रो का अध्ययन अपृथक्त्वानुयोग पद्धति से ही होता था। किन्तु उनके पट्टधर आर्य रक्षित सूरि जो भगवान महावीर के बीसवें पट्टधर थे। (वि. नि. ५७० से ५९७) ने आगम अभ्यासियों की मति-दुर्बलता, धारणा शक्ति की दुर्बलता को समझकर आगमो का चार अनुयोगो में वर्गीकरण किया। इसलिए उन्हे अनुयोग पृथक्कर्त्ता माना जाता है। परन्तु अनुयोगद्वारसूत्र के रचनाकार भी वे थे या नही, इस विषय में कोई पुष्ट प्रमाण नहीं है किन्तु साथ ही इसका बाधक प्रमाण भी कुछ नही है। इस कारण विद्वानों व इतिहास गवेषको ने अनुयोग पृथक् आर्य रक्षित को ही अनुयोगद्वारसूत्र का रचनाकार या संकलनकर्त्ता स्वीकार किया है। आर्य रक्षित का समय वीर निर्वाण की छठी शताब्दी है। इस रचना का समय वीर निर्वाण संवत् ५७०-५८४ के मध्य अनुमान किया गया है। अर्थात् विक्रम सवत् ११४ से १२७ के मध्य ईसा की प्रथम शती का अन्तिम चरण ही इसका रचना समय माना जाता है। इस विषय मे आगमों के अनुसधानकर्त्ता मुनि पुण्यविजय जी, मुनि जम्बूविजय जी तथा आचार्य महाप्रज्ञ जी तीनो एकमत हैं।

व्याख्या ग्रन्थ

अनुयोगद्वारसूत्र पर तीन प्राचीन व्याख्या ग्रन्थ उपलब्ध हैं। इस पर कोई निर्युक्ति नही है।

चूर्णि–चूर्णि की भाषा प्राकृत है। इसके कर्त्ता जिनदासगणि महत्तर विक्रम की सातवी सदी मे हुए।

हरिभद्रीया वृत्ति–हरिभद्र सूरि आगमो के प्रसिद्ध और गम्भीर टीकाकार है। उन्होंने आवश्यक और दशवैकालिकसूत्र पर विस्तृत टीकाएँ लिखी हैं। नन्दी और अनुयोगद्वार पर उनकी सक्षिप्त टीका है। इनका समय विक्रम की आठवी शताब्दी माना जाता है।

मलधारीया वृत्ति–हरिभद्र सूरि के बाद आचार्य मलधारी हेमचन्द्र ने इस पर बहुत विस्तृत वृत्ति (व्याख्या) लिखी है। इनका समय विक्रम की बारहवीं शताब्दी माना गया है।

द्वितीय भाग

अनुयोगद्वारसूत्र विषय की दृष्टि से बहुत विस्तृत है और गूढ भी है। इसके सूत्रो की व्याख्या अथवा विवेचन किये बिना अर्थ समझ पाना कठिन होता है। इसलिए इसका विस्तार भी हो गया है। इसी कारण इस शास्त्र को दो भागो मे प्रकाशित किया गया है। प्रथम भाग गत वर्ष प्रकाशित हो चुका है। उसमें नवरस तक का वर्णन है। अब दस नाम प्रकरण से आगे का वर्णन इस भाग मे है। इसमे भी अनेक प्रकार के गहन व रोचक विषय सम्मिलित हैं। प्रमाण, नय, निक्षेप का वर्णन इस दूसरे भाग मे है।

जैसा मैंने बताया–यह शास्त्र किसी एक ही विषय पर आधारित नही है, यह तो शास्त्र की व्याख्या करने की शैली समझाने वाला शास्त्र है। इसमे विभिन्न विषयो का समावेश है। रस, अलकार, व्याकरण, नक्षत्र ज्योतिष, न्याय शास्त्र, नय, निक्षेप, प्रमाण, काल, भाव आदि अनेक विषय इसमे समाये हुए है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और प्रत्येक विषय का बहुत ही सुन्दर तथा सागोपाग वर्णन इस शास्त्र मे है। वर्णन शैली भी इसकी अनूठी है। इसके कुछ विषय अन्य सूत्रो मे भी आ गये है, जैसे अवगाहना व स्थिति प्रकरण प्रज्ञापनासूत्र मे है। काल व पल्योपम आदि का वर्णन जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति तथा भगवतीसूत्र मे है। किन्तु यहाँ पर प्रसंग आने से वह विषय अनुक्रम मे प्रस्तुत है।

प्रमाण प्रकरण, काल प्रकरण का विषय तो काफी विस्तृत है तथा रोचक और ज्ञानवर्द्धक भी है। मैने ध्यान रखा है जहाँ पर आवश्यक था वहाँ विवेचन मे उस विषय का विस्तार भी किया है।

हमारे सम्पादन का आधार

अनेक टीकाओ के अवलोकन पश्चात् हमने अनुवाद व विवेचन की भाषा-शैली सरल, सुबोध तथा मध्यम विवेचन वाली रखी है, क्योकि अधिक लम्बा विवेचन करने से तो इसका विस्तार और अधिक हो जाता।

अस्तु, अन्य आगमो से अनुयोगद्वारसूत्र की शैली तथा प्रतिपाद्य कुछ भिन्न है। इसमें पारिभाषिक शब्दो की बहुलता होने से अर्थ-बोध इतना सरल नही है। इसलिए हमने अनुवाद तथा विवेचन में ही विशेष पारिभाषिक शब्दो को भिन्न टाइप मे देकर वही पर अर्थ व व्याख्या करने का ध्यान रखा है जिससे कि पाठक को बार-बार पृष्ठ पलटने नही पडे। अग्रेजी अनुवाद में भी पारिभाषिक शब्दों के अर्थ वहीं पर कोष्ठक मे दिये गये हैं।

इसके अनुवाद विवेचन मे हमने निम्नलिखित पुस्तकों को अपना आधार माना है-

जैनागम रत्नाकर श्रमण सघ के प्रथम आचार्यसम्राट् आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज ने सर्वप्रथम प्राचीन टीका आदि के आधार पर हिन्दी मे अनुयोगद्वार की हिन्दी टीका लिखी थी, जो बहुत ही सरल और सुबोध शैली मे है। दो भागो मे उसका प्रकाशन हुआ। प्रथम भाग का प्रकाशन सन् १९३१ मे श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेस, मुम्बई से तथा उत्तरार्ध का प्रकाशन पटियाला से हुआ। परन्तु वर्तमान मे उसकी उपलब्धता बहुत ही दुर्लभ हो रही है।

आचार्यसम्राट् श्री आत्माराम जी महाराज के विद्वान् शिष्यरत्न आगमो के गम्भीर अध्येता श्री ज्ञान मुनि जी महाराज ने आचार्यश्री की सम्पादित टीका को अति विस्तृत रूप देकर पुनः सम्पादित किया है, जो एक प्रकार से सर्वथा नया व्याख्या ग्रन्थ ही बन गया है। यह आत्मज्ञान पीयूषवर्षिणी टीका नाम से प्रकाशित है। इसका सम्पादन मुनि श्री नेमीचन्द्र जी महाराज ने किया है। दो भागो मे यह ग्रन्थ आज उपलब्ध है और व्याख्याकार के गम्भीर व्यापक ज्ञान का साक्षीभूत है। हमने विवेचन मे इस ग्रन्थ को आधारभूत माना है।

आगम समिति, ब्यावर से प्रकाशित युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी के निर्देशन मे श्री केवल मुनि जी द्वारा अनूदित तथा पं. शोभाचन्द जी भारिल्ल द्वारा सशोधित अनुयोगद्वारसूत्र भी हमारे लिए मूल पाठ व विवेचन मे उपयोगी बना है।

अणुओगदाराइं नाम से आचार्य महाप्रज्ञ जी द्वारा सम्पादित जैन विश्वभारती, लाडनूँ द्वारा प्रकाशित ग्रन्थ भी हमारे विवेचन मे काफी उपयोगी तथा सहायक बना है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ताइकेन हानाकी अनुयोगदाराइं नामक अग्रेजी अनुवाद का उपयोग विशेष कर अग्रेजी शब्दावली स्थिर करने के समय किया गया है।

इन सबके अतिरिक्त अभी सद्य प्रकाशित **'अनुयोगद्वारसूत्रम्' चूर्णि–विवृत्ति–वृत्ति विभूषितम्** (भाग १, २) आगमो के गम्भीर अन्वेषक–अध्येता तत्त्वमर्मज्ञ मुनिराज जम्बू विजय जी महाराज द्वारा अत्यन्त श्रमपूर्वक सशोधित–सपादित ग्रन्थ हमे इस सम्पादन में मूल पाठ संशोधन व चूर्णि–टीका आदि के मूल सन्दर्भ देखने मे बहुत ही सहायक बना है। अनेक दुरूह स्थलों को समझने के लिए सह–सम्पादक श्रीचन्द सुराना 'सरस' ने मुनिश्री से व्यक्तिगत सम्पर्क कर इस विषय में समाधान प्राप्त करने का भी प्रयास किया है। मुनिश्री स्वय ज्ञानाभ्यासी व उदार हृदय है। उन्होने अत्यन्त प्रेम व वात्सल्यपूर्वक सूत्र के गम्भीर अर्था का स्पष्टीकरण कर संतुष्ट किया है। हम आपके विशेष आभारी है। साथ ही उक्त सभी विद्वानो, मुनिवरो के प्रति कृतज्ञ है कि इस विवेचन मे हम उनके अत्यधिक श्रमपूर्ण सम्पादन से लाभान्वित हुए हैं।

अपना पार्थिव शरीर त्याग देने के पश्चात् भी परम पूज्य गुरुदेव उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द जी महाराज का वरदहस्त मेरी प्रत्येक गतिविधि को निर्देशित करता है। उनके प्रति आभार प्रकट करना मेरा विनम्र कर्त्तव्य है।

इस सूत्र के सम्पादन मे श्रीचन्द सुराना 'सरस' ने प्रशंसनीय योगदान दिया है तथा कठिन परिश्रम किया है। अग्रेजी अनुवाद मे श्री सुरेन्द्र बोथरा ने इस ग्रन्थमाला के अनेक आगमों के अनुवाद से परिपक्व अनुभव तथा ज्ञान का इसके अंग्रेजी अनुवाद मे सराहनीय उपयोग किया है। पारिभाषिक शब्दो के लिए अग्रेजी में उपयुक्त शब्दो तथा पदो के चयन मे पूरी सावधानी रखी गयी है। फिर भी, यह अभी तक एक विकासशील क्षेत्र है। अतः भाषा तथा विवेचन की किसी भी भूल के लिए पाठकों का धैर्य अपेक्षित है। सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन जो आगमों के अध्येता तथा अग्रेजी के विद्वान् हैं, ने भी अन्तिम प्रूफ पढकर सपादकीय तथा अनुवादकीय सुझाव के रूप मे महत्त्वपूर्ण सेवा–सहयोग प्रदान किया है। लगभग दो वर्ष के कठोर व सतत परिश्रम पश्चात् यह अनुवाद और अंग्रेजी भाषान्तर तैयार हुआ है। फिर भी कहीं शास्त्र विरुद्ध, परम्परा विरुद्ध कुछ लिखा गया है, तो उसके लिए मै आत्म–साक्षी से पुनः **'मिच्छामि दुक्कडं'** लेता हूँ तथा विद्वानो से निवेदन करता हूँ कि वे उचित संशोधन आदि सुझाने की कृपा करे।

अनुयोगद्वार के चित्र बनाना भी अन्य आगमो की अपेक्षा कुछ जटिल काम था। विषय को अच्छी प्रकार उदाहरणो द्वारा समझाने मे कुछ उदाहरण टीका, भाष्य के तथा अन्य सूत्रो की टीका व अर्थ ग्रन्थ से भी लेने पडे है तथा कुछ लौकिक प्रचलित उदाहरणो का भी प्रयोग किया गया है ताकि सूत्र का भाव पाठक/दर्शक अच्छी प्रकार समझ सके, फिर भी यदि उन उदाहरणो मे कहीं दोष रहा हो तो विशेषज्ञ सूचित करें।

सभी सहभागी बन्धुओ के प्रति पुनः हार्दिक अनुमोदना।

–उपप्रर्त्तक अमर मुनि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

FROM THE EDITOR'S PEN

Scriptures (*shaastra*) have the same importance in the spiritual field that weapons (*shastra*) have in the field of state administration. Administration of a state cannot be run without the help of weapons and spiritual practices and self-discipline cannot be pursued without the help of *shaastras*. The role of *shaastras* in attaining beatitude of the self (soul) is as important as that of eyes in the human body. That is the reason *shaastras* are said to be the eyes of the soul ***(Suyam taiyam chakkhu).***

That which rules over or teaches how to rule over the soul, the mind and the senses is said to be *shaastra* In other words, that which shows the way to discipline and establish command over these is called *shaastra*. Acharya Malayagiri's statement—***'Shasanacchastramidam'*** affirms that *shaastra* is the ruler who rules over the soul.

The words or teachings of the detached omniscient are called *shaastra*. Contemplation, study, reading and listening to the recital of these *shaastras* inspire the soul to take to the path of beatitude and helps its progress. In Jain terminology the term *'Agam'* instead of *'shaastra'* is in popular use. At present the number of available *Agams* is said to be 45 and 32. According to the belief in Shvetambar image-worshipping tradition this number is 45 and according to that in Sthanakavasi tradition it is 32. The list of thirty two *Agams* is divided into sub-groups as follows—11 *Anga Sutras*, 12 *Upanga Sutras*, 4 *Mool Sutras*, 4 *Chhed Sutras* and the *Avashyak Sutra*. This work, *Anuyogadvar Sutra*, belongs to the sub-group of *Mool Sutras* The four *Mool Sutras* being *Uttaradhyayan, Dashavaikalik, Nandi* and *Anuyogadvar*.

Bhagavan Mahavir has shown four paths of salvation—knowledge (*jnana*), perception or faith (*darshan*), conduct (*chaaritra*) and austerities (*tap*). According to the ancient tradition *Nandi Sutra* describes knowledge (*jnana*), *Anuyogadvar* describes perception or faith (*darshan*), *Dashavaikalik* describes conduct (*chaaritra*) and *Uttaradhyayan* describes austerities (*tap*). *Anuyogadvar* includes discussions about *Shrut jnana* (scriptural knowledge) and five kinds of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

conduct in the form of *avashyak* (essential duties) alongwith *darshan* (perception) However, as all these are presented as instruments for refining *darshan* (perception) into *samyak darshan* (right perception), *darshan* is considered to be its central theme.

MEANING OF ANUYOGA

To understand *Anuyogadvar Sutra*, the first essential step is to understand the meaning of the term *anuyoga*. To associate (*yoga*) the intended and appropriate meaning (*anu*) with a word is called *anuyoga* The concepts (*arth*) are given by *Arihant Bhagavan* The concepts given by *Arihants* or *Tirthankars* or the scriptures in lingual form should be studied and understood only after associating them with pertinent and appropriate meaning Each word has many meanings. Therefore, to contemplate that for what purpose, from which viewpoint and with reference to which attribution a specific word has been used and then to arrive at the appropriate meaning is called *anuyoga* (disquisition) As the *acharyas* have said—"To associate (*yoga*) the intended and prescribed meaning (*anu*) with the concept of an aphorism is *anuyoga* (In other words to elaborate an aphorism in consonance with the concept of the writer is *anuyoga*)" **—Acharya Jinabhadragani**

In the text of *Anuyogadvar Sutra* nothing much has been said about the word *anuyoga* However, famous commentators of scriptures, including Acharya Jinabhadragani (the author of the *Bhashyas*) and Acharya Maladhari Hemchandra (the author of the *Vrittis*), have presented detailed discussion on the word '*anuyoga*' in their commentaries They have explained why this work has been titled *Anuyogadvar* A simple illustrative meaning of *Anuyogadvar* is—the gate (*dvar*) to enter, search and arrive at the desired part of the knowledge of fundamentals in the great city called Jain order (canon). If we consider *shaastra* (scripture) to be a great city, *Anuyogadvar* is the name of its entrance The non-absolutist (*anekant-vadi*) approach, with emphasis on multiple perspectives (*naya*) and attribution (*nikshep*), necessary to understand the profound concepts and ideas contained in scriptures is elucidated in *Anuyogadvar Sutra*

The analogy of a cow and her calf in order to explain the meaning of *Anuyogadvar* was given for the first time by Acharya Bhadrabahu in *Avashyak Niryukti* (verse 128-129). The same analogy with a little elaboration in the form of an example has been used by Jinabhadragani

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Kshamashraman, the commentator (*Bhashya*) of *Avashyak Niryukti* (verses 409-410). We have included it with a suitable illustration in elaboration of aphorism 2. In brief, when a cow is to be milked, the calf of that very cow should be brought for pre-milking suckle. In a way, this is a fitting association. This example facilitates grasping easily the meaning of *anuyoga* (disquisition)

FOUR DVARS OF ANUYOGA (FOUR DOORS OF DISQUISITION)

It should be mentioned here that Acharya Arya Rakshit has divided the subjects contained in Jain *Agams* in four *Anuyogas*—*Dharmakathanuyoga* (narrative literature or religious tales), *Charananuyoga* (conduct and praxis), *Ganitanuyoga* (mathematics, astrology, geography and cosmology) and *Dravyanuyoga* (entities including the living and the non-living; metaphysics). This *Anuyogadvar Sutra* does not exclusively belong to any one of these four types It envelopes all the four types of *Anuyogas* in some context or the other In fact, it is aimed at explaining the methodology of interpreting the scriptures or the process of elaborating the *Agam* texts Therefore, the topics it deals have been divided into four segments presented as *dvars* (doors)—(1) *Upakram* (introduction), (2) *Nikshep* (attribution), (3) *Anugam* (interpretation), and (4) *Naya* (viewpoint or aspect).

The first and the most elaborate of these four doors of disquisition is *Upakram* It takes up almost three-fourths of the total volume of the book.

To understand the viewpoint of a person and to make efforts to act accordingly is *Upakram Upakram* has been described in detail from six different angles namely *Naam* (name), *Sthapana* (notional installation), *Dravya* (physical aspect), *Kshetra* (area), *Kaal* (time) and *Bhaava* (essence). In conclusion, *prashast bhaavopakram* (righteous means of knowing thoughts of others) is termed as the one to be accepted. According to this, in order to gain knowledge from a guru (teacher) a disciple should first please the guru by his qualities including humble behaviour. After that he should understand the feelings and gestures of the guru and should accordingly indulge in studies of scriptures.

Upakram has been further divided into six sub-categories and explained from various perspectives. These sub-categories are—*Anupurvi* (sequence or sequential configuration), *Naam* (name), *Praman* (validity), *Vaktavyata* (explication), *Arthadhikar* (giving

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

synopsis) and *Samavatar* (assimilation). In the second door of disquisition, *nikshep* (attribution), the method of understanding fundamentals from four angles—*Naam* (name), *Sthapana* (notional installation), *Dravya* (physical aspect) and *Bhaava* (essence or mental aspect) has been explained. The third door of disquisition is *Anugam* (interpretation) and the fourth is *Naya* (viewpoint or aspect). After mentioning two principle categories of *Anugam* their sub-categories have been described. Then in the door of *Naya* seven *nayas* (viewpoints) have been mentioned at length

Thus, *Anuyogadvar Sutra* describes the method of understanding the scriptures and logical and methodical style of elaborating them with the help of four doors of disquisition (*Anuyogadvar*).

RELEVANT REFERENCES : MENTION OF ANCIENT WORKS

In the description of four *dvars* (approaches) of *Anuyoga,* one finds ample material of cultural and historical importance. Its study provides a variety of information about the religious, historical, geographical and cultural conditions in ancient India. The religious and philosophical material includes description of six *dravya* (entities), attributes of *Jiva* (the living), the body, its shapes, its structure (*sansthan*), life-span of beings and many other such topics.

This work has mentions of 19 famous books of non-Jain literature (aphorism 49). For instance, *Ramayana, Mahabharat, Kautilya, Vaisheshik* philosophy, the precepts of the Buddha, Lokayat, *Puranas*, grammar etc. The then prevailing tradition about the time of reading and reciting *Ramayana* and *Mahabharat* has also been mentioned But it is strange that though *Ramayana* and *Mahabharat* have been mentioned, there is no mention of *Shrimadbhagavata* with them or otherwise. This indicates that *Shrimadbhagavata* was written after *Anuyogadvar Sutra.*

MUSIC AND MUSICAL NOTES

The description of seven *Svars* (musical notes) in an interesting and lucid style is a special feature of this work (aphorism 260). *Samaved* describes music. Similarly musical notes, their places of origin and other related topics have been mentioned in detail in this work. It employs its own original style of description.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

VYAKARAN (GRAMMAR)

The description of eight *Vibhaktis* (declension) and seven *Samasas* (compounding of words) under the title *Ashtnaam* is useful for students of grammar. (aphorisms 225-231)

NAVA RASA (NINE SENTIMENTS)

The description of *nava rasa* (nine sentiments) of poetics (aphorisms 261-262) includes some new concepts and their order. Nine sentiments in poetics and drama are—(1) *Shringar-rasa* (amatory or erotic sentiment), (2) *Hasya-rasa* (sentiment of humour or comic sentiment), (3) *Karun-rasa* (pathos or tragic sentiment), (4) *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury), (5) *Vira-rasa* (heroic sentiment), (6) *Bhayanak-rasa* (sentiment of fear or horror), (7) *Vibhatsa-rasa* (sentiment of disgust), (8) *Adbhut-rasa* (sentiment of wonder), and (9) *Shant-rasa* (sentiment of tranquillity). But in this *Sutra*, first in the order is heroism (*Vira-rasa*). A new sentiment is included as *Vridanak-rasa* (sentiment of shame or bashfulness). This sentiment does not find any mention in any other treatise on poetics. The commentator (*Churni* and *Tika*) Haribhadra has given no clarification in this context. But Acharya Maladhari Hemchandra has explained that horrifying things evoke the sentiment of fear or horror In this work *Bhayanak-rasa* is included in *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury) and *Vridanak-rasa* is described as a different sentiment.

SAMUDRIK SHAASTRA

With the classification of standard and non-standard structure and dimensions of the human body, signs of good, mediocre or average and bad persons based on body marks have also been mentioned (aphorism 334). For instance, a person whose height is 108 times the finger-width, who has body-marks of conch shell, bullock etc. has moles and spots on his body and who has virtues like sense of forgiveness, is called an excellent person. A person whose height is 104 times the finger-width is average and a person whose height is 96 times the finger-width is a bad type These details help one know about the information contained in the works of that period on interpreting body marks

Similarly *Sutras* 653 and 654 include information about how on the basis of the observation of the sky and the position of stars and planets prediction was made about likely rainfall and its intensity, good or poor crops and other such forecasts.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

BELIEFS AND TRADES

Aphorism 21 gives names of various beliefs on the basis of ways of dressing and other habitual activities prevalent during that period Some of these are *Charak, Cheerak, Charmakhandik, Gautam, Gauvratik* etc

The mention of caste names derived from business or profession indicates that in medieval India caste was based on trade or profession and was not by birth. Some caste names based on trade and profession are—*Dausik* or weavers, *Sautrik* or yarn-makers, *Tantrik* or musicians playing stringed instruments, *Munjakar* or rope makers, *Vardhkar* or cobblers, *Pustkar* or paper manufacturers and writers, *Dantkar* or those working with ivory and other bones. (aphorism 304)

From the names of performing artists it is revealed that, like in present times, there were expert gymnasts and acrobats during that period also. They presented entertaining performances for the masses by their acrobatics and practiced movements of different parts of their body. Some of these were *Nartak* or a dancer, *Jalla* or one who dances on a string, *Malla* or a wrestler, *Plavak* or a diver, *Lankh* or one who shows his acrobatic skills on a thick pole (aphorism 304)

Many weights and measures were in use during that period to weigh or measure food-grains, liquids, minerals (aphorisms 320 to 344) The description of weights and measures brings out a vivid picture of the fairly developed state of the then prevalent trading practices.

Thus, *Anuyogadvar Sutra* contains not only philosophical and religious informations, but also abundant information on society and culture. This provides information about the highly development state of art, literature, trade and commerce during that period

THE NAME AND THE PERIOD OF THE COMPILER

In Jain *Agam, Anuyogadvar Sutra* and *Nandi Sutra* are the most recent.

The question as to who is the author of *Anuyogadvar Sutra* has not yet been satisfactorily answered. Some scholars are of the view that till the time of Arya Vajra Swami, the *Agams* were studied without any classification into different *Anuyogas.* But his chief disciple Arya Rakshit Suri, the twentieth head of the order since *Bhagavan* Mahavir (570 to 597 A.N.M), classified the *Agams* into four *Anuyogas.* He

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

realized that the understanding and the power of retention of students of *Agams* has considerably decreased and this inspired him to make this classification. Therefore, he is considered to be the person who classified the *Agams* for the first time But there is no evidence to establish that he was also the author of *Anuyogadvar Sutra.* There is also no evidence even to contradict this. Therefore, historians and research scholars have accepted Arya Rakshit, the *Anuyoga* classifier, as the author of *Anuyogadvar Sutra.* The period of Arya Rakshit is sixth century after the nirvana of Mahavir (A.N.M.). The period of writing of this text is believed to be 570-584 A.N.M. or 114 to 127 Vikram Samvat or 57 to 70 A.D. Renowned scholars and researchers of *Agams,* Muni Punyavijai Ji, Muni Jambuvijai Ji and Acharya Mahaprajna Ji have unanimity on this conclusion.

COMMENTARIES OF ANUYOGADVAR SUTRA

Three ancient commentaries on *Anuyogadvar Sutra* are available. There is no *Niryukti* on it.

Churni—The language of *Churni* is Prakrit Its author is Jinadasgani Mahattar who lived in the seventh century of the Vikram era

Commentary (Vritti) by Haribhadra—Haribhadra Suri is a famous and serious commentator of *Agams.* He authored detailed commentaries on *Avashyak Sutra* and *Dashavaikalik Sutra.* His commentaries on *Nandi Sutra* and *Anuyogadvar Sutra* are brief. His period is believed to be eighth century of the Vikram calendar.

Commentary (Vritti) by Maladhari—After Haribhadra Suri, Acharya Maladhari Hemchandra has written a much detailed commentary on *Anuyogadvar Sutra.* His period is twelfth century of the Vikram calendar.

THIS SECOND PART

The subject of *Anuyogadvar Sutra* is very complex It is very difficult to understand it without elaboration. Even with brief elaboration it is being published in two parts. In the first part, published last year, the portion up to *Sutra* 262, namely *nava rasa*, in the chapter of Nava Naam has been covered. The later portion starting from Das Naam is included in the second part This also contains discussions on many interesting subjects like, *Pramana* (validation), *Naya* (viewpoints), *Nikshep* (attribution) etc

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

As explained, this scripture is not based on just one subject This is, in fact, a work that explains the system and procedure of elaborating scriptures. This contains a variety of topics including poetic sentiments, rhetoric, grammar, astrology, logics, perspectives, validation, time, physical and mental states etc. Each one of these topics have been discussed in details covering its categories and sub-categories. It also has a unique style of presentation. Some of the topics discussed here are also available in other sources. For example the discussion on *Avagahana* (occupation) and *Sthiti* (duration) is also available in *Prajnapana Sutra;* description of *Kaal* (time) and *Palyopam* (metaphoric time) is also available in *Jambudveep Prajnapti* and *Bhagavati Sutra.* But here all this information is compiled in a well defined order.

The discussions on *Pramana* (validation) and *Kaal* (time) are very wide in scope and are highly informative as well as interesting. I have taken care to provide greater details in the elaboration wherever needed.

BASIS OF THIS EDITION

After studying many commentaries on it, a simple and easily intelligible prose style has been adopted for its translation and elaborations. Further, the elaboration is of a medium order because a detailed elaboration would have made it voluminous.

The theme and style of *Anuyogadvar Sutra* is slightly different from those of other *Agams.* It is not easy to understand this work because it has abundance of technical terms. Therefore care has been taken to provide meanings and definitions of technical terms alongwith the translation and elaboration using different font. As all such terms do not have equivalent terms in English, the original term has been given in roman script with explanatory translation in parenthesis. This may appear cumbersome at first glance but should be more convenient than repeatedly consulting a glossary at the end of the book.

The following books have been consulted for translation and elaboration—

The first head of Shraman Sangh, Jain Agam Ratnakar, Acharya Samrat Shri Atmaram Ji Maharaj was the first author of a Hindi commentary on *Anuyogadvar Sutra* based on ancient commentaries. Its style is simple and can be easily understood. It was published in two parts. The first part was published by Shvetambar Sthanakavasi Jain

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Conference, Mumbai in 1931 A.D. and the second part was published from Patiala. But at present, its availability is extremely difficult.

Shri Jnana Muni Ji, the learned disciple of Acharya Samrat Shri Atmaram Ji who is a great scholar of *Agamic* literature, re-edited the commentary of Acharya Shri by elaborating it further. It has thus become almost a new treatise on *Anuyogadvar Sutra.* It was published with the caption—*Atma Jnana Piyush Varshini Tika.* It was edited by Muni Shri Nemichand Ji. It is available in two parts and is an evidence of the profound knowledge of the commentator. This work has been taken as the primary reference book for the present edition.

Anuyogadvar Sutra translated by Shri Kewal Muni under the direction of Yuvacharya Shri Madhukar Muni and revised by Shri Shobha Chand Bharilla, published by Agam Samiti, Beavar, has also been a useful reference work for the text as well as commentary.

The commentary by Acharya Mahaprajna published under the title ***Anuogadaraim*** from Jain Vishvabharati, Ladnu has provided valuable references for the commentary

The English translation titled ***'Anuogadaraim'*** translated by Taiken Hanaki was also consulted, specially while finalizing English terminology.

In addition to all these, recently published *'Anuyogadvar Sutram, Churni-Vivritti-Vritti Vibhushitam* (Part 1 and 2), corrected and edited by the profound and renowned researcher of *Agams* and scholar of *Agamic* knowledge, saint Jambuvijai Ji Maharaj, has been extremely useful in correcting and properly interpreting the original text and studying the original references from commentaries, *Churni* etc. In order to properly understand the complex portions the associate editor, Srichand Surana 'Saras', personally contacted Muni Ji and sought clarifications. Muni Ji is very devoted to studies of *Agams* and is a broad-minded scholar. He explained the difficult portions of the text with affection and care. We are highly indebted to him We also express our gratitude to all aforesaid scholars and saints whose laborious and scholarly commentaries and works have been of great help in the editing of this book.

Even after leaving his earthly body, the blessings of my revered Gurudev, Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra Ji Maharaj, have always inspired and directed my activities. To express gratitude to him is my humble duty

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

In the editing of this *Sutra*, Srichand Surana 'Saras' has put in admirable efforts and strenuous work For the English translation Shri Surendra Bothara has made a commendable contribution with all the knowledge and experience he has gained through translating many of the *Agams* published in this series. A great care has been taken to find appropriate words and terminology for the technical terms in English language. However, as it is still an evolving field forbearance of readers is solicited for any mistake and misinterpretation. Shri Raj Kumar Jain, a devoted *shravak* well versed with *Agams* and having a command over English language, has provided valuable services in the form of editorial and translation advise by going through the final proofs of the book It took hard and continuous efforts lasting over a period of two years to complete this translation and commentary in Hindi and English. Still in case, at any place something has been mentioned against the purport of the scripture or not in line with the tradition, I sincerely feel and convey—**'Micchami dukkadam'** (May my misdeeds be undone) I also request the scholarly readers to oblige us with their advice and suggestions.

To prepare illustrations concerning *Anuyoga* was also difficult as compared to illustrating other *Agams*. In order to properly elucidate the subject with examples, some of them have been selected from commentaries (*Tika* and *Bhashya*) and translations of this as well as other *shaastras* and others from commonly used popular analogies. This should help the reader and the listener properly understand the underlying idea of the *Sutra*. Still in case any example is found unsuitable or improper the experts in the field may kindly send their suggestions to us

I once again express my heartfelt gratitude for all those who have contributed towards the publication of this work

—Up-pravartak Amar Muni

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

CONTENTS

दसनाम–प्रकरण

The Discussion on Das Naam

दसनाम	१	Das Naam	1
(१) गौणनाम	२	(1) Gauna Naam	2
(२) नोगौणनाम	२	(2) Nogauna Naam	3
(३) आदानपदेननाम	४	(3) Adanapadena Naam	5
(४) प्रतिपक्षपदेननाम	७	(4) Pratipakshapadena Naam	8
(५) प्रधानपदेननाम	९	(5) Pradhanapadena Naam	10
(६) अनादिसिद्धान्तेननाम	१०	(6) Anadisiddhantena Naam	11
(७) नाम्नानाम	११	(7) Namna Naam	11
(८) अवयवेननाम	१२	(8) Avayavena Naam	13
(९) सयोगेननाम	१४	(9) Samyogena Naam	15
(१) द्रव्यसयोगजनाम	१५	(1) Dravya Samyoga Naam	15
(२) क्षेत्रसयोगजनाम	१७	(2) Kshetra Samyoga Naam	18
(३) कालसयोगजनाम	१९	(3) Kaal Samyoga Naam	19
(४) भावसयोगजनाम	२०	(4) Bhaava Samyoga Naam	20
(१०) प्रमाणेननाम	२२	(10) Pramanena Naam	22
(१) नक्षत्रनाम	२४	(1) Nakshatra Naam	25
(२) देवतानाम	२६	(2) Devata Naam	28
(३) कुलनाम	२९	(3) Kula Naam	29
(४) पाषण्डनाम	३०	(4) Pakhand Naam	30
(५) गणनाम	३१	(5) Gana Naam	31
(६) जीवितहेतुनाम	३२	(6) Jivit-hetu Naam	32
(७) आभिप्रायिकनाम	३३	(7) Abhiprayik Naam	33
(१) सामासिकभावप्रमाणनाम	३५	(1) Samasik Bhaava Pramana Naam	35
(क) द्वन्द्व समास	३६	(A) Dvandva Samasa	36
(ख) बहुव्रीहि समास	३७	(B) Bahubrihi Samasa	37
(ग) कर्मधारय समास	३७	(C) Karmadharaya Samasa	38
(घ) द्विगु समास	३८	(D) Dvigu Samasa	39
(च) तत्पुरुष समास	३९	(E) Tatpurush Samasa	40
(छ) अव्ययीभाव समास	४०	(F) Avyayibhaava Samasa	41
(ज) एकशेष समास	४१	(G) Eka Shesh Samasa	41

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) तद्धितजभावप्रमाणनाम	४२	(2) Taddhitaj Bhaava Pramana Naam	42
(क) कर्मनाम	४३	(A) Karma Naam	43
(उ.) अप्रशस्त भावसंयोग से होने वाले नाम इस प्रकार हैं–(क्रोध, मान, माया, लोभ आदि अप्रशस्तभाव हैं)–क्रोध के संयोग से क्रोधी, मान के संयोग से मानी, माया के संयोग से मायी और लोभ के संयोग से लोभी कहा जाता है। यह भावसंयोगजनाम का स्वरूप है। यह संयोगनिष्पन्ननाम की वक्तव्यता है।

281. (Q.) What is this *Aprashasta bhaava samyogaj naam* (name derived due to association with ignoble or inauspicious attitude) ?

(Ans.) The (examples of) *Aprashasta bhaava samyogaj naam* (name derived due to association with ignoble or inauspicious attitude) are as follows—A person having an attitude of *krodh* (anger) is called *Krodhi* (angry), a person having an attitude of *maan* (conceit) is called *Maani* (conceited), a person having an attitude of *maaya* (deceit) is called *Maayi* (deceitful) and a person having an attitude of *lobha* (greed) is called *Lobhi* (greedy). As the inspiring attitudes mentioned here are ignoble, the names are said to be derived from ignoble or inauspicious attitudes.

This concludes the description of *Aprashasta bhaava samyogaj naam* or name derived due to association with ignoble or inauspicious attitude. This concludes the description of *Bhaava samyogaj naam* (name derived due to association with an

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

attitude). This also concludes the description of *Samyogena naam* (name derived due to association).

(१०) प्रमाणेननाम

२८२. से किं तं पमाणेणं ?

पमाणेणं चउव्विहे पण्णत्ते। तं जहा–१. णामप्पमाणे, २. ठवणप्पमाणे, ३. दव्वप्पमाणे, ४. भावप्पमाणे।

२८२. (प्र.) प्रमाण से निष्पन्ननाम क्या हैं ?

(उ.) प्रमाणनिष्पन्ननाम चार प्रकार के हैं–(१) नामप्रमाण से निष्पन्न, (२) स्थापनाप्रमाण से निष्पन्न, (३) द्रव्यप्रमाण से निष्पन्न, और (४) भावप्रमाण से निष्पन्न।

विवेचन–जिसके द्वारा वस्तु का निश्चय किया जाता है तथा जो सम्यग् निर्णय का कारण हो उसे प्रमाण कहते है। प्रमाणनाम के नाम, स्थापना आदि चार भेद हो जाते है। उनका क्रमानुसार आगे वर्णन किया जा रहा है।

(10) PRÁMANENA NAAM

282. (Q.) What is this *Pramanena naam* (authenticated or validated name) ?

(Ans.) *Pramanena naam* (authenticated or validated name or a name that has an evidence of validity from some specific source) is of four kinds—(1) *Naam pramana* (*pramana* as name), (2) *Sthapana pramana* (notional installation as validity), (3) *Dravya pramana* (physical aspect of validity), and (4) *Bhaava pramana* (*pramana* as essence or perfect validity).

Elaboration—That which validates a thing and is the basis of correct conclusion is called *pramana* (evidence of validity). Based on the process of disquisition there are four types of *pramana,* including *naam* and *sthapana.* The description of these follows.

२८३. से किं तं नामप्पमाणे ?

नामप्पमाणे जस्स णं जीवस्स वा अजीवस्स वा जीवाण वा अजीवाण वा तदुभयस्स वा तदुभयाण वा पमाणे त्ति णामं कज्जति। से तं नामप्पमाणे।

२८३. (प्र.) नामप्रमाण से होने वाला नाम क्या है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उ.) नामप्रमाण से होने वाले नाम का स्वरूप इस प्रकार है-किसी जीव का, अजीव का अथवा बहुत से जीवों या बहुत से अजीवों का अथवा तदुभय (जीवाजीव दोनों) का, अथवा तदुभयों (बहुत से जीवाजीवों) दोनों का 'प्रमाण' ऐसा जो नाम रख लिया जाता है, वह नामप्रमाण है।

283. (Q.) What is this name according to *Naam pramana* (*pramana* as name) ?

(Ans.) To assign *pramana* as a name to a living being, a non-living thing, many living beings, many non-living things, an aggregate of living and non-living, and many aggregates of living and non-living is called name according to *Naam pramana* (*pramana* as name).

२८४. से किं तं ठवणप्पमाणे ?

ठवणप्पमाणे सत्तविहे पण्णत्ते। तं जहा-

णक्खत्त-देवय-कुले पासंड-गणे य जीवियाहेउं।
आभिप्पाइय णामे ठवणानामं तु सत्तविहं॥१॥

२८४. (प्र.) स्थापनाप्रमाण से होने वाले नाम क्या हैं ?

(उ.) स्थापनाप्रमाण से होने वाले नाम सात प्रकार के हैं, जैसे-(१) नक्षत्रनाम, (२) देवतानाम, (३) कुलनाम, (४) पाषंडनाम, (५) गणनाम, (६) जीवितहेतुनाम, और (७) आभिप्रायिकनाम।

विवेचन-किसी वस्तु की पहचान के लिए उसमें गुण हो या नहीं हो परन्तु व्यवहार के लिए उसका अमुक नाम स्थापित कर देना स्थापना है। अर्थात् अर्थशून्य पदार्थ मे उस अर्थ का आरोपण करना स्थापना है। इसके सात भेद है, जिनके उदाहरण अगले सूत्र मे बताये गये हैं।

284. (Q.) What is this name according to *Sthapana pramana* (notional installation as validity) ?

(Ans.) *Sthapana pramana* (notional installation as validity) is of seven types—(1) *Nakshatra naam* (name associated with an asterisms), (2) *Devata naam* (name associated with a deity), (3) *Kula naam* (name associated with family or genealogy), (4) *Pakhand naam* (name associated with a cult or sect), (5) *Gana naam* (name

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

associated with a group), (6) *Jivit-hetu naam* (name associated with survival), and (7) *Abhiprayik naam* (name associated with choice).

Elaboration—The notional installation of a name in a thing realistically or unrealistically just for the sake of identity is called name associated with *sthapana pramana* (notional installation as validity). They are of seven types detailed as follows.

(1) नक्षत्रनाम

२८५. से किं तं नक्खत्तणामे ?

नक्खत्तणामे कत्तियाहिं जाए कत्तिए कत्तियादिण्णे कत्तियाधम्मे कत्तियासम्मे कत्तियादेवे कत्तियादासे कत्तियासेणे कत्तियारक्खिए।

रोहिणीहिं जाए रोहिणिए रोहिणिदिन्ने रोहिणिधम्मे रोहिणिसम्मे रोहिणिदेवे रोहिणिदासे रोहिणिसेणे रोहिणिरक्खिए। एवं सव्वणक्खत्तेसु णामा भाणियव्वा। एत्थ संगहणि गाहाओ–

१. कत्तिय, २. रोहिणि, ३. मिगसिर, ४. अद्दा य, ५. पुणव्वसू य, ६. पुस्से य।
७. तत्तो य अस्सिलेसा, ८. मघाओ, ९–१०. दो फग्गुणीओ य॥१॥
११. हत्थो, १२. चित्ता, १३. साती, १४. विसाहा, १५. तह य होइ अणुराहा।
१६. जेट्ठा, १७. मूलो, १८. पुव्वासाढा, १९. तह उत्तरा चेव॥२॥
२०. अभिई, २१. सवण, २२. धणिट्ठा, २३. सतिभिसय, २४–२५. दो य होंति भद्दवया।
२६. रेवति, २७. अस्सिणि, २८. भरणी, एसा नक्खत्तपरिवाडी॥३॥


से तं नक्खत्तनामे।

२८५. (प्र.) नक्षत्रनाम–नक्षत्र के आधार से स्थापित नाम क्या है ?

(उ.) नक्षत्रनाम का स्वरूप इस प्रकार कहा है, जैसे–कृतिका नक्षत्र में उत्पन्न होने वाला कृत्तिक (कार्त्तिक), कृत्तिकादत्त, कृत्तिकाधर्म, कृत्तिकाशर्म, कृत्तिकादेव, कृत्तिकादास, कृतिकासेन, कृत्तिकारक्षित कहलाता है।

रोहिणी नक्षत्र में उत्पन्न होने वाला रोहिणेय, रोहिणीदत्त, रोहिणीधर्म, रोहिणीशर्म, रोहिणीदेव, रोहिणीदास, रोहिणीसेन, रोहिणीरक्षित कहा जाता है। इसी प्रकार अन्य सभी नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाले नामों के विषय में जान लेना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय ३

Illustration No. 3

नक्षत्रों की आकृति एवं उनके तारे

सूत्र २८५ मे २८ नक्षत्रों के नाम बताये है। चित्र में प्रत्येक नक्षत्र का नाम, आकृति तथा उनके ताराओ की सख्या दर्शायी गई है। यह चित्र 'जैन दृष्टिए मध्य लोक' पुस्तक के पृष्ठ २१० के अनुसार बनाया गया है। नक्षत्रो के नाम सूत्र २८५ के अनुसार समझें। —सूत्र २८५, पृष्ठ २५

STARS AND SHAPES ASSOCIATED WITH ASTERISMS

Aphorism 285 mentions names of 28 asterisms. This illustration gives name, shape and the number of stars for each asterism. This illustration is based on the illustration given on page 210 of the Gujarati publication—*'Jain Drishtiye Madhya Lok'*. The illustration follows the sequence of names in aphorism 285. —*Aphorism 285, p. 25*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नक्षत्र नामों की संग्रहणी गाथायें इस प्रकार हैं-(२८ नक्षत्रों के नाम)

(१) कृत्तिका, (२) रोहिणी, (३) मृगशिरा, (४) आर्द्रा, (५) पुनर्वसु, (६) पुष्य, (७) अश्लेषा, (८) मघा, (९-१०) पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी रूप दो फाल्गुनी, (११) हस्त, (१२) चित्रा, (१३) स्वाति, (१४) विशाखा, (१५) अनुराधा, (१६) ज्येष्ठा, (१७) मूल, (१८) पूर्वाषाढा, (१९) उत्तराषाढा, (२०) अभिजित, (२१) श्रवण, (२२) धनिष्ठा, (२३) शतभिषग्, (२४-२५) पूर्वभाद्रपदा, उत्तरभाद्रपदा नामक दो भाद्रपदा, (२६) रेवती, (२७) अश्विनी, और (२८) भरिणी। यह नक्षत्रों के नामों की परिपाटी (क्रम) है। यह नक्षत्रनाम का स्वरूप है। *(नक्षत्रो की आकृति के लिए संलग्न चित्र देखें।)*

विवेचन-ज्योतिष शास्त्र के अनुसार राशि मण्डल को मेष राशि के प्रथम बिन्दु से २७ बराबर भागों मे विभाजित किया गया है। इन्हे नक्षत्र कहते है। भारतीय ज्योतिष में किसी के जन्म समय पर चन्द्रमा जिस नक्षत्र मे होता है उसका बहुत महत्त्व होता है। इसे जन्म-नक्षत्र कहते है।

वर्तमान ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नक्षत्रो की गणना अश्विनी, भरिणी, कृतिका के क्रम से प्रारम्भ होकर रेवती पर समाप्त होती है। वहाँ २७ नक्षत्रो के नाम हैं, अभिजित् को स्वतत्र नक्षत्र नही माना है, किन्तु आगम मे अभिजित् की स्वतंत्र गणना करके २८ नक्षत्रों के नाम गिनाये है तथा कृतिका से गणना प्रारम्भ करके अश्विनी को २७वाँ तथा भरणी को २८वाँ क्रम दिया है।

(1) NAKSHATRA NAAM

285. (Q.) What is this *Nakshatra naam* (name associated with asterisms) ?

(Ans.) The (examples of) *Nakshatra naam* (name associated with asterisms; to be precise—name based on notional installation of name of an asterism as validity) are as follows—Those born in *Kritika Nakshatra* (name of the first asterism) are called *Krittik (Karttik), Krittikadatt, Krittikadharm, Krittikasharm, Krittikadeva, Krittikadas, Krittikasen, Krittikarakshit* etc.

Those born in *Rohini Nakshatra* (name of the second asterism) are called *Rohineya, Rohinidatt, Rohinidharm, Rohinisharm, Rohinideva, Rohinidas, Rohinisen, Rohinirakshit* etc. The same is true for those born in the remaining asterisms.

The names of *nakshatras* (28 asterisms) (given in the epitomic verses) are as follows—

(1) *Krittika* (Eta Tauri or Pleiades), (2) *Rohini* (Aldebaran), (3) *Mrigashira* (Lambda Orionis), (4) *Ardra* (Alpha Orionis),

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(5) *Punarvasu* (Beta Geminorum), (6) *Pushya* (Delta Cancri), (7) *Ashlesha* (Alpha Hydrae), (8) *Magha* (Regulus), (9) *Purvaphalguni* (Delta Leonis), (10) *Uttaraphalguni* (Beta Leonis), (11) *Hast* (Delta Corvi), (12) *Chitra* (Spica Virginis), (13) *Svati* (Arcturus), (14) *Vishakha* (Alpha Librae), (15) *Anuradha* (Delta Scorpii), (16) *Jyeshtha* (Antares), (17) *Mool* (Lambda Scorpii), (18) *Purvashadha* (Delta Sagittarii), (19) *Uttarashadha* (Sigma Sagittarii), (20) *Abhijit* (Lyrae), (21) *Shravan* (Alpha Aquilae), (22) *Dhanistha* (Delta Delphini), (23) *Shatabhishag* (Lambda Aquarii), (24) *Purvabhadrapada* (Alpha Pegasi), (25) *Uttarabhadrapada* (Gama Pegasi), (26) *Revati* (Zeta Piscium), (27) *Ashvini* (Beta Arietis), and (28) *Bharani* (35 Arietis). This is the serial order of the *nakshatras* (asterisms).

This concludes the description of *Nakshatra naam* or name associated with a asterisms. *(See illustration)*

Elaboration—The twelve signs of the Zodiac starting from the first point of Aries are divided into twenty seven equal parts called *nakshatras* or asterisms. In the Indian system the asterism in which the moon is situated at the time of birth has great significance and it is called *Janma Nakshatra* (birth asterism).

In the modern Indian astrology this list starts with *Ashvini, Bharini, Krittika,* and following the same order ends with *Revati.* This list has only 27 *nakshatras* (asterisms) because *Abhijit* is not accepted as an independent *nakshatra* (asterism). But in *Agam, Abhijit* is considered an independent *nakshatra* (asterism) making the number 28. As already mentioned, the *Agam* list starts with *Kritika*, thus making *Ashvini* and *Bharani* to be 27th and 28th.

(२) देवतानाम

२८६. से किं तं देवयाणामे ?

देवयाणामे अग्गिदेवयाहिं जाते अग्गिए अग्गिदिण्णे अग्गिधम्मे अग्गिसम्मे अग्गिदेवे अग्गिदासे अग्गिसेणे अग्गिरक्खिए। एवं पि सव्वनक्खत्तदेवयानामा भाणियव्वा। एत्थं पि य संगहणि गाहाओ, तं जहा–

१. अग्गि, २. पयावइ, ३. सोमे, ४. रुद्दे, ५. अदिती, ६. बहस्सई, ७. सप्पे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. पिति, ९. भग, १०. अज्जम, ११. सविया, १२. तट्ठा, १३. वायू य, १४. इंदग्गी॥१॥

१५. मित्तो, १६. इंदो, १७. निरती, १८. आऊ, १९. विस्सो य, २०. बंभ, २१. विण्हू य।

२२. वसु, २३. वरुण, २४. अय, २५. विवद्धी, २६. पूसे, २७. आसे, २८. जमे, चेव॥२॥

से तं देवयणामे।

२८६. (प्र.) देवतानाम क्या है?

(उ.) देवतानाम का स्वरूप इस प्रकार है, जैसे–अग्निदेवता (कृतिका नक्षत्र) में उत्पन्न हुए बालक का नाम आग्निक, अग्निदत्त, अग्निधर्म, अग्निशर्म, अग्निदेव, अग्निदास, अग्निसेन, अग्निरक्षित आदि रखा जाता है। इसी प्रकार से अन्य सभी नक्षत्र के देवताओं के नाम पर स्थापित नामों के विषय में जानना चाहिए।

देवताओं के नाम की भी संग्रहणी गाथायें इस प्रकार हैं, जैसे–

(१) अग्नि, (२) प्रजापति, (३) सोम, (४) रुद्र, (५) अदिति, (६) बृहस्पति, (७) सर्प, (८) पिता, (९) भग, (१०) अर्यमा, (११) सविता, (१२) त्वष्टा, (१३) वायु, (१४) इन्द्राग्नि, (१५) मित्र, (१६) इन्द्र, (१७) निर्ऋति, (१८) अम्भ (अप्), (१९) विश्व, (२०) ब्रह्मा, (२१) विष्णु, (२२) वसु, (२३) वरुण, (२४) अज, (२५) विवर्द्धि, (२६) पूषा, (२७) अश्व, और (२८) यम। यह अट्ठाईस देवताओं के नाम जानना चाहिए। यह देवतानाम का स्वरूप है।

विवेचन–ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कृतिका आदि २८ नक्षत्र एक-एक देवता द्वारा अधिष्ठित है। जैसे–कृतिका नक्षत्र का अग्निदेवता। रोहिणी नक्षत्र का प्रजापति। इसी प्रकार प्रत्येक नक्षत्र का एक-एक देवता समझना चाहिए। अमुक नक्षत्र में जन्मे शिशु का नाम अमुक अधिष्ठायक देव के नाम से स्थापित करना 'देवतानाम' है।

इन सूत्रो में नक्षत्रो एवं उनके देवताओ के जो नाम आये हैं यह शुद्ध ज्योतिष शास्त्र का विषय है। ज्योतिष सम्बन्धी धारणाओं में प्राचीनकाल मे भी अनेक मतभेद थे। लगता है जैन सूत्रो मे उन प्रचलित धारणाओ का ही उल्लेख किया गया है। स्थानांगसूत्र (स्थान २, उ. ३) तथा प्रस्तुत अनुयोगद्वारसूत्रों मे नक्षत्रों व उनके देवताओं का उल्लेख संक्षेप में है। इन दोनों सूत्रो में नक्षत्रों की गणना का क्रम समान ही है। जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति तथा सूर्यप्रज्ञप्ति मे यह चर्चा काफी विस्तारपूर्वक है। वहाँ नक्षत्रो के नाम व गणना क्रम में भी अन्तर है। जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति में यह भी कहा है, २८ नक्षत्रो की यह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धारणा जम्बूद्वीप मे प्रचलित नही है, जम्बूद्वीप मे अभिजित् नक्षत्र को छोडकर बाकी २७ नक्षत्रो का व्यवहार होता है। २७ नक्षत्रो की मान्यता वर्तमान ज्योतिष ग्रन्थो में भी उपलब्ध है।

सूर्यप्रज्ञप्ति मे यह भी बताया है कि उस समय नक्षत्रो सम्बन्धी पॉच प्रकार की भिन्न-भिन्न प्रतिपत्तियॉ (मान्यताएँ) प्रचलित थी। वहॉ उनका उल्लेख भी है। उक्त सूत्रो में नक्षत्रों के सस्थान (आकृति) व ताराओ की संख्या का भी उल्लेख मिलता है। जानकारी के लिए चित्र मे नक्षत्रो की आकृति व ताराओ की संख्या प्राचीन चित्रो के आधार पर बताई है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए गणितानुयोग नक्षत्र वर्णन, पृष्ठ ५९०-६०० देखना चाहिए।

(2) DEVATA NAAM

286. (Q.) What is this *Devata naam* (name associated with deities) ?

(Ans.) The (examples of) *Devata naam* (name associated with deities; to be precise—name based on notional installation of name of a deity as validity) are as follows—Those born under the influence of *Agnidevata* (the god of fire—the presiding deity of *Kritika,* the first asterism) are called *Agnik, Agnidatt, Agnidharm, Agnisharm, Agnideva, Agnidas, Agnisen, Agnirakshit* etc. The same is true for those born under the influence of the presiding deities of the remaining *nakshatras* (asterisms).

The names of *devas* (28 deities) (given in the epitomic verses) are as follows—(1) Agni, (2) Prajapati, (3) Soma, (4) Rudra, (5) Aditi, (6) Brihaspati, (7) Sarp, (8) Pita, (9) Bhag, (10) Aryama, (11) Savita, (12) Tvashta, (13) Vayu, (14) Indragni, (15) Mitra, (16) Indra, (17) Nirriti, (18) Ambh (Ap), (19) Vishva, (20) Brahma, (21) Vishnu, (22) Vasu, (23) Varun, (24) Aja, (25) Vivarddhi, (26) Pusha, (27) Ashva, and (28) Yama. This is the serial order of the *devas* (deities).

This concludes the description of *Devata naam* or name associated with deities.

Elaboration—According to astrology each *nakshatra* (asterism) is presided by a deity. For example, *Agnidevata*, the god of fire, is the presiding deity of *Kritika*, the first asterism. That of *Rohini* is Prajapati, and so on. Thus each of the deities mentioned in the list corresponds to the list of *nakshatras* (asterisms). To name a child born in a particular *nakshatra* (asterism) after the presiding deity of that *nakshatra* (asterism) is called *Devata naam* or name associated with deities.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The names of *nakshatras* (asterisms) and their presiding deities, mentioned in these aphorisms are exclusively the subject of astrology. It appears that even in the ancient times there were many contradictions with regard to astrological beliefs. The Jain scriptures have mentioned only the prevalent popular beliefs. In *Sthananga Sutra* (2/3) and this *Anuyogadvara Sutra* we only find brief mention of names of *nakshatras* (asterisms) and their presiding deities. The serial order of *nakshatras* (asterisms) is same in these two works. In *Jambudveep Prajnapti* and *Surya Prajnapti* this topic has been discussed in greater detail. The names and serial orders also differ. In *Jambudveep Prajnapti* there is also a mention that this concept of 28 *nakshatras* (asterisms) is not popular in *Jambudveep*. There the count comes to only 27 after discarding *Abhijit nakshatra* (asterism). Modern works on Indian astrology also follow this tradition of 27 *nakshatras* (asterisms).

Surya Prajnapti also informs that during that period five different traditions regarding *nakshatras* (asterisms) existed. Details of these five traditions are also mentioned. The configuration of the constellations and number of their stars are also given in this work. An illustration is included here to inform about the shapes of *nakshatras* (asterisms) and number of stars in the relevant constellation according to ancient illustrations. More details on this subject are available in *Ganitanuyoga* (p. 590-600).

(३) कुलनाम

२८७. से किं तं कुलनामे ?

कुलनामे उग्गे भोगे राइण्णे खत्तिए इक्खागे णाते कोरव्वे। से तं कुलनामे।

२८७. (प्र.) कुलनाम किसे कहते हैं ?

(उ.) जन्मकुल के आधार पर जो नाम रखा जाता है वह कुलनाम कहा जाता है। जैसे–उग्रकुल, भोगकुल, राजन्यकुल, क्षत्रियकुल, इक्ष्वाकुकुल, ज्ञातकुल, कौरवकुल। यह कुलनाम का स्वरूप है। *(इन सातों कुल सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए हिन्दी टीका, भाग २, पृ. ४३१ देखें।)*

(3) KULA NAAM

287. (Q.) What is this *Kula naam* (name associated with family or genealogy) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Ans.) *Kula naam* is the name associated with the name or genealogy of the family in which a person is born. The examples of *Kula naam* are—*Ugra kula, Bhoga kula, Rajanya kula, Kshatriya kula, Ikshvaku kula, Jnata Kula, Kaurava Kula* etc. For more details about these seven famous clans of that period refer to *Hindi Tika of Anuyogadvara Sutra,* Part 2, by Shri Jnana Muni, p. 431.

This concludes the description of *Kula naam* or name associated with family or genealogy.

(४) पाषण्डनाम

२८८. से किं तं पासंडनामे ?

पासंडनामे समणे पंडुरंगए भिक्खू कावलिए तावसए परिव्वायगे। से तं पासंडनामे।

२८८. (प्र.) पाषण्डनाम क्या है ?

(उ.) श्रमण, पाण्डुरांग, भिक्षु, कापालिक, तापस, परिव्राजक आदि। यह पाषण्डनाम का स्वरूप है।

विवेचन–मत, सम्प्रदाय, आचार-विचार की पद्धति अथवा व्रत को 'पाषण्ड' कहा जाता है। उनके व्रत या सम्प्रदायो के आधार से स्थापित नाम पाषण्डनाम है। पाषण्डनाम के उदाहरणों में निर्ग्रन्थ, शाक्य, तापस, गैरिक, आजीवक के भेद से श्रमण पाँच प्रकार के हैं–

(१) **निर्ग्रंथ श्रमण**–जिन-प्रवचनानुसार संयम पालन करने वाला।

(२) **शाक्य**–बुद्ध के अनुयायी भिक्षु।

(३) **गैरिक**–भगवाँ वस्त्र पहनने वाले त्रिदण्डी साधु।

(४) **तापस**–जटाधारी जगलों में रहकर तप करने वाले।

(५) **आजीवक**–गौशालक मतानुयायी।

भस्म से लिप्त शरीर वाले ऐसे शैव–शिव भक्तों को पाण्डुरांग कहा है। इसी प्रकार बुद्ध दर्शन के अनुयायी, भिक्षु, चिता की राख से अपने शरीर को लिप्त रखने वाले श्मशानवासी कापालिक। ये वाममार्गी शैव सम्प्रदाय के अनुयायी होते है। तपसाधना करने वाले तापस और गृहत्यागी संन्यासी, सदा भ्रमण करने वाले परिव्राजक कहलाते हैं।

(4) PAKHAND NAAM

288. (Q.) What is this *Pakhand naam* (name associated with cult or sect) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Ans.) The (examples of) *Pakhand naam* (name associated with cult or sect) are as follows—*Shraman, Pandurang, Bhikshu, Kapalik, Tapas, Parivrajak* etc.

This concludes the description of *Pakhand naam* or name associated with cult or sect.

Elaboration—The apparent rituals, concepts, vows and codes of conduct by which a particular sect or cult is identified is called *Pakhand*. A name associated with a cult or sect is called *Pakhand naam* (name associated with cult or sect). The examples of *Pakhand naam* (name associated with cult or sect) include five kinds of *Shraman*—

(1) ***Nirgranth Shraman***—Those who follow the code of conduct told by the *Jina*, Jain ascetics

(2) ***Shakya***—Buddhist mendicants.

(3) ***Gairik***—The saffron wearing and trident carrying mendicants.

(4) ***Tapas***—Hermits with long hair indulging in penance in jungle.

(5) ***Ajivak***—The followers of Gaushalak.

The Shaivite mendicants who rub ash on their body are called *Pandurang*. *Bhikshu* is another name for Buddhist mendicants. The followers of *Vamamarg*, another Shaivite sect, who dwell at cremation grounds and apply ash from funeral pyres on their bodies are called *Kapalik*. Hermits who indulge in rigorous penance are called *Tapas*. Those who renounce their household are called *Sanyasi* and those who are ever itinerant are called *Parivrajak*

(५) गणनाम

२८९. से किं तं गणनामे ?

गणनामे मल्ले मल्लदिन्ने मल्लधम्मे मल्लसम्मे मल्लदेवे मल्लदासे मल्लसेणे मल्लरक्खिए। से तं गणनामे।

२८९. (प्र.) गणनाम क्या है ?

(उ.) गण के आधार से स्थापित नाम को गणनाम कहते हैं, जैसे-मल्ल, मल्लदत्त, मल्लधर्म, मल्लशर्म, मल्लदेव, मल्लदास, मल्लसेन, मल्लरक्षित आदि। ये गणस्थापनानिष्पन्ननाम हैं।

(5) GANA NAAM

289. (Q.) What is this *Gana naam* (name associated with groups) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Ans.) The (examples of) *Gana naam* (name associated with organized groups of people) are as follows—*Malla, Malladatt, Malladharm, Mallasharm, Malladeva, Malladas, Mallasen, Mallarakshit* etc. (*Malla* being a name of a specific group of people).

This concludes the description of *Gana naam* or name associated with groups.

(६) जीवितहेतुनाम

२९०. से किं तं जीवियाहेउं ?

जीवियाहेउं अवकरए उक्कुरुडए उज्झियए कज्जवए सुप्पए। से तं जीवियाहेउं।

२९०. **(प्र.)** जीवितहेतुनाम क्या हैं ?

(उ.) जीवितहेतुनाम (जीवित रखने के लिए नाम) इस प्रकार हैं–अवकरक, उत्कुरुटक, उज्झितक, कज्जवक, सूर्पक आदि। ये सब जीवितहेतुनाम हैं।

विवेचन–जिस किसी स्त्री की संतान जन्म लेते ही मर जाती हो, उस सतान को दीर्घकाल तक जीवित रखने के निमित्त उस बालक को जैसे–अवकर (कूडे) के ढेर पर छोडा जाता है और जीवित बचने पर उसका नाम उसी आधार पर अवकरक रख दिया जाता है। कहीं-कही सूर्पक (छाज) में रखकर छोडने का रिवाज था, उस कारण उसका नाम सूर्पक रखा जाता था। लोकरूढिवश यही नाम रखने की प्रथा थी। जैसे–अवकरक (कचरे पर छोड़ा हुआ), उत्कुरुटक (उकरडा या कूड़े के बाडे में छोडा हुआ), उज्झितक (त्यागा हुआ), कचवरक (कूड़े–कचरे के ढेर पर रखा हुआ), सूर्पक (सूपडे पर रखा हुआ) आदि। ये सब जीवितहेतुनाम है। *(मलधारी हेमचन्द्र वृत्ति, पृष्ठ ३५१ मुनि जम्बूविजय जी)*

(6) JIVIT-HETU NAAM

290. (Q.) What is this *Jivit-hetu naam* (name associated with survival) ?

(Ans.) The (examples of) *Jivit-hetu naam* (name associated with survival) are as follows—*Avakarak, Utkurutak, Ujjhitak, Kachavarak, Surpak* etc.

This concludes the description of *Jivit-hetu naam* or name associated with survival.

Elaboration—A woman whose more than one child died immediately after birth used to perform some ritual, believed to be a good omen, to save her new born. When saved, the child was given a name associated with that ritual. The examples are—A child left on a trash bin (*avakar*)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

immediately on birth, if saved, was named *Avakarak*. A child left in a rubbish-yard (*Utkurut*) immediately on birth, if saved, was named *Utkurutak*. A child abandoned (*Ujjhit*) immediately on birth, if saved, was named *Ujjhitak*. A child left on a heap of trash (*Kachavar*) immediately on birth, if saved, was named *Kachavarak*. A child left on a winnowing basket (*Soorp*) immediately on birth, if saved, was named *Soorpak*. (*Vritti* by Maladhari Hemachandra, Ed. Jambuvijai, p. 351)

(७) आभिप्रायिकनाम

२९१. से किं तं आभिप्पाइयनामे ?

आभिप्पाइयनामे अंबए निंबए बकुलए पलासए सिणए पिलुयए करीरए। से तं आभिप्पाइयनामे। से तं ठवणप्पमाणे।

२९१. (प्र.) आभिप्रायिकनाम क्या है ?

(उ.) गुण या क्रिया की अपेक्षा रखे बिना अपनी इच्छा या अभिप्राय के अनुसार मनचाहा नाम रख लेना आभिप्रायिकनाम है, जैसे-अंबक, निंबक, बकुलक, पलाशक, स्नेहक, पीलुक, करीरक। ये आभिप्रायिकनाम कहे जाते हैं। यह स्थापनाप्रमाण का वर्णन है।

(7) ABHIPRAYIK NAAM

291. (Q.) What is this *Abhiprayik naam* (name associated with choice) ?

(Ans.) The (examples of) *Abhiprayik naam* (name associated with choice or name selected on random choice or liking and without any relation to qualities or activities) are as follows—*Ambak, Nimbak, Palashak, Snehak, Piluk, Karirak* etc.

This concludes the description of *Abhiprayik naam* or name associated with choice. This also concludes the description of *Sthapana pramana* (notional installation as validity).

२९२. से किं तं दव्वप्पमाणे ?

दव्वप्पमाणे छव्विहे पण्णत्ते। तं जहा-धम्मत्थिकाए जाव अद्धासमए। से तं दव्वप्पमाणे।

२९२. (प्र.) द्रव्यप्रमाण से होने वाले नाम क्या हैं ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उ.) द्रव्यप्रमाण से होने वाले नाम छह प्रकार के हैं, जैसे-धर्मास्तिकाय यावत् अद्धासमय।

यह द्रव्यप्रमाण से होने वाले नाम का स्वरूप है।

292. (Q.) What is this name according to *Dravya pramana* (physical aspect of validity) ?

(Ans.) The (examples of) name according to *Dravya pramana* (physical aspect of validity or the entities that draw validity from their eternal existence as a substance) are as follows—*Dharmastikaya* (entity essential for motion), *Adharmastikaya* (rest entity), *Akashastikaya* (space entity), *Jivastikaya* (life entity), *Pudgalastikaya* (matter entity), *Addhakaal* (time).

This concludes the description of *Dravya pramana* or physical aspect of validity.

२९३. से किं तं भावप्पमाणे ?

भावप्पमाणए चउव्विहे पण्णत्ते। तं जहा- १. सामासिए, २. तद्धितए, ३. धातुए, ४. निरुत्तिए।

२९३. (प्र.) भावप्रमाण से होने वाला नाम क्या है ?

(उ.) भावप्रमाण चार प्रकार का है। जैसे-(१) सामासिक, (२) तद्धितज, (३) धातुज, और (४) निरुक्तिज।

विवेचन-भाव अर्थात् वस्तु मे रहा गुण। जो वस्तु के गुण को यथार्थ रूप में प्रकट कर सके उसे भावप्रमाण कहते है। वृत्तिकार के अनुसार यहाँ भाव का सम्बन्ध व्याकरण या शब्द शास्त्र से है। वह सामासिक आदि के भेद से चार प्रकार का होता है।

293. (Q.) What is this *Bhaava pramana naam* (name according to validity as essence or perfect validity) ?

(Ans.) *Bhaava pramana naam* (name according to validity as essence or perfect validity) is of four kinds—(1) *Samasik* (formed by compounding), (2) *Taddhitaj* (formed by nominal termination), (3) *Dhatuj* (based on verb roots), and (4) *Niruktij* (etymologically derived).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—*Bhaava* means the inherent attributes of a thing. That which expresses the attributes of a thing perfectly is called name according to perfect validity. According to the commentator (*Vritti*) here *bhaava* (essence) is related to grammar or semantics. It has four kinds including compounding.

(१) सामासिकभावप्रमाणनाम

२९४. से किं तं सामासिए ?

सामासिए सत्त समासा भवंति। तं जहा–

१. दंदे, २. य बहुव्वीही, ३. कम्मधारए, ४. दिग्गु य।
५. तप्पुरिस, ६. अव्वईभावे, ७. एक्कसेसे य सत्तमे॥१॥

२९४. (प्र.) सामासिकभावप्रमाणनाम किसे कहते हैं ?

(उ.) सामासिकभावप्रमाणनाम सात प्रकार के हैं–(१) द्वन्द्व, (२) बहुव्रीहि, (३) कर्मधारय, (४) द्विगु, (५) तत्पुरुष, (६) अव्ययीभाव, और (७) एकशेष।

विवेचन–द्वयोर्बहूनां वा पदानां समसनं समीलनं समासः–दो या दो से अधिक पदों में विभक्ति आदि का लोप करके उन्हें संक्षिप्त करना–एकत्र करना समास कहलाता है।

जिन शब्दों में समास होता है उनका अर्थ या अभिप्राय एक-सा नहीं होता, किन्तु उनमें से किसी का अर्थ मुख्य हो जाता है और शेष शब्द उस अर्थ को पुष्ट करते हैं। समास के द्वन्द्व आदि सात भेद है। सातों समास का संक्षिप्त स्वरूप इस प्रकार है–

टीकाकार के अनुसार–सति समास एकः शिष्यतेऽन्ये तु लुप्यंते–समास होने पर एक रहता है, बाकी का लोप हो जाता है। जो रहता है वह लुप्त शब्द के अर्थ को भी प्रकट कर देता है। (मलधारी वृत्ति के अनुसार)

(1) SAMASIK BHAAVA PRAMANA NAAM

294. (Q.) What is this *Samasik bhaava pramana naam* (according to perfect validity, a name based on compounding) ?

(Ans.) The *Samasik bhaava pramana naam* (a name based on compounding) is of seven kinds—(1) *Dvandva* (co-ordinative), (2) *Bahubrihi* (possessive), (3) *Karmadharaya* (descriptive determinative), (4) *Dvigu* (numeral), (5) *Tatpurush* (dependent determinative), (6) *Avyayibhaava* (indeclinable), and (7) ***Eka shesh*** (collective).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—To compound two or more words by shortening them according to the rules of Sanskrit or Prakrit grammar is called *samas* or compounding.

The meanings of the compounded words are not necessarily same or similar. However, on compounding, one of these may become prominent and others subordinate. *Samas* is of seven types explained in the following aphorisms.

Explaining briefly the commentator (*Tika*) says—On compounding we are left with just one word, all others disappear. That which remains also conveys the meaning of the word that disappears (on the basis of Vritti by Hemachandra).

(क) द्वन्द्व समास

२९५. से किं तं दंदे समासे ?

दंदे समासे–दन्ताश्च औष्ठोश्च दन्तौष्ठम्, स्तनौ च उदरं च स्तनोदरम्, वस्त्रं च पात्रं च वस्त्रपात्रम्, अश्वाश्च महिषाश्च अश्वमहिषम्, अहिश्च नकुलश्च अहिनकुलम्। से तं दंदे समासे।

२९५. (प्र.) वह द्वंद्व समास क्या है ?

(उ.) द्वंद्व समास (समुच्चयप्रधानो द्वन्द्वः–जिस समास में सब पदों की प्रधानता हो वह द्वन्द्व है) के उदाहरण हैं–दन्ताश्च औष्ठौ च–दन्तौष्ठम् (अंग वाचक–दाँत और होठ), स्तनौ च उदरं च–स्तनोदरम् (स्तन और उदर), वस्त्रं च पात्रं च–वस्त्रपात्रम् (वस्तु वाचक–वस्त्र और पात्र), अश्वाश्च महिषाश्च–अश्वमहिषम् (जन्मजात वैरी वाचक–अश्व और महिष), अहिश्च नकुलश्च–अहिनकुलम् (साँप और नकुल)। यह द्वन्द्व समास के उदाहरण हैं।

(A) DVANDVA SAMASA

295. (Q.) What is this *Dvandva samasa* (co-ordinative compound) ?

(Ans.) The (examples of) *Dvandva samasa* (co-ordinative compound or a compound where all components have equal importance) are as follows—*Dantashcha Oshtaucha—Dantaushtham* (teeth + lips = teeth and lips) (compounding of body parts), *Stanau cha Udaram cha—Stanodaram* (breasts + belly = breast and belly) (compounding of body parts), *Vastram cha*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Patram cha—Vastarpatram (cloth + bowls = cloth and bowls) (compounding of things), *Ashvashcha Mahishashcha—Ashvamahisham* (horse + buffalo = horse and buffalo) (compounding of natural enemies), *Ahishcha Nakulashcha—Ahinakulam* (snake + mongoose = snake and mongoose) (compounding of natural enemies).

This concludes the description of *Dvandva samasa* or co-ordinative compound.

(ख) बहुब्रीहि समास

२९६. से किं तं बहुव्वीहीसमासे ?

बहुव्वीहीसमासे–फुल्ला जम्मि गिरिम्मि कुडय–कलंबा सो इमो गिरी फुल्लियकुडय–कलंबो। से तं बहुव्वीहीसमासे।

२९६. (प्र.) बहुब्रीहि समास किसे कहते हैं ?

(उ.) बहुब्रीहि समास (जिस समास में अन्य–तीसरे पदार्थ की प्रधानता हो) का उदाहरण है–जिस पर्वत पर पुष्पित कुटज और कदंब के वृक्ष हैं, वह पर्वत फुल्लकुटजकदंब कहा जाता है। समास होने पर तीनों शब्द मिलकर किसी पर्वत का विशेषण बन गया है।

यह बहुब्रीहि समास का उदाहरण है।

(B) BAHUBRIHI SAMASA

296. (Q.) What is this *Bahubrihi samasa* (possessive compound) ?

(Ans.) The (examples of) *Bahubrihi samasa* (possessive compound or a compound where some other thing acquires possessive importance) are as follows—A hill having *Kutaj* and *Kadamb* trees in blossom (*Phulla*) is called a *Phulla-kutaj-kadamb* hill. The compound of the three terms *Phulla, Kutaj* and *Kadamb* becomes an adjective for some other thing like hill.

This concludes the description of *Bahubrihi samasa* or possessive compound.

(ग) कर्मधारय समास

२९७. से किं तं कम्मधारयसमासे ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कम्मधारयसमासे–धवलो वसहो धवलवसहो, किण्हो मिगो किण्हमिगो, सेतो पटो सेतपटो, रत्तो पटो रत्तपटो। से तं कम्मधारयसमासे।

२९७. (प्र.) कर्मधारय समास क्या है?

(उ.) कर्मधारय समास–(जिस समास में उपमान–उपमेय तथा विशेषण–विशेष्य का बराबर सम्बन्ध होता है) का स्वरूप इस प्रकार है–'धवलो वृषभः–धवलवृषभः' (श्वेत वृषभ), 'कृष्णो मृगः–कृष्णमृगः' (काला मृग), 'श्वेतः पटः–श्वेतपटः' (श्वेत वस्त्र), 'रक्तः पटः–रक्तपटः' (लाल पट)। यह कर्मधारय समास का उदाहरण है।

(C) KARMADHARAYA SAMASA

297. (Q.) What is this *Karmadharaya samasa* (descriptive determinative compound)?

(Ans.) The (examples of) *Karmadharaya samasa* (descriptive determinative compound or a compound where subject and object of comparison or noun and adjective have determinative relationship) are as follows—*Dhavalo* (white) *Vrishabhah*—(bull) *Dhaval-vrishabhah*—A white bull is white-bull, *Krishno* (black) *Mrigah* (deer)—*Krishna-mrigah*—A black deer is black-deer, *Shvetah* (white) *Patah* (cloth)—*Shvet-patah*—A white cloth is white-cloth, *Raktah* (red) *Patah* (cloth)—*Rakta-patah*—A red cloth is red-cloth.

This concludes the description of *Karmadharaya samasa* or descriptive determinative compound.

(घ) द्विगु समास

२९८. से किं तं दिगुसमासे ?

दिगुसमासे–तिण्णि कडुगा तिकडुगं, तिण्णि महुराणि तिमहुरं, तिण्णि गुणा तिगुणं, तिण्णि पुराणि तिपुरं, तिण्णि सराणि तिसरं, तिण्णि पुक्खराणि तिपुक्खरं, तिण्णि बिंदुयाणि तिबिंदुयं, तिण्णि पहा तिपहं, पंच णदीओ पंचणदं, सत्त गया सत्तगयं, नव तुरगा नवतुरगं, दस गामा दसगामं, दस पुराणि दसपुरं। से तं दिगुसमासे।

२९८. (प्र.) द्विगु समास किसे कहते हैं?

(जिस तत्पुरुष समास में पूर्व पद संख्यावाचक होता है, वह 'द्विगु समास' कहलाता है।)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उ.) द्विगु समास का रूप इस प्रकार का है-त्रीणि कटुकानि-त्रिकटुकम्-(तीन कटुक वस्तुओं का समूह-त्रिकटुक), तीन मधुरों का समूह-त्रिमधुर, तीन गुणों का समूह-त्रिगुण, तीन पुरों-नगरों का समूह-त्रिपुर, तीन स्वरों का समूह-त्रिस्वर, तीन पुष्करों-कमलों का समूह-त्रिपुष्कर, तीन बिन्दुओं का समूह-त्रिबिन्दु, तीन पथ-रास्तों का समूह-त्रिपथ, पाँच नदियों का समूह-पंचनद, सात गजों का समूह-सप्तगज, नौ तुरगों-अश्वों का समूह-नवतुरग, दस ग्रामों का समूह-दसग्राम, दस पुरों का समूह-दसपुर। ये द्विगु समास के उदाहरण हैं।

(D) DVIGU SAMASA

298. (Q.) What is this *Dvigu samasa* (numeral compound) ?

(Ans.) The (examples of) *Dvigu samasa* (numeral compound or a compound where the first component is a numeral) are as follows—*Trini katukani—Trikatukam*—Three bitter (*katuk*) things are collectively called *Trikatuk.* In the same way three sweet (*madhur*) things are collectively called *Trimadhur,* three attributes (*guna*) are collectively called *Triguna,* three cities (*pur*) are collectively called *Tripur,* three sounds (*svar*) are collectively called *Trisvar,* three lotuses (*pushkar*) or ponds (*pushkar*) are collectively called *Tripushkar,* three drops (*bindu*) or points (*bindu*) are collectively called *Tribindu,* three paths (*path*) are collectively called *Tripath,* five rivers (*nad*) are collectively called *Panchanad,* seven elephants (*gaj*) are collectively called *Saptagaj,* nine horses (*turang*) are collectively called *Navaturang,* ten villages (*gram*) are collectively called *Dashagram* and ten cities (*pur*) are collectively called *Dashapur.*

This concludes the description of *Dvigu samasa* or numeral compound.

(च) तत्पुरुष समास

२९९. से किं तं तप्पुरिसे समासे ?

तप्पुरिसे समासे-तित्थे कागो तित्थकागो, वणे हत्थी वणहत्थी, वणे वराहो वणवराहो, वणे महिसो वणमहिसो, वणे मयूरो वणमयूरो। से तं तप्पुरिसे समासे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२९९. (प्र.) तत्पुरुष समास क्या है ?

जिस समास में उत्तर पद की प्रधानता हो वह तत्पुरुष समास कहलाता है।

(उ.) तत्पुरुष समास का उदाहरण इस प्रकार है–तीर्थे काकः–तीर्थ में काक (कौआ) तीर्थकाक, वन में हस्ती–वनहस्ती, वन में वराह–वनवराह, वन में महिष–वनमहिष, वन में मयूर–वनमयूर।

यह तत्पुरुष समास के उदाहरण हैं।

(E) TATPURUSH SAMASA

299. (Q.) What is this *Tatpurush samasa* (dependent determinative compound) ?

(Ans.) The (examples of) *Tatpurush samasa* (dependent determinative compound or a compound where the first component is dependent on the second) are as follows—*Tirthe kakah*—*Tirthakak*—A crow (*kak*) in or belonging to a holy place (*tirtha*) is *Tirthakak*. In the same way an elephant (*hasti*) in jungle (*vana*) is *Vanahasti*, a boar (*varah*) in jungle (*vana*) is *Vanavarah*, a buffalo (*mahish*) in jungle is *Vanamahish* and a pea-cock (*mayur*) in jungle is *Vanamayur*.

This concludes the description of *Tatpurush samasa* or dependent determinative compound.

(छ) अव्ययीभाव समास

३००. से किं तं अव्वईभावे समासे ?

अव्वईभावे समासे–अणुगामं अणुणदीयं अणुफरिहं अणुचरियं। से तं अव्वईभावे समासे।

३००. (प्र.) अव्ययीभाव समास क्या है ?

(उ.) अव्ययीभाव समास (जिसमें पूर्व पद की प्रधानता हो) का उदाहरण इस प्रकार है–ग्रामस्य पश्चात्–अनुग्रामम्–ग्राम के समीप या पीछे 'अनुग्राम', नद्याः पश्चात्–अनुनदी–नदी के पीछे होने वाला–'अनुनदिकम्', इसी प्रकार परिखायाः पश्चात् अनुपरिखम्–परिखा के पीछे होने वाला, अनुचरिकम्–चारिका के अनुसार होने वाला–अनुचरिकम् आदि। ये अव्ययीभाव समास के उदाहरण हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(F) AVYAYIBHAAVA SAMASA

300. (Q.) What is this *Avyayıbhaava samasa* (indeclinable compound) ?

(Ans.) The (examples of) *Avyayıbhaava samasa* (indeclinable compound or a compound made with an indeclinable word) are as follows—Near a village is called *anugram* (*anu* is an indeclinable meaning 'after' or 'near' and *gram* means village). In the same way near the river is *anunadi*, near the ditch is *anuparikh*, after (in accordance with) the good conduct is *anucharit.*

This concludes the description of *Avyayibhaava samasa* or indeclinable compound.

(ज) एकशेष समास

३०१. से किं तं एगसेससमासे ?

एगसेसे समासे–जहा एगो पुरिसो तहा बहवे पुरिसा जहा बहवे पुरिसा तहा एगो पुरिसो। जहा एगो करिसावणो तहा बहवे करिसावणा जहा बहवे करिसावणा तहा एगो करिसावणो। जहा एगो साली तहा बहवे सालिणो जहा बहवे सालिणो तहा एगो साली। से तं एगसेसे समासे। से तं सामासिए।

३०१. (प्र.) एकशेष समास किसे कहते हैं ?

(उ.) एकशेष समास–(जिस समास में समान रूप वाले दो या दो से अधिक पदों का समास होने पर एक पद शेष रहे और दूसरे पदों का लोप हो जाये) के उदाहरण इस प्रकार हैं–जैसा एक पुरुष वैसे अनेक पुरुष और अनेक पुरुष वैसा एक पुरुष। जैसा एक कार्षापण (स्वर्ण-मुद्रा) वैसे अनेक कार्षापण और जैसे अनेक कार्षापण वैसा एक कार्षापण। जैसे एक शालि वैसे अनेक शालि और जैसे अनेक शालि वैसा एक शालि आदि। ये एकशेष समास के उदाहरण हैं। इस प्रकार से सामासिकभावप्रमाणनाम का अर्थ जानना चाहिए।

(G) EKA SHESH SAMASA

301. (Q.) What is this *Eka shesh samasa* (collective compound) ?

(Ans.) The (examples of) *Eka shesh samasa* (collective compound or a compound where just a single component acquires the collective meaning of two or more components, which disappear on compounding) are as follows—As is one *purush* (one

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

man) so are many *purush* (many men); as are many *purush* (all men) so is one *purush* (a man) (Here 'a man' acquires the generic meaning and denotes all men as a class.). In the same way—as is one *karshapan* (one gold coin) so are many *karshapans* (many gold coins); as are many *karshapans* (all gold coins) so is one *karshapan* (a gold coin). Also, as is one *shali* (one corn) so are many *shalis* (many corns); as are many *shalis* (all corns) so is one *shali* (a corn).

This concludes the description of *Eka shesh samasa* or collective compound. This also concludes the description of *Samasik bhaava pramana naam* (a name based on compounding).

(२) तद्धितजभावप्रमाणनाम

३०२. से किं तं तद्धियए ?

तद्धियए–अट्ठविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. कम्मे, २. सिप्प, ३. सिलोए, ४. संजोग, ५. समीवओ, ६. य संजूहे।
७. इस्सरिया, ८. ऽवच्चेण, य तद्धितणामं तु अट्ठविहं॥१॥

३०२. (प्र.) तद्धित से होने वाला नाम क्या है ?

(उ.) तद्धित से होने वाला नाम आठ प्रकार का है–(१) कर्म, (२) शिल्प, (३) श्लोक, (४) संयोग, (५) समीप, (६) संयूथ, (७) ऐश्वर्य, और (८) अपत्य॥१॥

विवेचन–चूर्णि के अनुसार तद्धित का अर्थ है–तद् हित प्राप्तिहेतु भूतोऽर्थः–जो अर्थ जिसके द्वारा जाना जाता है वह उसके ज्ञान का हेतु होने के कारण 'तद्धित' कहलाता है। कृदन्त प्रत्ययों के द्वारा धातु के और तद्धित प्रत्ययों के द्वारा शब्द के अर्थ का निर्माण होता है। तद्धितज आठ नामों का वर्णन अगले सूत्र में है।

(2) TADDHITAJ BHAAVA PRAMANA NAAM

302. (Q.) What is this *Taddhitaj bhaava pramana naam* (according to perfect validity, a name formed by nominal termination) ?

(Ans.) *Taddhitaj bhaava pramana naam* (according to perfect validity, a name formed by nominal termination) is of eight kinds—(1) *Karma,* (2) *Shilp,* (3) *Shlok,* (4) *Samyoga,* (5) *Sameep,* (6) *Samyooth,* (7) *Aishvarya,* and (8) *Apatya.* (1)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—According to the commentator (*Churni*) *taddhit* is defined as the source of meaning or the letter, sign or word representing a specific meaning called *taddhit*. Grammatically it is an affix imparting specific meaning to a word. The *kridant* (primary) affixes give meaning to verbal roots and the *taddhit* (nominal) affixes give meaning to words. The eight kinds of nominal affixes or terminations are discussed in the following aphorism.

(क) कर्मनाम

३०३. से किं तं कम्मणामे ?

कम्मणामे–दोस्सिए सोत्तिए कप्पासिए सुत्तवेतालिए भंडवेतालिए कोलालिए। से तं कम्मनामे।

३०३. (प्र.) कर्मनाम क्या है ?

(उ.) कर्म (व्यापार के कारण जिसका नाम प्रसिद्ध होता है वह) नाम के उदाहरण इस प्रकार हैं–दौष्यिक (दूष्य–वस्त्र बेचने वाला), सौत्रिक (सूत या धागे का व्यापारी), कार्पासिक (कपास का व्यापार करने वाला), सूत्रवैचारिक (सूत बेचने वाला), भांडवैचारिक (बंजारा), कौलालिक–(मिट्टी के बर्तनों का व्यापार करने वाला)। ये सब कर्मनाम हैं।

(A) KARMA NAAM

303. (Q.) What is this *Karma naam* (name associated with trade or profession) ?

(Ans.) The (examples of) *Karma naam* (name associated with trade or profession) are as follows—*Daushyik* (a person engaged in trading of *dushya* or cloth; a cloth merchant), *Sautrik* (a person engaged in trading of *sutra* or thread; a thread dealer), *Karpasik* (a person engaged in trading of *kapas* or cotton; cotton merchant), *Sutravaicharik* (a person engaged in trading of *sutra* or thread; a thread dealer), *Bhandavaicharik* (a person engaged in trading of *bhanda* or groceries; a grocer) and *Kaulalik* (a person engaged in trading of *kaulal* or earthen pots; an earthen ware dealer).

This concludes the description of *Karma naam* or name associated with profession.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ख) शिल्पनाम

३०४. से किं तं सिप्पनामे ?

सिप्पनामे–वत्थिए तुण्णाए तंतुवाए पट्टकारे देहडे, वरुडे मुंजकारे कट्ठकारे छत्तकारे बज्झकारे पोत्थकारे चित्तकारे दंतकारे लेप्पकारे कोट्टिमकारे। से तं सिप्पनामे।

३०४. (प्र.) शिल्पनाम क्या है ?

(उ.) (शिल्प के कारण प्रसिद्ध होने वाला शिल्पनाम है) शिल्पनाम के उदाहरण इस प्रकार हैं–वास्त्रिक (वस्त्र बनाने वाला), तुन्नवाय (रफू करने वाला), तंतुवाय (जुलाहा), पट्टकार (दुशाला बनाने वाला), दृतिकार (मशक बनाने वाला), वरुट (छाब बनाने वाला), मुंजकार (मुंज बनाने वाला), काष्ठकार (काठ का काम करने वाला–बढ़ई), छत्रकार (छत्र या छाता बनाने वाला), वर्धकार (बाघचर्म रज्जु अथवा रथ बनाने वाला), पुस्तककार (जिल्दसाज), चित्रकार, दंतकार (हाथीदाँत का काम करने वाला), लेप्यकार (भवन या प्रतिमा बनाने वाला), कुट्टिमकार (खान खोदने वाला या पक्का फर्श बनाने वाला)। ये सब शिल्पनाम हैं।

(B) SHILP NAAM

304. (Q.) What is this *Shilp naam* (name associated with a craft) ?

(Ans.) The (examples of) *Shilp naam* (name associated with a craft) are as follows—*Vastrik* (a dress maker), *Tunnavaya* (a cloth-darner), *Tantuvaya* (a weaver), *Pattakar* (a shawl maker), *Dritikar* (maker of leather water-bags), *Varut* (basket maker), *Munjakar* (maker of hessian ropes), *Kashthakar* (carpenter), *Chhatrakar* (umbrella maker), *Vardhakar* (leather strap maker), *Pustakakar* (book-binder), *Chitrakar* (painter), *Dantakar* (ivory craftsman), *Lepyakar* (an artisan painting or plastering walls; also a sculptor making plaster figures), *Kuttimkar* (a miner; a mason).

This concludes the description of *Shilp naam* or name associated with craft.

(ग) श्लोकनाम

३०५. से किं तं सिलोगनामे ?

सिलोगनामे–समणे माहणे सव्वातिही। से तं सिलोगनामे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३०५. (प्र.) श्लोकनाम किसे कहते हैं ?

(उ.) (यश-कीर्ति से प्रसिद्धि पाने वाला) श्लोकनाम के उदाहरण हैं–सबके अतिथि, श्रमण, ब्राह्मण। ये श्लोकनाम के उदाहरण हैं।

(C) SHLOK NAAM

305. (Q.) What is this *Shlok naam* (name associated with fame and reverence) ?

(Ans.) The (examples of) *Shlok naam* (name associated with fame and reverence) are as follows—*Shraman* (ascetic or sage), *Brahman* (spiritualist) and *Saravatithi* (one who is a guest of all).

This concludes the description of *Shlok naam* or name associated with fame and reverence.

(घ) संयोगनाम

३०६. से किं तं संजोगनामे ?

संजोगनामे–रण्णो ससुरए, रण्णो सालए, रण्णो सड्ढुए, रण्णो जामाउए, रन्नो भगिणीवती। से तं संजोगनामे।

३०६. (प्र.) संयोगनाम किसे कहते हैं ?

(उ.) संयोगनाम के उदाहरण इस प्रकार हैं–राजा का ससुर, राजा का साला, राजा का साढ़ू, राजा का जमाई (जामाता), राजा का बहनोई आदि। ये संयोग से प्रसिद्धि पाने वाले नाम हैं।

(D) SAMYOGA NAAM

306. (Q.) What is this *Samyoga naam* (name associated with a relationship) ?

(Ans.) The (examples of) *Samyoga naam* (name associated with a relationship) are as follows—A king's father-in-law (*sasur*), a king's brother-in-law (*sala* or wife's brother), a king's brother-in-law (*sadhu* or wife's sister's husband), a king's son-in-law (*jamai* or daughter's husband), a king's brother-in-law (*bahanoi* or sister's husband) etc.

This concludes the description of *Samyoga naam* or name associated with a relationship.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(च) समीपनाम

३०७. से किं तं समीवनामे ?

समीवनामे–गिरिस्स समीवे णगरं गिरिणगरं, विदिसाए समीवे णगरं वेदिसं, बेन्नाए समीवे णगरं बेन्नायडं, तगराए समीवे णगरं तगरायडं। से तं समीवनामे।

३०७. (प्र.) समीपनाम क्या है?

(उ.) समीपनाम–(निकटता के कारण प्रसिद्ध होने वाले के नाम) इस प्रकार हैं–गिरि के समीप का नगर गिरिनगर, विदिशा के समीप का नगर वैदिश (वर्तमान में विदिशा मध्य प्रदेश में है), वेन्ना (नदी) के समीप का नगर वेन्नातट (वैन्न) दक्षिणापथ में कृष्णा और वेणा नदियों के आसपास का प्रदेश, तगरा के समीप का नगर तगरातट (तागर)। ये समीपनाम के उदाहरण हैं।

(E) SAMEEP NAAM

307. (Q.) What is this *Sameep naam* (name associated with proximity) ?

(Ans.) The (examples of) *Sameep naam* (name associated with proximity) are as follows—A *nagar* (town) in proximity of a *giri* (hill) is *Girinagar*, a *nagar* (town) in proximity of *Vidisha* (name of a city now in Madhya Pradesh) is *Vaidish,* a *nagar* (town) in proximity of *Vena* river (a river in South India) is *Vennatat* (literally means on the banks of river *Vena*), a *nagar* (town) in proximity of *Tagara* river is *Tagaratat.*

This concludes the description of *Sameep naam* or name associated with proximity.

(छ) संयूथनाम

३०८. से किं तं संजूहनामे ?

संजूहनामे–तरंगवतिकारे मलयवतिकारे अत्ताणुसट्ठिकारे बिन्दुकारे। से तं संजूहनामे।

३०८. (प्र.) संयूथनाम क्या है?

(उ.) संयूथ (ग्रन्थ रचना) से प्रसिद्धि पाने वाला नाम, जैसे–तरंगवतीकार (ईसा की दूसरी शताब्दी में राजा सातवाहन के काल में आचार्य पादलिप्तसूरि ने तरंगवती की रचना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की है), मलयवतीकार, आत्मानुषष्ठिकार, बिन्दुकार आदि। ये नाम संयूथनाम के उदाहरण हैं। (ये ग्रन्थ वर्तमान में अनुपलब्ध हैं।)

(F) SAMYOOTH NAAM

308. (Q.) What is this *Samyooth naam* (name associated with authorship) ?

(Ans.) The (examples of) *Samyooth naam* (name associated with authorship) are as follows—*Tarangavatikar* (the author of the book *Tarangavati,* this is a famous work by Padaliptasuri of 2nd century during the reign of king Satavahan), *Malayavatikar* (the author of the book *Malayavati*), *Atmanushashthikar* (the author of the book *Atmanushashthi*), *Bindukar* (the author of the book *Bindu*) (All these works are still available).

This concludes the description of *Samyooth naam* or name associated with authorship.

(ज) ऐश्वर्यनाम

३०९. से किं तं ईसरियनामे ?

ईसरियनामे–राईसरे तलवरे माडंबिए कोडुंबिए इब्भे सेट्ठी सत्थवाहे सेणावई। से तं ईसरियनामे।

३०९. **(प्र.)** ऐश्वर्यनाम क्या है ?

(उ.) ऐश्वर्य सूचक शब्दों से बनने वाला ऐश्वर्यनाम है, जैसे–राजा, ईश्वर (समर्थ या शक्तिशाली), तलवर (कोतवाल), माडंबिक (ग्राम नायक), कौटुम्बिक (कुल का मुखिया), इभ्य (धनपति या बड़ा व्यापारी), श्रेष्ठी (साहूकार), सार्थवाह (सार्थ, व्यापारियों के समूह का नायक या संचालक), सेनापति आदि। यह ऐश्वर्यनाम का स्वरूप है।

(G) AISHVARYA NAAM

309. (Q.) What is this *Aishvarya naam* (name associated with wealth or power) ?

(Ans.) The (examples of) *Aishvarya naam* (name associated with wealth or power) are as follows—*Rajeshvar* (king), *Talavar* (noble or knight of honour), *Madambik* (landlord or governor), *Kautumbik* (head of the family), *Ibhya* (rich man or wealthy

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

merchant), *Shreshthi* (businessman), *Sarthavaha* (caravan chief) and *Senapati* (army chief).

This concludes the description of *Aishvarya naam* or name associated with wealth or power.

(झ) अपत्यनाम

३१०. से किं तं अवच्चनामे ?

अवच्चनामे–तित्थयरमाया चक्कवट्टिमाया बलदेवमाया वासुदेवमाया रायमाया गणिमाया वायगमाया। से तं अवच्चनामे। से तद्धिते।

३१०. (प्र.) अपत्यनाम किसे कहते हैं ?

(उ.) अपत्य-पुत्र के कारण प्रसिद्ध होने वाला नाम, जैसे-तीर्थंकरमाता, चक्रवर्तीमाता, बलदेवमाता, वासुदेवमाता, राजमाता, गणिमाता, वाचकमाता आदि। ये अपत्यनाम हैं। यह तद्धित प्रत्यय से बनने वाले नाम की वक्तव्यता है।

(H) APATYA NAAM (Name Associated with Progeny)

310. (Q.) What is this *Apatya naam* (name associated with progeny) ?

(Ans.) The (examples of) *Ateet kaal grahan anumaan* (inference from past perspective) are as follows—To infer that there had been good rains (in an area) by witnessing forests with fresh grown grass or land with abundant crops and wells, tanks, rivers, canals and ponds full of water.

This concludes the description of *Ateet kaal grahan anumaan* (inference from past perspective).

४५२. से किं तं पडुप्पण्णकालगहणं ?

पडुप्पण्णकालगहणं–साहुं गोयरग्गगयं विच्छड्डियपउरभत्त–पाणं पासित्ता तेणं साहिज्जइ जहा–सुभिक्खे वट्टइ। से तं पडुप्पण्णकालगहणं।

४५२. (प्र.) प्रत्युत्पन्न (वर्तमान) कालग्रहण अनुमान क्या है ?

(उ.) गोचरी के लिए गये हुए साधु को गृहस्थों द्वारा दिया हुआ प्रचुर आहार-पानी प्राप्त करते देखकर अनुमान करना कि यहाँ सुभिक्ष है। यह वर्तमान कालग्रहण अनुमान है।

452. (Q.) What is this *Pratyutpanna kaal grahan anumaan* (inference from present perspective) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Ans.) The (examples of) *Pratyutpanna kaal grahan anumaan* (inference from present perspective) are as follows—To infer that a period of bumper harvest prevails, by witnessing an alms-seeking ascetic being offered liberal quantity of food and water by householders.

This concludes the description of *Pratyutpanna kaal grahan anumaan* (inference from present perspective).

४५३. से किं तं अणागयकालगहणं ?

अणागयकालगहणं–अब्भस्स निम्मलत्तं कसिणा य गिरी सविज्जुया मेहा।
थणियं वाउब्भामो संझा रत्ता य णिद्धा य॥४॥

वारुणं वा माहिंदं वा अण्णयरं वा पसत्थं उप्पायं पासित्ता तेणं साहिज्जइ जहा–सुवुट्ठी भविस्सइ। से तं अणागयकालगहणं।

४५३. **(प्र.)** अनागतकालग्रहण क्या है ?

(उ.) आकाश की निर्मलता, पर्वतो का काला दिखाई देना, बिजली सहित मेघों की गर्जना, अनुकूल पवन और संध्या की गाढ लालिमा॥१॥

[1]**वारुण**–आर्द्रा आदि नक्षत्रों में एवं [2]**माहेन्द्र**–रोहिणी आदि नक्षत्रों में होने वाले अथवा किसी अन्य प्रशस्त उत्पात–उल्कापात या दिग्दाहादि को देखकर अनुमान करना कि अच्छी वृष्टि होगी। यह अनागतकालग्रहण अनुमान है।

453. (Q.) What is this *Anagat kaal grahan anumaan* (inference from future perspective) ?

(Ans.) The (examples of) *Anagat kaal grahan anumaan* (inference from future perspective) are as follows—To infer that good rains are expected, by witnessing clear sky, darkening mountains, clouds with lightening and thunder, favourable wind, and deep crimson horizon at dusk. (1)

---

१. **वरुण के नक्षत्र**–(१) पूर्वाषाढा, (२) उत्तराभाद्रपद, (३) आश्लेषा, (४) आर्द्रा, (५) मूल, (६) रेवती, और (७) शतभिषग्।

२. **माहेन्द्र के नक्षत्र**–(१) अनुराधा, (२) अभिजित, (३) ज्येष्ठा, (४) उत्तराषाढा, (५) धनिष्ठा, (६) रोहिणी, और (७) श्रवण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

And also by witnessing favourable omens like *Varuna* group of constellations (*Purvashadha, Uttarabhadrapad, Ashlesha, Ardra, Mool, Revati* and *Shatabhishag*); *Mahendra* group of constellations (*Anuradha, Abhijit, Jeshtha, Uttarashadha, Dhanishtha, Rohini* and *Shravan*), or appearance of any other celestial disturbance like comet or conflagration on horizon.

This concludes the description of *Anagat kaal grahan anumaan* (inference from future perspective).

प्रतिकूलविशेषदृष्टसाधर्म्यवत् अनुमान

४५४. एएसिं चेव विवच्चासे तिविहं गहणं भवति। तं जहा–तीतकालगहणं पडुप्पण्णकालगहणं अणागयकालगहणं।

४५४. इन उक्त उदाहरणों की विपरीतता में भी तीन प्रकार से अनुमान का ग्रहण होता है, जैसे–(१) अतीतकालग्रहण, (२) प्रत्युत्पन्नकालग्रहण, और (३) अनागतकालग्रहण।

CONTRA-INDICATORY INFERENCE

454. There are three contra-indicatory inferences also of these perspectives—(1) *Ateet kaal grahan* (past perspective), (2) *Pratyutpanna kaal grahan* (present perspective), and (3) *Anagat kaal grahan* (future perspective).

४५५. से किं तं तीतकालगहणं ?

निप्पिणाइं वणाइं अनिप्फण्णसस्सं च मेइणिं सुक्काणि य कुंड–सर–णदि–दह–तलागाइं पासित्ता तेणं साहिज्जति जहा–कुवुट्ठी आसी। से तं तीतकालग णं।


४५५. **(प्र.)** अतीतकालग्रहण क्या है ?

(उ.) तृण घासरहित वन, अनिष्पन्न (सूखे) धान्य वाली भूमि और सूखे कुंड, सरोवर, नदी, द्रह और तालाबो को देखकर अनुमान करना कि यहाँ कुवृष्टि–वर्षा नहीं हुई है।

455. (Q.) What is this *Ateet kaal grahan anumaan* (inference from past perspective) ?

(Ans.) The (examples of) *Ateet kaal grahan anumaan* (inference from past perspective) are as follows—To infer that there had been bad monsoon or no rains (in an area) by witnessing forests without grass or land devoid of crops and dried up wells, tanks, rivers, canals and ponds.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १४

Illustration No. 14

अनुमान प्रमाण

(१) **पूर्ववत् अनुमान**–बूढी माँ बचपन में बिछुडे पुत्र को आया देखकर उसके सिर पर तिल का चिन्ह देखकर अनुमान से पहचान लेती है।

(२) **शेषवत् अनुमान (कारण से कार्य का अनुमान)**–जैसे–सूत, धागे आदि देखकर कपडा बुनने वाले का अनुमान करना।

(३) **अवयव से अवयवी का अनुमान**–जैसे–मुर्गे की शिखा (चोटी) तथा मोर का पंख आदि देखकर मुर्गे और मोर होने का अनुमान करना।

(४) **आश्रय से आश्रयी का अनुमान**–जैसे–आकाश में उडते बगुलो को देखकर पास ही सरोवर (आश्रय) होने का अनुमान करना।

(५) **अतीतकाल ग्रहण अनुमान**–वन मे लहलहाती फसल आदि को देखकर अनुमान करना कि अच्छी वर्षा हुई है।

(६) **अनागतकाल ग्रहण अनुमान**–आकाश मे चमकती बिजली व काली घटा देखकर वर्षा होने का अनुमान करना।

–सूत्र ४४२-४५२, पृष्ठ २७९-२८७

ANUMAAN PRAMAAN

(1) Purvavat Anumaan (Inference by Previously Known Characteristics)—An elderly mother recognizes her long lost son on his return by means of a mole on his forehead.

(2) Sheshavat Anumaan (Inference by Available Evidence)—To recognize a weaver by seeing yarn, loom etc.

(3) Avayavena Sheshavat Anumaan (Inference by Available Evidence of a Part or Component)—A cock is inferred by its crest and a pea-cock by its feathers.

(4) Ashrayena Sheshavat Anumaan (Inference by Available Evidence of Support or Dependence)—A water-body is inferred in proximity by a row of cranes in the sky.

(5) Ateetkaal Grahan Anumaan (Inference from Past Perspective)—To infer that there had been good rains by witnessing land with abundant crop

(6) Anagatkaal Grahan Anumaan (Inference from Future Perspective)—To infer that good rains are expected by witnessing dark clouds with lightening and thunder.

—Aphorisms 442-452, pp 279-287

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

This concludes the description of *Ateet kaal grahan anumaan* (inference from past perspective).

४५६. से किं तं पडुप्पण्णकालगहणं ?

पडुप्पण्णकालगहणं साहुं गोयरग्गगयं भिक्खं अलभमाणं पासित्ता तेणं साहिज्जइ जहा–दुभिक्खं वट्टइ। से तं पडुप्पण्णकालगहणं।

४५६. (प्र.) वर्तमानकालग्रहण क्या है ?

(उ.) गोचरी के लिए गये हुए साधु को भिक्षा नहीं मिलते देखकर अनुमान किया जाना कि यहाँ दुर्भिक्ष है। यह वर्तमानकालग्रहण अनुमान है।

456. (Q.) What is this *Pratyutpanna kaal grahan anumaan* (inference from present perspective) ?

(Ans.) The (examples of) *Pratyutpanna kaal grahan anumaan* (inference from present perspective) are as follows—To infer that a period of drought prevails, by witnessing an alms-seeking ascetic being offered no alms by householders.

This concludes the description of *Pratyutpanna kaal grahan anumaan* (inference from present perspective).

४५७. से किं तं अणागयकालगहणं ?

अणागयकालगहणं अग्गेयं वा वायव्वं वा अण्णयरं वा अप्पसत्थं उप्पायं पासित्ता तेणं साहिज्जइ। जहा–कुवुट्ठी भविस्सइ। से तं अणागयकालगहणं। से तं विसेसदिट्ठं। से तं दिट्ठसाहम्मवं। से तं अणुमाणे।

४५७. (प्र.) अनागतकालग्रहण क्या है ?

(उ.) [1]**आग्नेय मंडल** के नक्षत्र, [2]**वायव्य मंडल** के नक्षत्र या अन्य कोई उत्पात (दिशा और धुआँ) देखकर अनुमान करना कि कुवृष्टि होगी, अच्छी वर्षा नही होगी।

---

१ **आग्नेय मंडल के नक्षत्र**–(१) विशाखा, (२) भरणी, (३) पुष्य, (४) पूर्वाफाल्गुनी, (५) पूर्वाभाद्रपदा, (६) मघा, और (७) कृतिका।

२. **वायव्य मंडल के नक्षत्र**–(१) चित्रा, (२) हस्त, (३) अश्विनी, (४) स्वाति, (५) मार्गशीर्ष, (६) पुनर्वसु, और (७) उत्तराफाल्गुनी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह अनागतकालग्रहण है। यही विशेषदृष्ट है। यही दृष्टसाधर्म्यवत् है। इस प्रकार अनुमानप्रमाण का विवेचन समाप्त हुआ।

457. (Q.) What is this *Anagat kaal grahan anumaan* (inference from future perspective) ?

(Ans.) The (examples of) *Anagat kaal grahan anumaan* (inference from future perspective) are as follows—To infer that bad monsoon or no rains are expected, by witnessing inauspicious omens like *Agneya* group of constellations (*Vishakha, Bharani, Pushya, Purvaphalguni, Purvabhadrapada, Magha* and *Kritika*); *Vayavya* group of constellations (*Chitra, Hast, Ashvini, Svati, Margashirsh, Punarvasu* and *Uttaraphalguni*), or appearance of any other celestial disturbance like smoky sky.

This concludes the description of *Anagat kaal grahan anumaan* (inference from future perspective). This also concludes the description of *Vishesh Drisht Anumaan* (inference by common characteristics known in particular). This concludes the description of *Drisht Sadharmyavat Anumaan* (inference by known generic or common characteristics). This also concludes the description of *Anumaan Pramana* (standard of validation by inferential knowledge).

उपमानप्रमाण

४५८. से किं तं ओवम्मे ?

ओवम्मे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा—साहम्मोवणीते य वेहम्मोवणीते य।

४५८. (प्र.) उपमानप्रमाण क्या है ?

(उ.) उपमानप्रमाण दो प्रकार का है, जैसे—(१) साधर्म्योपनीत, और (२) वैधर्म्योपनीत।

विवेचन—उपमान के स्थान पर यहाँ 'औपम्य' शब्द का प्रयोग हुआ है। वृत्तिकार मलयगिरि ने इसका अर्थ इस प्रकार किया है—"**उपमीयते सदृशतया वस्तु गृह्यते अनयेत्युपमया सैवोपम्यम्।**"—एक वस्तु की सदृशता-समानता को लेकर जहाँ वस्तु का ज्ञान किया जाता है उसे उपमा या औपम्य कहते है। यहाँ साधर्म्य (समानता) और वैधर्म्य (असमानता) दोनो को आधार मानकर उपमान के दो भेद बताये है।

UPAMAAN PRAMANA

458. (Q.) What is this *Upamaan Pramana* (standard of validation by analogical knowledge) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Ans.) *Upamaan Pramana* (standard of validation by analogical knowledge) is of two kinds—(1) *Sadharmyopaneet* (based on similarity), and (2) *Vaidharmyopaneet* (based on non-similarity).

Elaboration—The term *'aupamya'* has been used here instead of *'upamaan'*. The commentator (*Vritti*) has interpreted it as—to acquire knowledge about a thing based on analogy of another thing is called *upama* or *aupamya* Based on similarity and dissimilarity two categories of *upamaan* have been stated here

साधर्म्योपनीत उपमान

४५९. से किं तं साहम्मोवणीए ?

साहम्मोवणीए तिविहे पण्णत्ते। तं.–किंचिसाहम्मे, पायसाहम्मे, सव्वसाहम्मे य।

४५९. **(प्र.)** साधर्म्योपनीत उपमान क्या है ?

(उ.) (जिन पदार्थों की सदृशता उपमा द्वारा सिद्ध की जाये उसे साधर्म्योपनीत कहते हैं) उसके तीन प्रकार हैं–(१) किंचित्साधर्म्योपनीत, (२) प्रायःसाधर्म्योपनीत, और (३) सर्वसाधर्म्योपनीत।

SADHARMYOPANEET UPAMAAN

459. (Q.) What is this *Sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on similarity) ?

(Ans.) *Sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on similarity) is of three kinds—(1) *Kinchit sadharmyopaneet* (based on minimum similarity), (2) *Prayah sadharmyopaneet* (based on limited similarity), and (3) *Sarva sadharmyopaneet* (based on complete similarity).

४६०. से किं तं किंचिसाहम्मे ?

किंचिसाहम्मे–जहा मंदरो तहा सरिसवो जहा सरिसवो तहा मंदरो, जहा समुद्दो तहा गोप्पयं जहा गोप्पयं तहा समुद्दो, जहा आइच्चो तहा खज्जोतो जहा खज्जोतो तहा आइच्चो, जहा चंदो तहा कुंदो जहा कुंदो तहा चंदो। से तं किंचिसाहम्मे।

४६०. **(प्र.)** जिसमें आंशिक समानता हो, वह किंचित्साधर्म्योपनीत उपमान क्या है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उ.) जैसा मदर (मेरु) पर्वत है, वैसा ही सर्षप (सरसो) है और जैसा सर्षप है वैसा ही मेरु पर्वत है। जैसा समुद्र है, उसी प्रकार गोष्पद–(जल से भरा गाय के खुर का निशान जितना स्थान) है और जैसा गोष्पद है, वैसा ही समुद्र है तथा जैसा आदित्य–सूर्य है, वैसा खद्योत–जुगुनू है। जैसा खद्योत है, वैसा आदित्य है। जैसा चन्द्रमा है, वैसा कुंद (सफेद) पुष्प है, और जैसा कुंद है, वैसा चन्द्रमा है। यह किंचित्साधर्म्योपनीत है।

460. (Q.) What is this *Kinchit sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on minimum similarity) ?

(Ans.) The (examples of) *Kinchit sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on minimum similarity) are as follows—As is the Mandar mountain so is a mustard seed; as is a mustard seed so is the Mandar mountain (similarity of form). As is an ocean so is a puddle; as is a puddle so is an ocean (similarity of content). As is the sun so is a fire-fly; as is a fire-fly so is the sun (similarity of radiance). As is the moon so is a water-lily; as is a water-lily so is the moon (similarity of colour).

This concludes the description of *Kinchit sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on minimum similarity).

४६१. से किं तं पायसाहम्मे ?

पायसाहम्मे जहा गो तहा गवयो, जहा गवयो तहा गो। से तं पायसाहम्मे।

४६१. (प्र.) जिसमें अधिक समानता हो, वह प्रायःसाधर्म्योपनीत उपमान क्या है ?

(उ.) जैसी गाय है वैसा गवय (रोझ–नीलगाय) होता है और जैसा गवय है, वैसी गाय है। यह प्रायःसाधर्म्योपनीत है।

461. (Q.) What is this *Prayah sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on limited similarity) ?

(Ans.) The (examples of) *Prayah sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on limited similarity) are as follows—As is a cow so is a black-buck (similarity of body constitution, such as hoof, hump, horns, tail etc.).

This concludes the description of *Prayah sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on limited similarity).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४६२. से किं तं सव्वसाहम्मे ?

सव्वसाहम्मे ओवम्मं णत्थि, तहा वि तेणेव तस्स ओवम्मं कीरइ, जहा–अरहंतेहिं अरहंतसरिसं कयं, एवं चक्कवट्टिणा चक्कवट्टिसरिसं कयं, बलदेवेण बलदेवसरिसं कयं, वासुदेवेण वासुदेवसरिसं कयं, साहुणा साहुसरिसं कयं। से तं साहम्मोवणीए।

४६२. (प्र.) जिसमें पूर्ण समानता हो, वह सर्वसाधर्म्योपनीत उपमान क्या है?

(उ.) सर्वसाधर्म्य में उपमा नहीं होती, फिर भी उसी उपमान से उपमेय को उपमित किया जाता है। जैसे अरिहंत ने अरिहंत जैसा कार्य किया, चक्रवर्ती ने चक्रवर्ती जैसा, बलदेव ने बलदेव जैसा, वासुदेव ने वासुदेव के समान, साधु ने साधु के समान कार्य किया। यही सर्वसाधर्म्योपनीत है। यह साधर्म्योपनीत उपमानप्रमाण है।

विवेचन–दो भिन्न पदार्थो मे आंशिक गुण-धर्मो की समानता देखकर के एक को दूसरे की उपमा देना साधर्म्योपनीत उपमान है।

किंचित्साधर्म्योपनीत मे कुछ-कुछ समानता को लेकर उपमा दी जाती है। जैसे सर्षप और मेरु पर्वत के बीच संस्थान आदि की अपेक्षा बहुत भेद है, तथापि दोनो मूर्तिमान है और रूप, रस, गध, स्पर्शवान होने से पौद्गलिक है। इसी प्रकार से सूर्य और खद्योत मे मात्र प्रकाशकता की अपेक्षा समानता है, किन्तु बाकी बातो मे बहुत अन्तर है। इसीलिए ऐसी उपमा किंचित्साधर्म्योपनीत कहलाती है।

किंचित्साधर्म्योपनीत से प्राय:साधर्म्योपनीत उपमा का क्षेत्र कुछ अधिक व्यापक है। इसमे उपमेय और उपमान पदार्थ मे रही समानता अधिक होती है और असमानता बहुत कम रहती है जिससे श्रोता उपमेय वस्तु को तत्काल जान लेता है।

प्राय:साधर्म्योपनीत के लिए गो और गवय का उदाहरण दिया है। इसमे गो सास्ना (गलकम्बल–गले के नीचे लटकती हुई झालर) वाली है और गवय (नीलगाय) वर्तुलाकार (गोल) कठ वाला है। लेकिन खुर, ककुद, सीग आदि मे समानता है। इसीलिए यह प्राय साधर्म्योपनीत का उदाहरण है।

सर्वसाधर्म्योपनीत मे सब प्रकारो से समानता बताने के लिए उसी से उसको उपमित किया जाता है। यह सत्य है कि दो वस्तुओ में सर्व प्रकार से समानता नही मिलती है, फिर भी सर्व प्रकार से समानता का तात्पर्य यह है कि उस जैसा कार्य अन्य कोई नही कर सकता है। जैसे अरिहत आदि के उदाहरण दिये है कि तीर्थ स्थापना करना इत्यादि कार्य अरिहत करते है, उन्हे अन्य कोई नही करता है। यहाँ उस कार्य की श्रेष्ठता अथवा असाधारणता बताई गई है। लोक-व्यवहार मे भी देखा जाता है कि किसी के किये हुए अद्भुत कार्य के लिए कहा जाता है–इस कार्य को आप ही कर सकते है अथवा आपके तुल्य जो होगा, वही कर सकता है, अन्य नही। सर्वसाधर्म्योपनीत के लिए यह सस्कृत लोकोक्ति प्रसिद्ध है–**"गगनं गगनाकारं सागरः सागरोपमः। रामरावणयोर्युद्धं रामरावणयोरिव।"**–आकाश कैसा है? आकाश जैसा, समुद्र समुद्र जैसा ही है। राम-रावण का युद्ध राम-रावण के समान ही था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

462. (Q.) What is this *Sarva sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on complete similarity) ?

(Ans.) There is no analogy in complete similarity, yet an object is compared with itself. For example (it is commonplace to say)—the *Arhat* has acted like an *Arhat;* the *Chakravarti* (emperor) has acted like a *Chakravarti* (emperor); the *Baladev* has acted like a *Baladev;* the *Vasudev* has acted like a *Vasudev;* the ascetic has acted like an ascetic.

This concludes the description of *Sarva sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on complete similarity). This also concludes the description of *Sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on similarity).

Elaboration—To give an analogy by seeing similarities between attributes and properties of two different things is called *Sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on similarity).

In case of *Kinchit sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on minimum similarity) the analogy is based on least number of similarities. For example although a mustard seed and a mountain are very much dissimilar in structure (etc.), yet both are tangible and material having attributes of form, taste, smell and touch. In the same way the sun and a fire-fly are similar only in terms of being light emitting and dissimilar otherwise For this reason such analogy is called an analogy based on minimum similarity.

In case of *Prayah sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on limited similarity) the scope of similarity is comparatively wider. For example a cow has a large lobe-like extension under its neck whereas a black-buck has a curved neck. Although of different breed of animals they have similarities in terms of possessing hoofs, hump, horns etc. For this reason such analogy is called an analogy based on limited similarities

In case of *Sarva sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on complete similarity) an object is compared with itself in order to show complete similarity Although it is true that two things cannot be absolutely similar, here complete similarity has been stated in its negative connotation—'none other is like the object in question or can

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

act like it'. The example of *Arhat* has been given because none other but the *Arhat* can accomplish the deeds like establishing religious ford It implies the nature of the act or virtues In common usage also it is used for some unusual accomplishment—"None other but you or someone like you can accomplish this." For such complete similarity there is a proverb in Sanskrit—Sky is like sky alone and ocean is like ocean alone. In the same way the war between Rama and Ravana was like Rama and Ravana only

वैधर्म्योपनीत उपमान

४६३. से किं तं वेहम्मोवणीए ?

वेहम्मोवणीए तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–किंचिवेहम्मे, पायवेहम्मे, सव्ववेहम्मे।

४६३. (प्र.) वैधर्म्योपनीत क्या है ?

(उ.) वैधर्म्योपनीत के तीन प्रकार हैं, यथा–(१) किंचित्वैधर्म्योपनीत, (२) प्रायःवैधर्म्योपनीत, और (३) सर्ववैधर्म्योपनीत।

VAIDHARMYOPANEET UPAMAAN

463. (Q.) What is this *Vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on dissimilarity) ?

(Ans.) *Vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on dissimilarity) is of three kinds—(1) *Kinchit vaidharmyopaneet* (based on minimum dissimilarity), (2) *Prayah vaidharmyopaneet* (based on limited dissimilarity), and (3) *Sarva vaidharmyopaneet* (based on complete dissimilarity).

४६४. से किं तं किंचिवेहम्मे ?

किंचिवेहम्मे जहा सामलेरो न तहा बाहुलेरो, जहा बाहुलेरो न तहा सामलेरो। से तं किंचिवेहम्मे।

४६४. (प्र.) किंचित्वैधर्म्योपनीत क्या है ?

(उ.) (किसी गुण-विशेष की विलक्षणता प्रकट करने को किंचित्वैधर्म्योपनीत कहते हैं) वह इस प्रकार–जैसा शाबलेय (चितकबरी गाय का बछड़ा) होता है वैसा बाहुलेय (एक रंग वाली या काली गाय का बछड़ा) नहीं और जैसा बहुला गाय का बछड़ा वैसा शबला गाय का नहीं होता है। यह किंचित्वैधर्म्योपनीत है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

464. (Q.) What is this *Kinchit vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on minimum dissimilarity) ?

(Ans.) The (examples of) *Kinchit vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on minimum dissimilarity) are as follows—As is the calf of a speckled cow so is not a calf of a black cow; as is a calf of a black cow so is not the calf of a speckled cow.

This concludes the description of *Kinchit vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on minimum dissimilarity).

४६५. से किं तं पायवेहम्मे ?

पायवेहम्मे जहा वायसो न तहा पायसो, जहा पायसो न तहा वायसो। से तं पायवेहम्मे।

४६५. **(प्र.)** प्रायःवैधर्म्योपनीत किसे कहते हैं ?

(उ.) (अधिकाश रूप में अनेक अवयवगत विसदृशता–असमानता प्रकट करने को प्रायःवैधर्म्योपनीत कहते हैं)। यथा–जैसा वायस (कौआ) है वैसा पायस (खीर) नहीं होता और जैसा पायस होता है वैसा वायस नहीं। यही प्रायःवैधर्म्योपनीत है।

465. (Q.) What is this *Prayah vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on limited dissimilarity) ?

(Ans.) The (examples of) *Prayah vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on limited dissimilarity) are as follows—As is *vayas* (crow) so is not *payas* (*kheer;* a sweet dish of rice cooked in milk); as is *payas* so is not *vayas* (crow).

This concludes the description of *Prayah vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on limited dissimilarity).

४६६. से किं तं सव्ववेहम्मे ?

सव्ववेहम्मे नत्थि, तहा वि तेणेव तस्स ओवम्मं कीरइ, जहा–णीएणं णीयसरिसं कयं, दासेणं दाससरिसं कयं, काकेणं काकसरिसं कयं, साणेणं साणसरिसं कयं, पाणेणं पाणसरिसं कयं। से तं सव्ववेहम्मे। से तं वेहम्मोवणीए। से तं ओवम्मे।

॥ भावप्रमाणे त्ति पयं सम्मत्तं ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४६६. (प्र.) सर्ववैधर्म्योपनीत क्या है ?

(उ.) (जिसमें किसी भी प्रकार की समानता न हो, उसे सर्ववैधर्म्योपनीत कहते है) यद्यपि सर्ववैधर्म्य में उपमा नहीं होती है, तथापि उसी की उपमा उसी को दी जाती है, जैसे–नीच ने नीच के समान, दास ने दास के समान, कौए ने कौए जैसा, श्वान (कुत्ता) ने श्वान जैसा और चांडाल ने चांडाल के समान काम किया। यही सर्ववैधर्म्योपनीत है।

विवेचन–किंचित्वैधर्म्योपनीत में असमानता कम, समानता अधिक रहती है। प्रायःवैधर्म्योपनीत मे असमानता अधिक, समानता बहुत ही अल्प मात्र होती है। वायस और पायस नाम मे मात्र दो अक्षरों की समानता है। किन्तु वायस चेतन है और पायस जड पदार्थ है। इसलिए दोनों मे साम्य नही हो सकता है। केवल ध्वनि का साम्य प्रतीत होता है।

सर्ववैधर्म्योपनीत सर्वसाधर्म्योपनीत के एकदम विपरीत है। इसमे नीच की अत्यन्त नीचता प्रकट करने के लिए नीच को नीच का ही उदाहरण दिया जाता है। अर्थात् नीच व्यक्ति जैसा महापाप नही कर सकता, वैसा इसने किया। यह अर्थ व्यक्त होता है।

॥ भावप्रमाणपद प्रकरण समाप्त ॥

466. (Q.) What is this *Sarva vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on complete dissimilarity) ?

(Ans.) There is no analogy in complete dissimilarity, yet an object is compared with itself. For examples (it is commonplace to say)—a mean person has acted like a mean person; a servant has acted like a servant; a crow has acted like a crow; a dog has acted like a dog; a lowly individual has acted like lowly individual.

This concludes the description of *Sarva vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on complete dissimilarity). This also concludes the description of *Vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on dissimilarity). This concludes the description of *Upamaan Pramana* (standard of validation by analogical knowledge).

Elaboration—In case of *Kinchit vaidharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on minimum dissimilarity) the analogy is based on less dissimilarities and more similarities. In case of *Prayah sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on limited similarity) the dissimilarities are more and similarities are very little

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

For example the only similarities in *vayas* and *payas* is of two syllables *ya* and *sa*. But *vayas* is a living being and *payas* is a material thing, therefore they cannot be similar The only similarity being that these are like-sounding words.

Sarva vaidharmyopaneet upamaan (analogical knowledge based on complete dissimilarity) is exactly opposite of *Sarva sadharmyopaneet upamaan* (analogical knowledge based on complete similarity) in qualitative sense; that relates to virtues whereas this relates to vices. In order to express the extreme meanness of a person analogy of a mean person is given. It conveys the meaning that this person has committed a great sin that even a mean person cannot commit.

● END OF THE DISCUSSION ON BHAAVA PRAMANA ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगमप्रमाण-प्रकरण
THE DISCUSSION ON AGAM PRAMANA

आगमप्रमाण

४६७. से किं तं आगमे ?

आगमे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–लोइए य लोगुत्तरिए य।

४६७. (प्र.) आगमप्रमाण क्या है?

(उ.) आगम दो प्रकार का है। यथा–(१) लौकिक, और (२) लोकोत्तर।

AGAM PRAMANA

467. (Q.) What is this *Agam Pramana* (standard of validation by scriptural knowledge) ?

(Ans.) *Agam Pramana* (standard of validation by scriptural knowledge) is of two kinds—(1) *Laukik* (mundane), and (2) *Lokottar* (spiritual).

४६८. से किं तं लोइए ?

लोइए जण्णं इमं अण्णाणिएहिं मिच्छादिट्ठीएहिं सच्छंदबुद्धिमतिविगप्पियं। तं जहा–भारहं रामायणं जाव चत्तारि य वेदा संगोवंगा। से तं लोइए आगमे।

४६८. (प्र.) लौकिक आगम किसे कहते हैं?

(उ.) जिसे अज्ञानी मिथ्यादृष्टि जनों ने अपनी स्वच्छन्द बुद्धि और मति से रचा हो, उसे लौकिक आगम कहते हैं। यथा–भारत, रामायण यावत् सांगोपांग चार वेद। ये सब लौकिक आगम हैं। *(विस्तार हेतु देखें सचित्र अनुयोगद्वारसूत्र, भाग १, सूत्र ४९)*

468. (Q.) What is this *Laukik Agam* (mundane scripture) ?

(Ans.) The scriptures written by the ignorant and heretics with their willful mind and perspective is called *Laukik Agam* (mundane scripture). For example *Mahabharat, Ramayan* and so on, and the four *Vedas* with their *Angas* and *Upangas* (auxiliary literature of the *Vedas*). (for details refer to *Illustrated Anuyogadvar Sutra,* Part I, Aphorism 49)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

This concludes the description of *Laukik Agam* (mundane scripture).

४६९. से किं तं लोगुत्तरिए ?

लोगुत्तरिए जं इमं अरहंतेहिं भगवंतेहिं उप्पण्णणाण-दंसणधरेहिं तीय-पच्चुप्पण्ण-मणागयजाणएहिं तेलोक्कवहिय-महिय-पूइएहिं सव्वण्णूहिं सव्वदरिसीहिं पणीयं दुवालसंगं गणिपिडगं। तं जहा-आयारो जाव दिट्ठिवाओ। से तं लोगुत्तरिए आगमे।

४६९. (प्र.) लोकोत्तर आगम क्या है ?

(उ.) उत्पन्न ज्ञान-दर्शन के धारक, अतीत, प्रत्युत्पन्न (वर्तमान) और अनागत के ज्ञाता, त्रिलोकवर्ती जीवों द्वारा सहर्ष वंदित, पूजित सर्वज्ञ, सर्वदर्शी अरिहंत, भगवन्तो द्वारा प्रणीत आचारांग यावत् दृष्टिवाद पर्यन्त द्वादशांग रूप गणिपिटक लोकोत्तरिक आगम हैं।

469. (Q.) What is this *Lokottar Agam* (spiritual scripture) ?


(Ans.) *Lokottar Agam* (spiritual scripture) is the canon in the form of *Dvadashanga Ganipitak* (the twelve-part canon compiled by *Ganadharas*) expounded by those who are *Arhantas* (the venerated ones); *Bhagavantas* (the divinely magnificent ones); who have acquired ultimate knowledge and ultimate perception; who know all things of past, present and future; who are all knowing and all seeing; who are beheld, extolled and worshipped in the three worlds; and who are holders of uninterrupted excellent knowledge and perception. This *Ganipitak* includes *Acharanga,* and (so on up to) *Drishtivad.*

४७०. अहवा आगमे तिविहे पण्णत्ते। तं जहा-सुत्तागमे य अत्थागमे य तदुभयागमे य।

अहवा आगमे तिविहे पण्णत्ते। तं.-अत्तागमे, अणंतरागमे, परंपरागमे य।

तित्थगराणं अत्थस्स अत्तागमे, गणहराणं सुत्तस्स अत्तागमे अत्थस्स अणंतरागमे, गणहरसीसाणं सुत्तस्स अणंतरागमे अत्थस्स परंपरागमे, तेण परं सुत्तस्स वि अत्थस्स वि णो अत्तागमे णो अणंतरागमे परंपरागमे। से तं लोगुत्तरिए। से तं आगमे। से तं णाणगुणप्पमाणे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १५

Illustration No. 15

आगम प्रमाण के तीन भेद

(१) **आत्मागम**–तीर्थकर देव जो अर्थरूप उपदेश देते है, वह अर्थागम उनके लिए आत्मागम है तथा साक्षात् सुनने वाले गणधर आदि के लिए वह कथन अनन्तरागम है।

(२) **अनन्तरागम**–तीर्थंकरो के मुख से सुने आगम का कथन सुधर्मा स्वामी आदि गणधरो के लिए अनन्तरागम है तथा जम्बू स्वामी आदि शिष्यो के लिए परम्परागम है।

(३) **परम्परागम**–तीर्थकर व गणधरो के मुख से सुना हुआ ज्ञान जम्बू स्वामी तथा उनके शिष्यो के लिए परम्परागम है।

–सूत्र ४७०, पृष्ठ ३०१

THREE KINDS OF AGAM PRAMAAN

(1) Atmagam (Self-acquired Scriptural Knowledge)—*Arthagam* (scriptural knowledge of the meaning) is *Atmagam* for Tirthankars and *Anantaragam* (scriptural knowledge acquired in immediate succession) for *Ganadhars* who acquire it directly from the Tirthankar.

(2) Anantaragam—For *Ganadharas* like Sudharma Swami scriptural knowledge of the meaning is *Anantaragam* but for their disciples like Jambu Swami it is *Paramparagam.*

(3) Paramparagam (Scriptural Knowledge Acquired through Lineage)—For the disciples of the *Ganadharas* scriptural knowledge of the meaning is *Paramparagam.*

—Aphorism 470, p 301

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४७०. अथवा आगम तीन प्रकार का है। जैसे–(१) सूत्रागम, (२) अर्थागम, और (३) तदुभयागम।

अथवा (लोकोत्तरिक) आगम तीन प्रकार का है। यथा–(१) आत्मागम, (२) अनन्तरागम, और (३) परम्परागम।

अर्थागम (अर्थरूप शास्त्र) तीर्थंकरों के लिए आत्मागम है। सूत्र का ज्ञान गणधरों के लिए आत्मागम और अर्थ का ज्ञान अनन्तरागम है। गणधरों के शिष्यों के लिए सूत्रज्ञान अनन्तरागम और अर्थ का ज्ञान परम्परागम है। उसके बाद सूत्र और अर्थरूप आगम आत्मागम भी नहीं है, अनन्तरागम भी नहीं है, किन्तु परम्परागम है। यह लोकोत्तर आगम का स्वरूप है।

विवेचन–आगमप्रमाण के सम्बन्ध में जैन न्याय ग्रन्थो में बहुत ही विस्तारपूर्वक चर्चा मिलती है। आगम की जो भिन्न-भिन्न परिभाषाएँ की गई है, उनमें वृत्तिकार मलयगिरि द्वारा की गई परिभाषा इस प्रकार है–

(१) "**गुरु पारम्पर्येण आगच्छतीति आगमः।**"–जो गुरु (आचार्य) परम्परा से चला आ रहा है, वह आगम है।

(२) "**आ समन्ताद् गम्यते ज्ञायते जीवादयः पदार्था अनेनेति वा आगमः।**"–जिससे जीवादि पदार्थ भलीभाँति जाने जाते हैं, वह आगम है।

जैन दार्शनिकों के अनुसार आगम की परिभाषा इस प्रकार है–"**आप्तवचनादाविर्भूतमर्थसंवेदनमागमः।**" (न्यायदीपिका) आप्त (सर्वज्ञ) वचनो से प्राप्त होने वाला अर्थ ज्ञान आगम है।

लौकिक एवं लोकोत्तर आगम की चर्चा इसी शास्त्र के भाग १, सूत्र ४७ से ४९ मे तथा नन्दीसूत्र के श्रुतज्ञान प्रकरण मे की जा चुकी है। यहाँ लोकोत्तर आगम के दो प्रकार से तीन-तीन भेद बताये है।

वचन रचना को सूत्रागम, सम्यग् ज्ञान रूप अर्थ (भाव) को अर्थागम और जिसमे शब्द और अर्थ दोनो का ज्ञान हो, वह तदुभयागम है अथवा जिसमे सूत्र और अर्थ-व्याख्या दोनो एक साथ संकलित हो, वह तदुभयागम है।

तीर्थकर देव अर्थरूप मे ज्ञान देते है अतः वे अर्थागम के कर्त्ता है। सुधर्मादि गणधर उन वचनो को सूत्ररूप मे निबद्ध करते हैं अतः वे सूत्रागम के कर्त्ता है। जैसा कि आचार्य भद्रबाहु का कथन है–

"अत्थं भासइ अरहा, सुत्तं गंथंति गणहरा निउणा।"

"गुरु-मुख से आगम का पाठ व अर्थ का ज्ञान लेने वालो के लिए वह तदुभयागम है।"

दूसरी दृष्टि से आगम के तीन भेद इस प्रकार है–

आत्मागम–गुरु आदि के उपदेश के बिना अपने आप ही आत्मा मे अर्थ ज्ञान प्रकट होना। जैसे तीर्थकर, स्वयबुद्ध आदि को केवलज्ञान की प्राप्ति होती है अर्थात् स्वय बोध होना आत्मागम है।


Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनन्तरागम–जो बिना अन्तर के गुरु आदि से सीधा प्राप्त किया हो वह अनन्तरागम है। तीर्थंकरो के लिए अर्थागम आत्मागम है, गणधरो के लिए सूत्रागम आत्मागम है और तीर्थकरों द्वारा प्राप्त ज्ञान अर्थागम अनन्तरागम है।

परम्परागम–गणधरो के शिष्यो के लिए अर्थरूप आगम परम्परागम है और सूत्ररूप आगम अनन्तरागम है जो सीधा गणधरों से प्राप्त होता है। उनके बाद सब मुनियो के लिए सूत्रागम और अर्थागम–दोनों ही परम्परागम है। परम्परा से प्राप्त सभी ज्ञान परम्परागम है। *(अनुयोगद्वार उत्तरार्ध आचार्य श्री आत्माराम जी म, खण्ड २, पृ १९६)*

प्रमाण सम्बन्धी उक्त चर्चा सार रूप मे निम्न तालिका से समझी जा सकती है–

अनुयोगद्वारगत प्रमाण व्यवस्था



470. Also, *Agam* (scriptural knowledge) is of three kinds—(1) *Sutragam* (scriptural knowledge of the text), (2) *Arthagam*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(scriptural knowledge of the meaning), and (3) *Tadubhayagam* (scriptural knowledge of both, the text and the meaning).

Or, *Agam* (scriptural knowledge) is of three kinds—(1) *Atmagam* (self-acquired scriptural knowledge), (2) *Anantaragam* (scriptural knowledge acquired in immediate succession), and (3) *Paramparagam* (scriptural knowledge acquired through lineage).

Arthagam (scriptural knowledge of the meaning) is *Atmagam* (self-acquired scriptural knowledge) for *Tirthankars*. For *Ganadharas* (principle disciples of *Tirthankar*) *Sutragam* (scriptural knowledge of the text) is *Atmagam* (self-acquired scriptural knowledge) and *Arthagam* (scriptural knowledge of the meaning) is *Anantaragam* (scriptural knowledge acquired in immediate succession). For the disciples of the *Ganadharas* *Sutragam* (scriptural knowledge of the text) is *Anantaragam* (scriptural knowledge acquired in immediate succession) and *Arthagam* (scriptural knowledge of the meaning) is *Paramparagam* (scriptural knowledge acquired through lineage). Beyond this *Sutragam* (scriptural knowledge of the text) and *Arthagam* (scriptural knowledge of the meaning) both are neither *Atmagam* (self-acquired scriptural knowledge) nor *Anantaragam* (scriptural knowledge acquired in immediate succession) but only *Paramparagam* (scriptural knowledge acquired through lineage).

This concludes the description of *Lokottar Agam* (spiritual scripture). This concludes the description of *Agam Pramana* (standard of validation by scriptural knowledge). This also concludes the description of *Jnana Guna Pramana* (standard of validation by knowledge attributes).

Elaboration—Discussions about validation by scriptural knowledge are available in Jain works on logic in great detail. Of the various definitions of *Agam* (scriptures), the one by Malayagiri the commentator (*Vritti*) is—

(1) That which has been handed down through the lineage of *gurus* is called *Agam*.

(2) *Agam* is that through which one acquires proper knowledge of substances including *jiva* (soul)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The definition of *Agam* according to Jain philosophers is—the knowledge in the form of *arth* (essence or meaning) received through the words of an omniscient is called *Agam*

The details about mundane and spiritual *Agam* have already been included in the first part of this book (aphorisms 47-49) as well as in the chapter on *Shrut Jnana* in *Illustrated Nandi Sutra* Here the spiritual *Agam* has been categorized two ways into three categories each.

First of these is—*Agam* compiled in the form of text is *Sutragam,* right knowledge in the form of *arth* (meaning or essence) is *Arthagam;* and that where both are included is *Tadubhayagam.*

Tirthankar propounds knowledge in the form of *arth* (essence or meaning), thus he is the creator of *Arthagam. Ganadhars* compile that knowledge in the form of aphorisms and text, thus they are the authors of *Sutragam.* Acharya Bhadrabahu states—

"As a disciple acquires knowledge of text and its meaning from the *guru* it is *Tadubhayagam* for him "

The second way of categorization is—

Atmagam is the knowledge acquired through self-realization without any outside help including that from a *guru* The examples of this are *Tirthankar* and *Svayambuddha* etc In other words self-realization s *Atmagam*


Anantaragam is scriptural knowledge acquired directly from the preceptor *guru* Thus *Arthagam* (scriptural knowledge of the meaning) is *Atmagam* (self-acquired scriptural knowledge) for *Tirthankars.* For *Ganadharas* (principle disciples of *Tirthankar*) *Sutragam* (scriptural knowledge of the text) is *Atmagam* (self-acquired scriptural knowledge) and *Arthagam* (scriptural knowledge of the meaning) learned from *Tirthankar* is *Anantaragam* (scriptural knowledge acquired in immediate succession).

Paramparagam is scriptural knowledge acquired through lineage of *gurus* For the disciples of the *Ganadharas Arthagam* (scriptural knowledge of the meaning) is *Paramparagam* and *Sutragam* (scriptural knowledge of the text) given directly by *Ganadhars* is *Anantaragam* (scriptural knowledge acquired in immediate succession). Beyond this *Sutragam* and *Arthagam* both are *Paramparagam* only All knowledge acquired through tradition is *Paramparagam* (*Anuyogadvar Sutra,* Part II by Acharya Shri Atmaram ji M , p. 196)

The aforesaid information given as chart is as follows—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ANUYOGADVAR PRAMANA VYAVASTHA
(THE VALIDATION SYSTEM IN ANUYOGADVAR)



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४७१. से किं तं दंसणगुणप्पमाणे ?

दंसणगुणप्पमाणे चउव्विहे पण्णत्ते। तं जहा–१. चक्खुदंसणगुणप्पमाणे, २. अचक्खुदंसणगुणप्पमाणे, ३. ओहिदंसणगुणप्पमाणे, ४. केवलदंसणगुणप्पमाणे य।

चक्खुदंसणं चक्खुदंसणिस्स घड–पड–कड–रधादिएसु दव्वेसु,

अचक्खुदंसणं अचक्खुदंसणिस्स आयभावे,

ओहिदंसणं ओहिदंसणिस्स सव्वरूविदव्वेहिं न पुण सव्वपज्जवेहिं,

केवलदंसणं केवलदंसणिस्स सव्वदव्वेहिं सव्वपज्जवेहि य। से तं दंसणगुणप्पमाणे।

४७१. **(प्र.)** दर्शनगुणप्रमाण क्या है ?

(उ.) दर्शनगुणप्रमाण चार प्रकार का है। यथा–(१) चक्षुदर्शनगुणप्रमाण, (२) अचक्षुदर्शनगुणप्रमाण, (३) अवधिदर्शनगुणप्रमाण, और (४) केवलदर्शनगुणप्रमाण।

(१) चक्षुदर्शनी का चक्षुदर्शन घट, पट, कट, रथ आदि द्रव्यों में (रूपी पदार्थ को देखने में) होता है।

(२) अचक्षुदर्शनी का अचक्षुदर्शन आत्मभाव में होता है (अर्थात् चक्षु के अतिरिक्त अन्य चार इन्द्रियों एवं मन से होने वाला सामान्य बोध घटादि पदार्थों (ज्ञेय) के साथ ज्ञाता का संश्लेष–संयोग होने पर होता है)।

(३) अवधिदर्शनी का अवधिदर्शन सभी रूपी द्रव्यों में होता है, किन्तु सभी पर्यायो में नहीं होता है।

(४) केवलदर्शनी का केवलदर्शन सर्व द्रव्यों और सर्व पर्यायों में होता है। यही दर्शनगुणप्रमाण है।

DARSHAN GUNA PRAMANA

471. (Q.) What is this *Darshan Guna Pramana* (standard of validation by perception-attributes) ?

(Ans.) *Darshan Guna Pramana* (standard of validation by perception-attributes) is of four kinds—(1) *Chakshu-darshan Guna Pramana* (standard of validation by attributes of visual perception), (2) *Achakshu-darshan Guna Pramana* (standard of validation by attributes of non-visual perception), (3) *Avadhi-*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

darshan Guna Pramana (standard of validation by attributes of extrasensory perception of the physical dimension), and (4) *Keval-darshan Guna Pramana* (standard of validation by attributes of omni-perception).

(1) *Chakshu-darshan* (visual perception) of a person endowed with that capacity covers pitcher, cloth, mat, chariot and other such material things.

(2) *Achakshu-darshan* (non-visual perception) of a person endowed with that capacity covers things that come in contact with the self (this contact is through faculties other than visual perception, i.e. the remaining four sense organs and mind)

(3) *Avadhi-darshan* (extrasensory perception of the physical dimension) of a person endowed with that capacity covers all material things having a form but not all their modes or variant states.

(4) *Keval-darshan* (omni-perception) of a person endowed with that capacity covers all material things having a form and also all their modes or variant states.

This concludes the description of *Darshan Guna Pramana* (standard of validation by perception-attributes).

चारित्रगुणप्रमाण

४७२. से किं तं चरित्तगुणप्पमाणे ?

चरित्तगुणप्पमाणे पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. सामाइयचरित्तगुणप्पमाणे, २. छेदोवट्ठावणियचरित्तगुणप्पमाणे, ३. परिहारविसुद्धियचरित्तगुणप्पमाणे, ४. सुहुमसंपरायचरित्तगुणप्पमाणे, ५. अहक्खायचरित्तगुणप्पमाणे।

१. सामाइयचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–इत्तरिए य आवकहिए य।

२. छेदोवट्ठावणियचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–सातियारे य निरतियारे य।

३. परिहारविसुद्धियचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–णिव्विसमाणए य णिव्विट्ठकायिए य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. सुहुमसंपरायचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–संकिलिस्समाणयं च विसुज्झमाणयं च।

५. अहक्खायचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–पडिवाई य अपडिवाई य–छउमत्थे य केवलिए य। से तं चरित्तगुणप्पमाणे। से तं जीवगुणप्पमाणे। से तं गुणप्पमाणे।

॥ आगम प्रमाणे त्ति पयं सम्मत्तं ॥

४७२. **(प्र.)** चारित्रगुणप्रमाण क्या है ?

(उ.) चारित्रगुणप्रमाण के पाँच भेद हैं। यथा–(१) सामायिकचारित्रगुणप्रमाण, (२) छेदोपस्थापनीयचारित्रगुणप्रमाण, (३) परिहारविशुद्धिचारित्रगुणप्रमाण, (४) सूक्ष्मसंपरायचारित्रगुणप्रमाण, (५) यथाख्यातचारित्रगुणप्रमाण।

(१) सामायिकचारित्रगुणप्रमाण दो प्रकार का है–(क) इत्वरिक, और (ख) यावत्कथिक।

(२) छेदोपस्थापनीयचारित्रगुणप्रमाण के दो भेद हैं–(क) सातिचार, और (ख) निरतिचार।

(३) परिहारविशुद्धिचारित्रगुणप्रमाण दो प्रकार का है–(क) निर्विश्यमानक, और (ख) निर्विष्टकायिक।

(४) सूक्ष्मसंपरायचारित्रगुणप्रमाण दो प्रकार का है–(क) संक्लिश्यमानक, और (ख) विशुद्ध्यमानक।

(५) यथाख्यातचारित्रगुणप्रमाण के दो भेद हैं–(क) प्रतिपाती, और (ख) अप्रतिपाती। अथवा (क) छाद्मस्थिक, और (ख) कैवलिक।

यह चारित्रगुणप्रमाण का स्वरूप है। जीव गुणप्रमाण तथा गुणप्रमाण का कथन समाप्त हुआ।

विवेचन–चारित्र के वर्णन मे सर्वप्रथम 'चारित्र' शब्द का अर्थ समझे तो अधिक उपयोगी रहेगा। आचार्यो ने शब्द की दृष्टि से और अर्थ की दृष्टि से चारित्र की भिन्न-भिन्न परिभाषाएँ दी हैं।

चारित्र की परिभाषा–वृत्तिकार मलधारी हेमचन्द्र ने शब्द की दृष्टि से चारित्र का अर्थ किया है–**"चरति अनिन्दितमनेनेति चारित्रम्।"**–जिसको धारण करके मनुष्य अनिन्दित-श्रेष्ठ आचरण करता है, वह है चारित्र। (वृत्ति पत्राक २०१)

निम्न व्याख्या अर्थ या भाव की दृष्टि को अधिक स्पष्ट करती है–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"**अष्टविधकर्म चयरिक्तीकरणात् चारित्रम्।**"—आठ प्रकार के कर्मों के चय (समूह) को रिक्त–खाली करने की साधना चारित्र है। (विशेषावश्यकभाष्य जिनभद्रगणि)

चारित्र के भेद—आचार्यो ने विविध अपेक्षाओं से चारित्र के अनेक भेद बताये है–

एक भेद—सांसारिक प्रवृत्तियो से निवृत्ति रूप चारित्र एक है।

दो भेद—व्यवहार और निश्चय दृष्टि से चारित्र के दो भेद है। इन्द्रिय–सयम तथा प्राणि–संयम रूप चारित्र के दो भेद होते हैं।

तीन भेद—औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक चारित्र।

चार भेद—सराग संयम और वीतराग संयम (छद्मस्थ का) अयोग चारित्र और सयोग चारित्र (वीतराग का)।

पॉच भेद—प्रस्तुत सूत्र मे बताये हैं।

इसी तरह निवृत्ति रूप परिणामो की तरतमता की अपेक्षा चारित्र के संख्यात, असख्यात और अनन्त भेद हो सकते हैं।

(१) **सामायिकचारित्र**—आगमो के व्याख्याकार आचार्यो का कथन है कि वास्तव मे तो सामायिक रूप चारित्र एक ही प्रकार का है। क्योकि समस्त सावद्य प्रवृत्तियो का त्याग करना और रागरहित आत्मा का 'सम अवस्था'–समभाव मे स्थित रहना, सामायिक है और यही चारित्र है। फिर भी प्रायश्चित्त, विशिष्ट तपश्चरण और विशेष निर्मलता की दृष्टि से यहॉ उसके पॉच भेद बताये है। इनमे से सामायिक चारित्र के दो भेद है–

(क) इत्वरकालिक (अल्पकालिक) सामायिकचारित्र—प्रथम व अन्तिम तीर्थकरो के शासन मे जब तक पॉच महाव्रतों का आरोपण नही किया जाता, तब तक जघन्य ७ दिन, मध्यम ४ मास और उत्कृष्ट ६ मास तक सामायिकचारित्र मे रखा जाता है। उसके बाद छेदोपस्थापनीय (बडी दीक्षा) चारित्र अगीकार किया जाता है।

(ख) यावत्कथिक (यावज्जीवन)–बीच के २२ तीर्थकरो के शासन में सामायिकचारित्र यावज्जीवन काल का होता है। क्योंकि इन तीर्थंकरो के शिष्यो को दूसरी बार सामायिकचारित्र नहीं दिया जाता। प्रथम बार मे अगीकृत मुनि–दीक्षा ही उनके जीवनभर के लिए होती है।

(२) **छेदोपस्थापनीयचारित्र**—छेद + उपस्थापन = जिस चारित्र में पूर्व पर्याय का छेदन (काट) कर पुनः महाव्रतों का आरोपण किया जाता है उसे छेदोपस्थापनीय कहते है। इसके दो भेद है–

(क) सातिचार—व्रत भग हो जाने पर या दोष सेवन करने पर उसकी शुद्धि करके पुन. महाव्रतारोपण करना। यह प्रथम व अन्तिम तीर्थंकरो के शासन मे ही होता है।

(ख) निरतिचार—प्रथम दीक्षा के बाद (इत्वर सामायिक वाले मुनियो को) पुन. महाव्रतारोपण कराना (बडी दीक्षा देना) अथवा एक तीर्थ से दूसरे तीर्थं में जाने वाले साधुओ को महाव्रतारोपण कराना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(३) **परिहारविशुद्धिचारित्र**–जिस चारित्र साधना मे 'परिहार' अर्थात् तप विशेष द्वारा कर्म निर्जरा रूप विशेष शुद्धि होती है, वह परिहार + विशुद्धिचारित्र है।

मलधारीया वृत्ति के आधार पर आचार्य श्री आत्माराम जी म. ने परिहारविशुद्धिचारित्र की निम्न विधि का वर्णन किया है--

परिहारविशुद्धिचारित्र की विधि–स्वय तीर्थकर भगवान के समीप या तीर्थंकर भगवान के समीप रहकर जिसने पहले परिहारविशुद्धिचारित्र अगीकार किया है, उस साधु के पास यह चारित्र अंगीकार किया जाता है। परिहार तप ९ साधुओ का गण अगीकार करता है। इनमे से ४ साधु तप ग्रहण करते है, जो **पारिहारिक** कहलाते है। इनमें से चार परस्पर वैयावृत्य (सेवा) करते है, जो **आनुपारिहारिक** कहलाते है। एक साधु कल्पस्थित होता है जो गुरु रूप मे रहता है, जिसके पास पारिहारिक एव आनुपारिहारिक साधु आलोचना, वन्दना, प्रत्याख्यान करते है। वह सभी समाचारी का पालन करता है। पारिहारिक साधु ग्रीष्म ऋतु मे जघन्य एक उपवास, मध्यम बेला (दो उपवास) और उत्कृष्ट तेला (तीन उपवास) तप करते है तथा शिशिर ऋतु मे जघन्य बेला, मध्यम तेला और उत्कृष्ट चौला (४ उपवास) तप करते है। इसी प्रकार वर्षाकाल मे जघन्य तेला, मध्यम चौला और उत्कृष्ट पचौला (५ उपवास) तप करते है। शेष चार आनुपारिहारिक और कल्पस्थित ये पॉचो ही साधु प्रायः प्रतिदिन आहार करते है, उपवास आदि नही करते। आहार भी आयंबिल के सिवाय और कुछ नही करते अर्थात् प्रतिदिन लगातार आयबिल ही करते हैं। इस प्रकार पारिहारिक साधु छह मास तक तप करते हैं। छह मास तक तप करने के बाद वे (पारिहारिक साधु) आनुपारिहारिक बन जाते है। अर्थात्–पारिहारिको की वैयावृत्य करने वाले हो जाते है और जो पहले वैयावृत्य (आनुपारिहारिक) करते थे, वे अब पारिहारिक बन जाते है और छह मास तक पूर्ववत् तप करते है।


छह मास तप करने के बाद वे आनुपारिहारिक (वैयावृत्यशील) बन जाते है, अर्थात् तप करने लग जाते है। यह क्रम भी पूर्ववत् छह मास तक चलता है। इसी प्रकार ८ साधुओ के द्वारा तप कर लेने पर एक को गुरुपद पर स्थापित किया जाता है और शेष ७ वैयावृत्य करते है और गुरुपद पर रहा हुआ साधु तप करना शुरू करता है। यह भी छह मास तक लगातार तप करता है। यो १८ मास मे इस तप का कल्प पूर्ण होता है। परिहार तप के पूर्ण होने पर या तो वे साधु इसी कल्प को पुनः प्रारम्भ करते है या जिनकल्प धारण कर लेते है, या फिर वे वापस गच्छ मे आ जाते हैं। इस प्रकार ये तीन रास्ते है, उनके लिए। यह चारित्र (कल्प) सिर्फ छेदोपस्थापनिकचारित्र वालो के ही होता है, दूसरो के नही।

परिहारविशुद्धिचारित्र के दो भेद है–(क) **निर्विश्यमानक** (आसेव्यमानक) तप करने वाले साधु, तथा (ख) **निर्विष्टकायिक**–सेवा करने वाले तथा आलोचना कराने वाले गुरु का चारित्र।

(४) **सूक्ष्मसंपरायचारित्र**–सपराय का अर्थ है–क्रोधादि कषाय। जिस चारित्र मे सज्वलन आदि सूक्ष्म कषायो का अश विद्यमान हो। इसके भी दो भेद है–

(क) **संक्लिश्यमानक**–उपशम श्रेणी से गिरते हुए साधु के परिणाम सक्लेशयुक्त होते हैं, अत· उसका चारित्र सक्लिश्यमानक है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १६

Illustration No. 16

परिहारविशुद्धि चारित्र की आराधना

परिहारविशुद्धि चारित्र की आराधनाकाल में ६ मास तक चार मुनि तप करते है वे पारिहारिक तथा चार उनकी वैयावृत्य करते है वे आनुपारिहारिक कहलाते हैं। गुरु स्थान पर आसीन मुनि कल्पस्थित, जो उनको प्रत्याख्यान, आलोचना आदि कराते हैं। यह तप आराधना १८ मास मे पूर्ण होती है। *–सूत्र ४७२, पृष्ठ ३१०*

PROCEDURE OF PARIHARAVISHUDDHI CHARITRA

During this practice four ascetics actually perform the austerities for 6 months and they are called *Parihark.* Four other ascetics render services and are called *Anuparihark* An ascetic who acts like a guru and supervises all activities including the rituals of critical review, paying homage and atonement is called *Kalpasthit.* This practice is concluded in 18 months

—Aphorism 472, p 310

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ख) **विशुद्धयमानक**–उपशम श्रेणी तथा क्षपक श्रेणी पर चढते हुए साधु के परिणाम उत्तरोत्तर विशुद्ध होते है, उसका चारित्र।

(५) **यथाख्यातचारित्र**–कषायोदय का सर्वथा अभाव होने से अतिचाररहित विशुद्ध चारित्र। इसके दो भेद है–

(क) **छादमस्थिक**–११वे गुणस्थानवर्ती छद्मस्थ मुनि का चारित्र–इसमे मोह सर्वथा क्षीण नही होता, उपशान्त रहता है। अतः यह प्रतिपाति कहा जाता है।

(ख) **कैवलिक**–बारहवे गुणस्थान मे प्रवेश करते ही मोह क्षीण हो जाता है। फिर वह आगे १३वे तथा १४वे गुणस्थान मे ही पहुँचता है। क्षीण मोह मुनि का चारित्र अप्रतिपाति है। पाँच चारित्र के सम्बन्ध मे विस्तृत वर्णन के लिए ज्ञान मुनि कृत हिन्दी टीका पृ. ८१०–८१८ तथा जैन सिद्धान्त बोल सग्रह, भाग १ देखना चाहिए।

॥ आगम प्रमाणपद प्रकरण समाप्त ॥

CHARITRA GUNA PRAMANA

472. (Q.) What is this *Charitra Guna Pramana* (standard of validation by conduct-attributes) ?

(Ans.) *Charitra Guna Pramana* (standard of validation by conduct-attributes) is of five kinds—(1) *Samayik Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct of abstinence from all sinful activities including killing of living beings), (2) *Chhedopasthaniya Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct of re-initiation after rectifying faults), (3) *Pariharavishuddhi Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct of higher austerities leading to purity), (4) *Sukshmasamparaya Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct of the level where only residual subtle passions exist), (5) *Yathakhyat Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct defined as perfect).

(13) Shrutskandh samkhya—is the number of *Shrutskandhs* (a group of chapters combined to make a part of the book, volume).

(14) Anga samkhya—is the number of *Angas* (the name given to the books making the corpus of basic Jain scriptures said to have been propagated by a *Tirthankar,* viz *Acharanga*)

दृष्टिवादश्रुतपरिमाणसंख्या

४९५. से किं तं दिट्ठिवायसुयपरिमाणसंखा ?

दिट्ठिवायसुयपरिमाणसंखा अणेगविहा पण्णत्ता। तं जहा—पज्जवसंखा जाव अणुओगदारसंखा पाहुडसंखा पाहुडियासंखा पाहुडपाहुडियासंखा वत्थुसंखा पुव्वसंखा। से तं दिट्ठिवायसुयपरिमाणसंखा। से तं परिमाणसंखा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४९५. (प्र.) दृष्टिवादश्रुतपरिमाणसंख्या क्या है?

(उ.) दृष्टिवादश्रुतपरिमाणसंख्या के अनेक प्रकार हैं। यथा–पर्यवसंख्या यावत् अनुयोगद्वारसंख्या, प्राभृतसंख्या, प्राभृतिकासंख्या, प्राभृत-प्राभृतिकासंख्या, वस्तुसंख्या और पूर्वसंख्या।

यह दृष्टिवादश्रुतपरिमाणसंख्या का स्वरूप है। यही परिमाणसंख्या का निरूपण है।

विवेचन–जिसमे पर्यवसख्या से लेकर अनुयोगद्वारसंख्या तक के नाम तो कालिकश्रुतपरिमाणसंख्या के अनुरूप है और शेष प्राभृत आदि अधिक नामो का कथन सूत्र ४९५ के अनुसार है। ये प्राभृत आदि सब पूर्वान्तर्गत श्रुताधिकार है।

प्राभृत–वस्तु का एक अध्याय।

प्राभृतिका–अध्याय का एक प्रकरण।

प्राभृत-प्राभृतिका–अध्याय का अवान्तर प्रकरण।

वस्तु–अनेक प्राभृतों का समुदाय।

पूर्व–दृष्टिवादश्रुत का एक स्वतंत्र विभाग जिसमे विषयविशेष की चर्चा हो।

DRISHTIVAD SHRUT PARIMAAN SAMKHYA

495. (Q.) What is this *Drishtivad Shrut Parimaan samkhya* (number as measure of the corpus of scriptures called *Drishtivad*)?

(Ans.) *Drishtivad Shrut Parimaan samkhya* (number as measure of the corpus of scriptures called *Drishtivad*) is of many kinds—*Paryav* or *Prayaya samkhya*, (and so on up to) *Anuyogadvar samkhya, Prabhrit samkhya, Prabhritika samkhya, Prabhrit-prabhritika samkhya, Vastu samkhya* and *Purva samkhya.*

This concludes the description of *Drishtivad Shrut Parimaan samkhya* (number as measure of the corpus of scriptures called *Drishtivad*). This also concludes the description of *Parimaan samkhya* (*samkhya* as measure or extent).

Elaboration—Here the first ten terms are same as the preceding aphorism The following terms that are names of portions exclusively of *Purvas* (subtle canon) are explained as follows—

Prabhrit—one chapter of a *Vastu.*

Prabhritika—one section of a chapter.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Prabhrit-prabhritika—a section within a section of a chapter.

Vastu—A group of many chapters.

Purva—An independent section of *Drishtivad shrut* dealing with a specific subject.

(६) ज्ञानसंख्या

४९६. से किं तं जाणणासंखा ?

जाणणासंखा जो जं जाणइ सो तं जाणति, तं जहा–सद्दं सद्दिओ, गणियं गणिओ, निमित्तं नेमित्तिओ, कालं कालनाणी, वेज्जो वेज्जियं। से तं जाणणासंखा।

४९६. (प्र.) ज्ञानसंख्या क्या है ?

(उ.) जो जिसको जानता है उसे ज्ञानसंख्या कहते हैं। जैसे–शब्द को जानने वाला शाब्दिक, गणित को जानने वाला गणितज्ञ, निमित्त को जानने वाला नैमित्तिक, काल को जानने वाला कालज्ञानी (कालज्ञ) और वैद्यक को जानने वाला वैद्य।

यह ज्ञानसंख्या का स्वरूप है।

विवेचन–जिसके द्वारा वस्तु का स्वरूप जाना जाता है वह 'ज्ञान' और इस ज्ञान रूप सख्या को ज्ञानसख्या कहा जाता है।

(6) JNANA SAMKHYA

496. (Q.) What is this *Jnana samkhya* (*samkhya* as determinant of knowledge) ?

(Ans.) *Jnana samkhya* (*samkhya* as determinant of knowledge) defines the knower in context of what he knows. For example—One who knows *shabd* (words) is a *shabdik* (grammarian), one who knows *ganit* (mathematics) is a *ganitajna* (mathematician), one who knows *nimitta* (augury) is a *naimittik (augur),* one who knows *kaal* (time; also past, present and future) is a *kalajna* (timekeeper; also astrologer) and one who knows *vaidyak* (medicine) is a *vaidya* (doctor).

This concludes the description of *Jnana samkhya* (*samkhya* as determinant of knowledge).

Elaboration—What defines the knower in context of the subject he knows is *samkhya* (symbol) of that particular knowledge or subject.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(७) गणनासंख्या

४९७. से किं तं गणणासंखा ?

गणणासंखा एक्को गणणं न उवेति, दुप्पभितिसंखा। तं जहा–१. संखेज्जए, २. असंखेज्जए, ३. अणंतए।

४९७. (प्र.) गणनासंख्या क्या है ?

(उ.) 'एक' (१) की गणना नहीं होती है इसलिए दो से गणना प्रारम्भ होती है। वह गणनासंख्या–(१) संख्यात, (२) असंख्यात, और (३) अनन्त, इस तरह तीन प्रकार की जानना चाहिए।

विवेचन–गणना दो से प्रारम्भ होती है। एक सख्या तो है, किन्तु गणना नहीं है। एक का वर्ग करने से १ × १ = १ ही आता है, अर्थात् सख्या में वृद्धि नहीं होती, इसलिए 'एक' गणनासंख्या मे नहीं गिना जाता। (लोक प्रकाश ४/३१०) यह गणनासंख्या सख्येय (संख्यात), असंख्येय (असख्यात) और अनन्त के भेद से तीन प्रकार की है।

(7) GANANA SAMKHYA (SAMKHYA AS COUNTING)

497. (Q.) What is this *Ganana samkhya* (*samkhya* as counting) ?

(Ans.) As one (1) is beyond the scope of counting, the numbers (*samkhya*) start from two (2) and *Ganana samkhya* (*samkhya* as counting) is as follows—(1) *Samkhyat* (countable), (2) *Asamkhyat* (uncountable or innumerable), and (3) *Anant* (infinite).

Elaboration—Counting starts with the numeral two (2). Although one (1) is a numeral it has no mathematical significance. The square of one is one only, which means it does not increase and that is the reason it is not included in *Ganana samkhya* (number as counting) (*Lok Prakash* 4/310) This *Ganana samkhya* (number as counting) is of three kinds—countable, uncountable and infinite

संख्यात आदि के तीन भेद

४९८. से किं तं संखेज्जए ?

संखेज्जए तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–जहण्णए उक्कोसए अजहण्णमणुक्कोसए।

४९८. (प्र.) संख्यात का स्वरूप क्या है ?

(उ.) संख्यात तीन प्रकार का है, जैसे–(१) जघन्य संख्यात, (२) उत्कृष्ट संख्यात, और (३) अजघन्य-अनुत्कृष्ट (मध्यम) संख्यात।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

SUB-CATEGORIES

498. (Q.) What is this *Samkhyat* (countable) ?

(Ans.) *Samkhyat* (countable) is of three kinds—(1) *Jaghanya samkhyat* (countable minimum), (2) *Utkrisht samkhyat* (countable maximum), and (3) *Ajaghanya-anutkrisht samkhyat* (countable intermediate, i.e. neither maximum nor minimum).

४९९. से किं तं असंखेज्जए ?

असंखेज्जए तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–परित्तासंखेज्जए, जुत्तासंखेज्जए, असंखेज्जासंखेज्जए।

४९९. (प्र.) असंख्यात क्या है ?

(उ.) असंख्यात के तीन प्रकार हैं, जैसे–(१) परीतासंख्यात, (२) युक्तासंख्यात, और (३) असंख्यातासंख्यात।

499. (Q.) What is this *Asamkhyat* (innumerable) ?

(Ans.) *Asamkhyat* (innumerable) is of three kinds—(1) *Parit Asamkhyat* (lower innumerable), (2) *Yukt Asamkhyat* (innumerable raised to the power of itself), and (3) *Asamkhyat-asamkhyat* (innumerable-innumerable).

५००. से किं तं परित्तासंखेज्जए ?

परित्तासंखेज्जए तिविहे पण्णत्ते। तं.–जहण्णए उक्कोसए अजहण्णमणुक्कोसए।

५००. (प्र.) परीतासंख्यात क्या है ?

(उ.) परीतासंख्यात तीन प्रकार का है–(१) जघन्य परीतासंख्यात, (२) उत्कृष्ट परीतासख्यात, और (३) अजघन्य–अनुत्कृष्ट (मध्यम) परीतासंख्यात।

500. (Q.) What is this *Parit Asamkhyat* (lower innumerable) ?

(Ans.) *Parit Asamkhyat* (lower innumerable) is of three kinds—(1) *Jaghanya Parit Asamkhyat* (minimum lower innumerable), (2) *Utkrisht Parit Asamkhyat* (maximum lower innumerable), and (3) *Ajaghanya-anutkrisht Parit Asamkhyat* (intermediate lower innumerable, i.e. neither maximum nor minimum).

५०१. से किं तं जुत्तासंखेज्जए ?

जुत्तासंखेज्जए तिविहे पण्णत्ते। तं.–जहण्णए उक्कोसए अजहण्णमणुक्कोसए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५०१. (प्र.) युक्तासंख्यात क्या है ?

(उ.) युक्तासंख्यात तीन प्रकार का है। यथा–(१) जघन्य युक्तासंख्यात, (२) उत्कृष्ट युक्तासंख्यात, और (३) अजघन्यानुत्कृष्ट (मध्यम) युक्तासंख्यात।

501. (Q.) What is this *Yukt Asamkhyat* (innumerable raised to the power of itself) ?

(Ans.) *Yukt Asamkhyat* (innumerable raised to the power of itself) is of three kinds—(1) *Jaghanya Yukt Asamkhyat* (innumerable raised to the power of itself, minimum), (2) *Utkrisht Yukt Asamkhyat* (innumerable raised to the power of itself, maximum), and (3) *Ajaghanya-anutkrisht Yukt Asamkhyat* (innumerable raised to the power of itself, intermediate, i.e. neither maximum nor minimum).

५०२. से किं तं असंखेज्जासंखेज्जए ?

असंखेज्जासंखेज्जए तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–जहण्णए उक्कोसए अजहण्णमणुक्कोसए।

५०२. (प्र.) असंख्यातासंख्यात क्या है ?

(उ.) असंख्यातासंख्यात तीन प्रकार का है। यथा–(१) जघन्य असंख्यातासंख्यात, (२) उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात, और (३) अजघन्यानुत्कृष्ट (मध्यम) असंख्यातासंख्यात।

502. (Q.) What is this *Asamkhyat-asamkhyat* (innumerable-innumerable) ?

(Ans.) *Asamkhyat-asamkhyat* (innumerable-innumerable) is of three kinds—(1) *Jaghanya Asamkhyat-asamkhyat* (minimum innumerable-innumerable), (2) *Utkrisht Asamkhyat-asamkhyat* (maximum innumerable-innumerable), and (3) *Ajaghanya-anutkrisht Asamkhyat-asamkhyat* (intermediate innumerable-innumerable, i.e. neither maximum nor minimum).

५०३. से किं तं अणंतए ?

अणंतए तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–परित्ताणंतए जुत्ताणंतए अणंताणंतए।

५०३. (प्र.) अनन्त क्या है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उ.) अनन्त के तीन प्रकार हैं। यथा–(१) परीतानन्त, (२) युक्तानन्त, और (३) अनन्तानन्त।

503. (Q.) What is this *Anant* (infinite) ?

(Ans.) *Anant* (infinite) is of three kinds—(1) *Parit Anant* (lower infinite), (2) *Yukt Anant* (infinite raised to the power of itself), and (3) *Anant-anant* (infinite-infinite).

५०४. से किं तं परित्ताणंतए ?

परित्ताणंतए तिविहे पण्णत्ते। तं.–जहण्णए उक्कोसए अजहण्णमणुक्कोसए।

५०४. (प्र.) परीतानन्त किसे कहते हैं ?

(उ.) परीतानन्त तीन प्रकार का है। यथा–(१) जघन्य परीतानन्त, (२) उत्कृष्ट परीतानन्त, और (३) अजघन्य-अनुत्कृष्ट (मध्यम) परीतानन्त।

504. (Q.) What is this *Parit Anant* (lower infinite) ?

(Ans.) *Parit Anant* (lower infinite) is of three kinds—(1) *Jaghanya Parit Anant* (minimum lower infinite), (2) *Utkrisht Parit Anant* (maximum lower infinite), and (3) *Ajaghanya-anutkrisht Parit Anant* (intermediate lower infinite, i.e. neither maximum nor minimum).

५०५. से किं तं जुत्ताणंतए ?

जुत्ताणंतए तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–जहण्णए उक्कोसए अजहण्णमणुक्कोसए।

५०५. (प्र.) युक्तानन्त किसे कहते है ?

(उ.) युक्तानन्त के तीन प्रकार हैं, जैसे–(१) जघन्य युक्तानन्त, (२) उत्कृष्ट युक्तानन्त, और (३) अजघन्य-अनुत्कृष्ट (मध्यम) युक्तानन्त।

505. (Q.) What is this *Yukt Anant* (infinite raised to the power of itself) ?

(Ans.) *Yukt Anant* (infinite raised to the power of itself) is of three kinds—(1) *Jaghanya Yukt Anant* (infinite raised to the power of itself, minimum), (2) *Utkrisht Yukt Anant* (infinite raised to the power of itself, maximum), and (3) *Ajaghanya-anutkrisht Yukt Anant* (infinite raised to the power of itself, intermediate, i.e. neither maximum nor minimum).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५०६. से किं तं अणंताणंतए ?

अणंताणंतए दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–जहण्णए य अजहण्णमणुक्कोसए य।

५०६. (प्र.) अनन्तानन्त क्या है ?

(उ.) अनन्तानन्त के दो प्रकार हैं। यथा–(१) जघन्य अनन्तानन्त, और (२) अजघन्य-अनुत्कृष्ट (मध्यम) अनन्तानन्त।

विवेचन–उक्त प्रश्नोत्तरो में गणना संख्या के सख्यात, असख्यात और अनन्त ये तीन मुख्य भेद बताकर तीन मुख्य भेदों के अवान्तर बीस भेद-प्रभेदो का निरूपण है। संख्यात के तो जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट ये तीन अवान्तर भेद है। लेकिन असंख्यात और अनन्त के मुख्य तीन अवान्तर भेदो के नामो मे परीत और युक्त तो समान है किन्तु तीसरे भेद का नाम असंख्यातासंख्यात और अनन्तानन्त है। अनन्तानन्त में उत्कृष्ट अनन्तानन्त असम्भव होने से यह भेद नही बनता है। अतएव अनन्त के आठ ही भेद होते है। उक्त कथन की संक्षिप्त तालिका इस प्रकार बनती है–

(१) त्रिविध संख्यात

१ जघन्य	२. मध्यम	३ उत्कृष्ट
(दो की संख्या)	(तीन से लेकर उत्कृष्ट संख्यात से एक कम)	(इसके चार भेद आगे सूत्र ५०८ मे बताये हैं)

(२) नवविध असंख्यात

१. परीतासंख्यात	२ युक्तासंख्यात	३ असंख्यातासंख्यात
१. जघन्य	४. जघन्य	७. जघन्य
२ मध्यम	५. मध्यम	८ मध्यम
३. उत्कृष्ट	६. उत्कृष्ट	९. उत्कृष्ट

(३) अष्टविध अनन्त

१. परीतानन्त	२ युक्तानन्त	३. अनन्तानन्त
१. जघन्य	४. जघन्य	७. जघन्य
२. मध्यम	५. मध्यम	८. मध्यम
३. उत्कृष्ट	६. उत्कृष्ट	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

506. (Q.) What is this *Anant-anant* (infinite-infinite) ?

(Ans.) *Anant-anant* (infinite-infinite) is of two kinds— (1) *Jaghanya Anant-anant* (minimum infinite-infinite), and (2) *Ajaghanya-anutkrisht Anant-anant* (intermediate infinite-infinite, i.e. neither maximum nor minimum).

Elaboration—In the aforesaid question-answers three basic categories of counting have been enumerated as countable, innumerable and infinite. Further, their sub-categories have been defined. Countable has three sub-categories, viz. maximum, intermediate and minimum. In case of innumerable and infinite the first two categories, *Parit* and *Yukt,* are same but the third one is called innumerable-innumerable and infinite-infinite respectively. In case of infinite-infinite there is no scope of maximum, therefore this sub-category is absent. Thus Infinite has only eight kinds. This information compressed as a table is as follows—

(1) Three Samkhyat

1 Minimum	2. Intermediate	3. Maximum
(number 2)	(3 to one less the maximum)	(has four types— aphorism 508)

(2) Nine Innumerable

1. *Parit*-innumerable	2. *Yukt*-innumerable	3. innumerable-innumerable
1. Minimum	4. Minimum	7. Minimum
2. Intermediate	5. Intermediate	8. Intermediate
3. Maximum	6. Maximum	9. Maximum

(3) Eight Infinite

1. *Parit*-infinite	2. *Yukt*-infinite	3 infinite-infinite
1 Minimum	4. Minimum	7. Minimum
2. Intermediate	5. Intermediate	8. Intermediate
3. Maximum	6. Maximum	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५०७. जहण्णयं संखेज्जयं केत्तियं होइ ?

दोरूवाइं, तेण परं अजहण्णमणुक्कोसयाइं ठाणाइं जाव उक्कोसयं संखेज्जयं ण पावइ।

५०७. (प्र.) जघन्य संख्यात कितना होता है? (अर्थात् किस संख्या से लेकर किस संख्या तक जघन्य संख्यात माना जाता है?)

(उ.) दो की संख्या जघन्य संख्यात है, उसके पश्चात् (तीन, चार आदि) यावत् उत्कृष्ट संख्यात में एक कम रहने तक संख्यात है।

TYPES OF SAMKHYAT

507. (Q.) How much is *Jaghanya samkhyat* (minimum countable)?

(Ans.) *Jaghanya samkhyat* (minimum countable) is number two (2). After that (three, four etc.) up to one less than *Utkrisht samkhyat* (maximum countable) are *Ajaghanya-anutkrisht samkhyat* (intermediate numbers).

५०८. उक्कोसयं संखेज्जयं केत्तियं होइ ?

उक्कोसयं संखेज्जयस्स परूवणं करिस्सामि–से जहानामए पल्ले सिया, एगं जोयणसयसहस्सं आयामविक्खंभेणं, तिण्णि जोयणसयसहस्साइं सोलस य सहस्साइं दोण्णि य सत्तावीसे जोयणसते तिण्णि य कोसे अट्ठावीसं च धणुसतं तेरस य अंगुलाइं अद्धंगुलयं च किंचिविसेसाहियं परिक्खेवेणं पण्णत्ते। से णं पल्ले सिद्धत्थयाणं भरिए। ततो णं तेहिं सिद्धत्थएहिं दीव–समुद्दाणं उद्धारे घेप्पति, एगे दीवे एगे समुद्दे २ एवं पक्खिप्पमाणेहिं २ जावइया णं दीव–समुद्दा तेहिं सिद्धत्थएहिं अप्फुण्णा एस णं एवतिए खेत्ते पल्ले आइट्ठे।

से णं पल्ले सिद्धत्थयाणं भरिए। ततो णं तेहिं सिद्धत्थएहिं दीव–समुद्दाणं उद्धारे घेप्पति एगे दीवे एगे समुद्दे २ एवं पक्खिप्पमाणेहिं २ जावइया णं दीव–समुद्दा तेहिं सिद्धत्थएहिं अप्फुन्ना एस णं एवतिए खेत्ते पल्ले पढमा सलागा, एवइयाणं सलागाणं असंलप्पा लोगा भरिया तहा वि उक्कोसयं संखेज्जयं ण पावइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहा को दिट्टंतो ?

से जहाणामए मंचे सिया आमलगाणं भरिते, तत्थ णं एगे आमलए पक्खित्ते से माते, अण्णे वि पक्खित्ते से वि माते, अन्ने वि पक्खित्ते से वि माते, एवं पक्खिप्पमाणे २ होही से आमलए जम्मि पक्खित्ते से मंचए भरिज्जिहिइ जे वि तत्थ आमलए न माहिति।

५०८. (प्र.) उत्कृष्ट संख्यात कितना है ?

(उ.) उत्कृष्ट संख्यात की प्ररूपणा इस प्रकार करूँगा–(असत्कल्पना से) जैसे एक लाख योजन लम्बा-चौड़ा और तीन लाख सोलह हजार दो सो सत्ताईस योजन, तीन कोश, अट्ठाईस सौ धनुष एवं साढ़े तेरह अंगुल से कुछ अधिक परिधि वाला कोई एक (अनवस्थित नामक) पल्य (कोठा/कुआँ) हो। रत्नप्रभापृथ्वी इस पल्य को सर्षपों–सरसों के दानों से भर दिया जाये। उन सर्षपों से द्वीप और समुद्रों का उद्धार (परिमाण) जाना जाता है अर्थात् उन सर्षपों में से एक को द्वीप (जम्बूद्वीप) में, एक को समुद्र (लवण-समुद्र) में फिर एक द्वीप में, एक समुद्र में इस क्रम से गिराते जाने से उन दानों से जितने द्वीप-समुद्र भर जायें–(व्याप्त हो जायें) उतने क्षेत्र का अनवस्थित पल्य बुद्धि से परिकल्पित करके उस पल्य को सरसों के दानों से भर दिया जाये। तदनन्तर उन सरसों के दानों से द्वीप-समुद्रों की संख्या का प्रमाण जाना जाता है। अनुक्रम से एक द्वीप में और एक समुद्र में इस तरह गिराते हुए जितने द्वीप-समुद्र उन सरसों के दानों से भर जायें, उनके समाप्त होने पर एक दाना शलाकापल्य में डाल दिया जाये। इस प्रकार के शलाका रूप पल्य में भरे सरसों के दानों से असंलप्य-अकथनीय लोक भरे हुए हों तब भी उत्कृष्ट संख्या का स्थान प्राप्त नहीं होता है।

इसके लिए कोई दृष्टान्त है ? (जिज्ञासु ने पूछा।)

(आचार्य ने उत्तर दिया)–जैसे कोई एक मंच (मचान) हो और वह ऑवलों से भरा हो, वहाँ एक ऑवला डाला तो वह भी समा गया, दूसरा डाला तो वह भी समा गया, तीसरा डाला तो वह भी समा गया, इस प्रकार उन्हें डालते-डालते अन्त में एक ऑवला ऐसा होगा कि जिसके डालने से मंच पूर्ण भर जाता है। उसके बाद वहाँ ऑवला नहीं समाता है। (इसी प्रकार बारम्बार डाले गये सरसों से जब असंलप्य–बहुत से पल्य नीचे से ऊपर तक भर जायें, उनमें एक सरसों जितना भी स्थान खाली न रहे तब उत्कृष्ट संख्या का स्थान प्राप्त होता है।)

विवेचन–प्रस्तुत सूत्रो मे सख्यात गणनासख्या के जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट–इन तीनो भेदो का स्वरूप बताया है।

जघन्य संख्यात–दो की सख्या जघन्य संख्यात है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मध्यम संख्यात–जघन्य संख्यात–दो से ऊपर और उत्कृष्ट सख्यात से पूर्व तक की मध्यवर्ती सब सख्यायें मध्यम संख्यात हैं। इसके लिए कल्पना से मान लें कि १०० की सख्या उत्कृष्ट और २ की सख्या जघन्य संख्यात है तो २ और १०० के बीच ३ से लेकर ९९ तक की सभी सख्याएँ मध्यम सख्यात है।

उत्कृष्ट संख्यात–दो से लेकर दहाई, सैकडा, हजार, लाख, करोड शीर्षप्रहेलिका आदि जो संख्यात की राशियॉ है, उनका तो किसी न किसी प्रकार कथन किया जाना शक्य है, लेकिन संख्या इतनी ही नहीं है। अतएव उसके बाद की संख्या का कथन उपमा द्वारा ही सम्भव है। इसलिए सूत्र में उपमा-कल्पना का आधार लेकर उत्कृष्ट सख्यात का स्वरूप स्पष्ट किया है।

शास्त्र में सत् और असत् दो प्रकार की कल्पना होती है। कार्य में परिणत हो सकने वाली कल्पना को सत्कल्पना और जो किसी वस्तु का स्वरूप समझाने मे तो उपयोगी हो, किन्तु कार्य मे परिणत न की जा सके उसे असत्कल्पना कहते हैं। सूत्रोक्त पल्य का विचार असत्कल्पना है और उसका प्रयोजन उत्कृष्ट सख्यात का स्वरूप समझाना मात्र है। मलधारीयावृत्ति तथा तिलोयपण्णत्ति आदि ग्रन्थो के आधार पर आचार्य महाप्रज्ञ जी ने उत्कृष्ट संख्यात आदि का जो स्वरूप समझाया है, वह बहुत विस्तृत, जटिल गणित का विषय होने से परिशिष्ट में दिया गया है। (परिशिष्ट ३ देखें)

508. (Q.) How much is *Utkrisht samkhyat* (maximum countable)?

(Ans.) I will explain *Utkrisht samkhyat* (maximum countable) as follows—Suppose there is an imaginary circular *palya* (silo) which is said to be one hundred thousand *yojan* in length and breadth and a little more than three hundred sixteen thousand two hundred twenty seven (3,16,227) *yojan*, three *Kosa*, twenty eight hundred *Dhanush* and thirteen and a half *Anguls* in circumference. (This is the measure of Jambudveep.) This silo is filled with mustard seeds. Then those mustard seeds are emptied in continents and oceans by throwing one mustard seed in one ocean and one in one continent consecutively. Now imagine a silo of such vast area as the total number of continents and oceans thus touched by all those mustard seeds thrown one after another. This latter silo (called *anavasthit-palya*) is now filled with mustard seeds. Then those mustard seeds are emptied in continents and oceans by throwing one mustard seed in one ocean and one in one continent consecutively. Now imagine a silo of such vast area as the total number of continents and oceans thus touched by all those mustard seeds thrown one after another. One mustard seed is now put in this enormous silo (called *Shalaka-palya*). Even if unimaginable number of *Loks* (islands and oceans) are filled with mustard seeds from such enormous silo one does not arrive at *Utkrisht samkhyat* (maximum countable).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Q.) Is there an example for this ?

(Ans.) Yes. Suppose there is a platform filled with *amla* (hog-plum) fruits. If one more is added it gets accommodated, yet another is added, that too is accommodated. When this process of adding is continued again and again there will be one last fruit on adding which the platform will be absolutely full. After this, no more fruits can be accommodated there. (In the same way when many said silos are filled completely by adding mustard seeds one by one and there is no place even for a single mustard seed then we arrive at the maximum number.)

Elaboration—In these aphorisms minimum, intermediate and maximum, the three kinds of *samkhyat* (countable numbers), have been explained.

Jaghanya samkhyat (minimum countable)—It is the numerical number two (2).

Madhyam or Ajaghanya-anutkrisht samkhyat (intermediate numbers)—All the numbers after that two (three, four etc.) up to one less than *Utkrisht samkhyat* (maximum countable). Suppose 100 is the maximum *samkhyat*; 2 being the minimum *samkhyat* all the numbers from 3 to 99 become *madhyam samkhyat*

Utkrisht samkhyat (maximum countable)—It is possible to express in realistic terms numbers like two, tens, hundreds, thousands, hundred thousands, millions and so on up to *Sheersh Prahelika* (10^{273}) but the counting does not end there. Therefore beyond these realistically expressed numbers it is possible to express higher numbers by analogies or metaphors. Here this concept of maximum number has been explained with the help of an imaginary analogy.

In scriptures there is a mention of two kinds of concepts—real and imaginary. A concept that can be transformed into action is called realistic concept and that which cannot be transformed into action but used as an analogy to explain something is called imaginary concept. The concept of silo in this aphorism is an imaginary concept and the only purpose it serves is to explain the term *Utkrisht samkhyat.* The detailed explanation given by Acharya Mahaprajna in his commentary is based on *Maladhariya Vritti, Tiloyanapannati,* and other such works. It is a complex mathematical topic therefore it has been included as appendix for those who have mathematical bent. (Appendix 3)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५०९. एवामेव उक्कोसए संखेज्जए रूवं पक्खित्तं जहण्णयं परित्तासंखेज्जयं भवति, तेण परं अजहण्णमणुक्कोसयाइं ठाणाइं जाव उक्कोसयं परित्तासंखेज्जयं ण पावइ।

५०९. इसी प्रकार उत्कृष्ट संख्यात में (एक) बढ़ाने से जघन्य परीतासंख्यात होती है। जघन्य परीतासंख्यात के आगे और उत्कृष्ट परीतासंख्यात से पहले अजघन्य-अनुत्कृष्ट (मध्यम) परीतासंख्यात का स्थान है।

PARIT ASAMKHYAT

509. In the same way when one is added to *Utkrisht samkhyat* (maximum countable) we arrive at *Jaghanya Parit Asamkhyat* (minimum lower innumerable). After *Jaghanya Parit Asamkhyat* (minimum lower innumerable) and before *Utkrisht Parit Asamkhyat* (maximum lower innumerable) is the position of *Ajaghanya-anutkrisht Parit Asamkhyat* (intermediate lower innumerable).

५१०. उक्कोसयं परित्तासंखेज्जयं केत्तियं होति ?

उक्कोसयं परित्तासंखेज्जयं जहण्णयं परित्तासंखेज्जयं जहण्णयपरित्तासंखेज्जयमेत्ताणं रासीणं अण्णमण्णब्भासो रूवूणो उक्कोसयं परित्तासंखेज्जयं होति, अहवा जहन्नयं जुत्तासंखेज्जयं रूवूणं उक्कोसयं परित्तासंखेज्जयं होइ।

५१०. (प्र.) उत्कृष्ट परीतासंख्यात कितना होता है ?

(उ.) जघन्य परीतासंख्यात राशि को जघन्य परीतासंख्यात राशियों से परस्पर गुणित करने पर जो राशि आती है अथवा एक कम जघन्य युक्तासंख्यात उत्कृष्ट परीतासंख्यात का होता है।

विवेचन--उक्त दो सूत्रो मे असख्यात के प्रथम भेद परीतासख्यात के जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट इन तीनो भेदो का स्वरूप बताया गया है।

जघन्य और मध्यम का स्वरूप सुगम है। उत्कृष्ट संख्यात राशि मे एक और मिलाने से जघन्य परीतासंख्यात राशि हो जाती है। कल्पना करें जैसे उत्कृष्ट संख्यात की राशि १०० है, इस राशि में एक (१) मिलाने पर प्राप्त राशि जघन्य परीतासंख्यात होगी अर्थात् १०० उत्कृष्ट संख्यात और १०० + १ = १०१ जघन्य परीतासख्यात राशि हुई तथा जघन्य से ऊपर और उत्कृष्ट से नीचे (एक कम) तक की संख्याएँ मध्यम परीतासंख्यात है।

जघन्य परीतासख्यात राशि को उतने ही प्रमाण वाली राशि से अभ्यास (गुणा) करने से प्राप्त राशि में से एक कम कर देने पर प्राप्त राशि उत्कृष्ट परीतासंख्यात होती है। जिसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिस संख्या का अभ्यास करना है उसके अको को उतनी बार लिखकर आपस मे गुणा करने को अभ्यास गुणित कहते हैं। अर्थात् पहले अक को दूसरे अंक से गुणा करना और जो गुणनफल आये उसका तीसरे अक से गुणा करना और उसके गुणनफल का चौथे अक से गुणा करना। इस प्रकार पूर्व-पूर्व के गुणनफल का अगले अंक से गुणा करना और अन्त में जो गुणनफल प्राप्त हो वही कही जाने वाली संख्या का अभ्यास है। अतएव कल्पना से मान ले कि जघन्य परीतासंख्यात का प्रमाण ५ है। इस पॉच को पॉच बार (५-५-५-५-५) स्थापित कर परस्पर गुणा करते जाने पर इस प्रकार संख्या होगी ५ × ५ = २५, २५ × ५ = १२५, १२५ × ५ = ६२५, ६२५ × ५ = ३,१२५। इसमे से एक न्यून संख्या (३,१२५ - १ = ३,१२४) उत्कृष्ट परीतासख्यात है और यदि एक कम न किया जाये तो जघन्य युक्तासख्यात रूप मानी जायेगी। इसीलिए प्रकारान्तर से उत्कृष्ट परीतासंख्यात का प्रमाण बताने के लिए कहा है कि जघन्य युक्तासख्यात में से एक कम करने पर उत्कृष्ट परीतासंख्यात का प्रमाण होता है।

510. (Q.) How much is *Utkrisht Parit Asamkhyat* (maximum lower innumerable) ?

(Ans.) The *Utkrisht Parit Asamkhyat* (maximum lower innumerable) is equal to one less than *Jaghanya Parit Asamkhyat* (minimum lower innumerable) raised to the power of itself. Or it is one less than *Jaghanya Yukt Asamkhyat* (minimum medium innumerable).

Elaboration—In these aphorisms minimum, intermediate and maximum, the three kinds of *Parit Asamkhyat* (lower innumerable), which is the first kind of a *samkhyat* (innumerable numbers), have been explained.

Minimum and maximum are simple. When one is added to *Utkrisht samkhyat* (maximum countable) we arrive at *Jaghanya Parit Asamkhyat* (minimum lower innumerable). Suppose the *Utkrisht samkhyat* (maximum countable) number is 100 When we add one to it we get 101 which is the *Jaghanya Parit Asamkhyat* (minimum lower countable) number. After it and before *Utkrisht Parit Asamkhyat* (maximum lower innumerable) number are the intermediate *Asamkhyat* (maximum lower innumerable) numbers.

When *Jaghanya Parit Asamkhyat* (minimum lower innumerable) is raised to the power of itself and one is subtracted from it the result is *Utkrisht Parit Asamkhyat* (maximum lower innumerable). An example is—

Raising to a power means multiplying a number with itself as many times as the given number of power. Raising to its own power means write the number as many times as its value and then multiply first with second, the multiple with third, and so on. The last multiple in this

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

series will be value of the number raised to its own power. For instance, suppose the *Jaghanya Parit Asamkhyat* (minimum lower innumerable) is 5. Write it five times (5–5–5–5–5) and do the multiplication—5 × 5 = 25, 25 × 5 = 125, 125 × 5 = 625, 625 × 5 = 3,125. Subtracting one from this (3,125 – 1 = 3,124) we get *Utkrisht Parit Asamkhyat* (maximum lower innumerable). If one is not subtracted it is *Jaghanya Yukt Asamkhyat* (minimum medium innumerable). Thus the alternative expression of *Utkrisht Parit Asamkhyat* (maximum lower innumerable) is one less *Jaghanya Yukt Asamkhyat* (minimum medium innumerable).

युक्तासंख्यात

५११. जहन्नयं जुत्तासंखेज्जयं केत्तियं होइ ?

जहन्नयं जुत्तासंखेज्जयं जहन्नयं परित्तासंखेज्जयं जहण्णयपरित्तासंखेज्जयमेत्ताणं रासीणं अण्णमण्णब्भासो पडिपुण्णो जहन्नयं जुत्तासंखेज्जयं हवति, अहवा उक्कोसए परित्तासंखेज्जए रूवं पक्खित्तं जहण्णयं जुत्तासंखेज्जयं होति, आवलिया वि तत्तिया चेव, तेण परं अजहण्णमणुक्कोसयाइं ठाणाइं जाव उक्कोसयं जुत्तासंखेज्जयं ण पावइ।

५११. (प्र.) जघन्य युक्तासंख्यात का कितना प्रमाण है ?

(उ.) जघन्य परीतासंख्यात राशि को जघन्य परीतासंख्यात राशि का परस्पर अभ्यास–गुणा करने पर जो राशि आती है, वह प्रतिपूर्ण राशि जघन्य युक्तासंख्यात है। अथवा उत्कृष्ट परीतासंख्यात के प्रमाण में एक का प्रक्षेप करने से, जोड़ने से जघन्य युक्तासंख्यात होता है। एक आवलिका की समय राशि भी उतनी ही होती है। जघन्य युक्तासंख्यात से आगे जहाँ तक उत्कृष्ट युक्तासंख्यात प्राप्त न हो, उसके बीच की मध्यम (अजघन्य, अनुत्कृष्ट) युक्तासंख्यात है।

YUKT ASAMKHYAT

511. (Q.) How much is *Jaghanya Yukt Asamkhyat* (minimum medium innumerable) ?

(Ans.) *Jaghanya Yukt Asamkhyat* (minimum medium innumerable) is equal to *Jaghanya Parit Asamkhyat* (minimum lower innumerable) raised to the power of itself. Or it is one more than *Utkrisht Parit Asamkhyat* (maximum lower innumerable). The number of *Samayas* in one *Avalika* is also the same. All the numbers after *Jaghanya Yukt Asamkhyat* (minimum medium innumerable) and before *Utkrisht Yukt Asamkhyat* (maximum

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

medium innumerable) are *Ajaghanya-anutkrisht Yukt Asamkhyat* (intermediate medium innumerable).

५१२. उक्कोसयं जुत्तासंखेज्जयं केत्तियं होति ?

उक्कोसयं जुत्तासंखेज्जयं जहण्णएणं जुत्तासंखेज्जएणं आवलिया गुणिया अण्णमण्णब्भासो रूवूणो उक्कोसयं जुत्तासंखेज्जयं होइ, अहवा जहन्नयं असंखेज्जासंखेज्जयं रूवूणं उक्कोसयं जुत्तासंखेज्जयं होति।

५१२. (प्र.) उत्कृष्ट युक्तासंख्यात कितना होता है ?

(उ.) जघन्य युक्तासंख्यात राशि को आवलिका से (जघन्य युक्तासंख्यात से) परस्पर अभ्यास रूप गुणा करने से प्राप्त राशि में से एक कम उत्कृष्ट युक्तासंख्यात है। अथवा एक कम जघन्य असंख्यात-असंख्यात उत्कृष्ट युक्तासंख्यात होता है।

512. (Q.) How much is *Utkrisht Yukt Asamkhyat* (maximum lower innumerable) ?

(Ans.) *Utkrisht Yukt Asamkhyat* (maximum lower innumerable) is equal to one less *Jaghanya Yukt Asamkhyat* (minimum lower innumerable) raised to the power of *Avalika* (which is same as *Jaghanya Yukt Asamkhyat*). Or it is one less than *Jaghanya Asamkhyat-asamkhyat* (minimum innumerable-innumerable).

असंख्यातासंख्यात

५१३. जहण्णयं असंखेज्जासंखेज्जयं केत्तियं होइ ?

जहन्नएणं जुत्तासंखेज्जएणं आवलिया गुणिया अण्णमण्णब्भासो पडिपुण्णो जहण्णयं असंखेज्जासंखेज्जयं होइ, अहवा उक्कोसए जुत्तासंखेज्जए रूवं पक्खित्तं जहण्णयं असंखेज्जासंखेज्जयं होति, तेण परं अजहण्णमणुक्कोसयाइं ठाणाइं जाव उक्कोसयं असंखेज्जासंखेज्जयं ण पावति।

५१३. (प्र.) जघन्य असंख्यातासंख्यात कितना होता है ?

(उ.) जघन्य युक्तासंख्यात को आवलिका की राशि से गुणा करने पर प्राप्त परिपूर्ण संख्या जघन्य असंख्यातासंख्यात है। अथवा उत्कृष्ट युक्तासंख्यात में एक का प्रक्षेप करने (जोड़ने) से जघन्य असंख्यातासंख्यात होता है। जघन्य असंख्यात-असंख्यात से आगे उत्कृष्ट असंख्यात-असंख्यात के पहले बीच के सभी स्थान मध्यम स्थान होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

513. (Q.) How much is *Jaghanya Asamkhyat-asamkhyat* (minimum innumerable-innumerable) ?

(Ans.) *Jaghanya Asamkhyat-asamkhyat* (minimum innumerable-innumerable) is equal to *Jaghanya Yukt Asamkhyat* (minimum medium innumerable) raised to the power of itself or *Avalika*. Or it is one more than *Utkrisht Yukt Asamkhyat* (maximum medium innumerable). All the numbers after *Jaghanya Asamkhyat-asamkhyat* (minimum innumerable-innumerable) and before *Utkrisht Asamkhyat-asamkhyat* (maximum innumerable-innumerable) are *Ajaghanya-anutkrisht Asamkhyat-asamkhyat* (intermediate innumerable-innumerable).

५१४. उक्कोसयं असंखेज्जासंखेज्जयं केत्तियं होति ?

जहण्णयं असंखेज्जासंखेज्जयं जहण्णयअसंखेज्जासंखेज्जयमेत्ताणं रासीणं अण्णमण्णब्भासो रूवूणो उक्कोसयं असंखेज्जासंखेज्जयं होइ, अहवा जहण्णयं परित्ताणंतयं रूवूणं उक्कोसयं असंखेज्जासंखेज्जयं होति।

५१४. **(प्र.)** उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात कितना होता है ?

(उ.) जघन्य असंख्यातासंख्यात राशि का उसी जघन्य असंख्यातासंख्यात राशि से परस्पर गुणा करने पर जो राशि आती है, उससे एक कम संख्या उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात है। अथवा एक कम जघन्य परीतानन्त उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात का प्रमाण है।

विवेचन–उत्कृष्ट असंख्यात-असंख्यात का स्वरूप सूत्र में बताया गया है, उस विषय को आचार्यों ने अन्य दूसरे प्रकार से भी परिभाषित किया है। जैसे–वर्ग की जो राशि आये, उसका भी पुनः वर्ग करना, फिर उस वर्ग की जो राशि आए, उसका भी पुनः वर्ग करना। इस तरह तीन बार वर्ग कर लें। फिर उस वर्ग राशि में निम्नलिखित दस असंख्यात राशियाँ जोडनी चाहिए–

"लोगागासपएसा धम्माधम्मेगजीवदेसा य।
दव्वट्ठिआ निओआ, पत्तेया चेव बोद्धव्वा॥

ठिइबंधज्झवसाणा अणुभागा जोगच्छेअपलिभागा।
दोण्ह य समाण समया असंखपक्खेवया दसउ॥"

अर्थात् (१) लोकाकाश के प्रदेश, (२) धर्मास्तिकाय के प्रदेश, (३) अधर्मास्तिकाय के प्रदेश, (४) एकजीव के प्रदेश, (५) द्रव्यार्थिक निगोद (सूक्ष्म–बादर अनन्तकायिक वनस्पति जीवों के शरीर), (६) अनन्तकाय को छोडकर शेष प्रत्येककायिक जातियों के जीव (अनन्तकायिकों को छोड़कर प्रत्येकशरीरी पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, वनस्पति और त्रस जीव), (७) कर्मों के स्थितिबंध के असंख्यात

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अध्यवसायस्थान, (८) अनुभागबंध के कारणभूत अध्यवसाय स्थान, (९) मनोयोग, वचनयोग और काययोग के अविभाज्य विभाग–योगच्छेद प्रतिभाग, और (१०) उत्सर्पिणी तथा अवसर्पिणी कालो के समय।

उक्त दसों के बाद पुनः इस समस्त राशि का तीन बार वर्ग करके प्राप्त संख्या में से एक न्यून करने से उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात का प्रमाण होता है। किसी संख्या के तीन बार वर्ग करने की विधि इस प्रकार है–सर्वप्रथम उस संख्या का वर्ग करना। फिर वर्गजन्य संख्या का वर्ग करना, फिर वर्गजन्यसंख्या का वर्ग करना। उदाहरणार्थ–४ सख्या है। ४ × ४ = १६ वर्गजन्यसंख्या, फिर १६ × १६ = २५६ वर्गजन्यसंख्या, फिर २५६ × २५६ = ६५,५३६। (विशेष : परिशिष्ट ३ देखे)

514. (Q.) How much is *Utkrisht Asamkhyat-asamkhyat* (maximum innumerable-innumerable) ?

(Ans.) The *Utkrisht Asamkhyat-asamkhyat* (maximum innumerable-innumerable) is equal to one less *Jaghanya Asamkhyat-asamkhyat* (minimum innumerable-innumerable) raised to the power of itself. Or it is one less than *Jaghanya Parit Anant* (minimum lower infinite).

Elaboration—Here *Utkrisht Asamkhyat-asamkhyat* (maximum innumerable-innumerable) has been defined. Some *acharyas* have defined this another way also—The square of minimum innumerable-innumerable is squared and then this square is once again squared. To this number arrived after squaring three times add the following ten *Asamkhyat* (innumerable) numbers—

(1) *Pradeshas* (space-points) of *Lokakash* (occupied space), (2) *Pradeshas* (space-points) of *Dharmastikaya* (motion entity), (3) *Pradeshas* (space-points) of *Adharmastikaya* (rest entity), (4) *Pradeshas* (space-points) of one *Jiva* (single soul), (5) Bodies of *Dravyarthik Nigods* (dormant beings in the form of clusters of infinite minute plant-bodied beings), (6) All the other-bodied beings besides the said clustered beings (this includes earth-, water-, fire-, air-, plant- and mobile-bodied beings), (7) the infinite causes of duration-bondage (*sthiti-bandh*) of *karmas*, (8) the infinite causes of potency-bondage (*anubhag-bandh*) of *karmas*, (9) the indivisible parts of *mano yoga* (mind association), *vachan yoga* (speech association), and *kaya yoga* (body association), and (10) the total number of *Samayas* in cycles of time (progressive and regressive).

After adding the total of these numbers to the aforesaid number the result is once again squared three times. When one is subtracted from this number it is equal to *Utkrisht Asamkhyat-asamkhyat* (maximum high innumerable-innumerable).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५१५. जहण्णयं परित्ताणंतयं केत्तियं होति ?

जहण्णयं परित्ताणंतयं जहण्णयं असंखेज्जासंखेज्जयं जहण्णयअसंखेज्जासंखेजयमेत्ताणं रासीणं अण्णमण्णब्भासो पडिपुण्णो जहण्णयं परित्ताणंतयं होति। अहवा उक्कोसए असंखेज्जासंखेज्जए रूवं पक्खित्तं जहण्णयं परित्ताणंतयं होइ। तेण परं अजहण्णमणुक्कोसयाइं ठाणाइं जाव उक्कोसयं परित्ताणंतयं ण पावइ।

५१५. (प्र.) जघन्य परीतानन्त कितना होता है ?

(उ.) जघन्य असंख्यातासंख्यात राशि को उसी जघन्य असंख्यातासंख्यात राशि से परस्पर गुणित करने से प्राप्त परिपूर्ण संख्या जघन्य परीतानन्त है। अथवा उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात में एक का प्रक्षेप करने से भी जघन्य परीतानन्त का प्रमाण जाना जाता है। इससे आगे तथा उत्कृष्ट परीतानन्त से पूर्व बीच के सभी स्थान अजघन्य-अनुत्कृष्ट (मध्यम) परीतानन्त के स्थान हैं।

PARIT ANANT.

515. (Q.) How much is *Jaghanya Parit Anant* (minimum lower infinite) ?

(Ans.) When one is added to *Jaghanya Asamkhyat-asamkhyat* (minimum innumerable-innumerable) raised to the power of itself we arrive at *Jaghanya Parit Anant* (minimum lower infinite). Another way of arriving at it is to add one to *Utkrisht Asamkhyat-asamkhyat* (maximum innumerable-innumerable). After *Jaghanya Parit Anant* (minimum lower infinite) and before *Utkrisht Parit Anant* (maximum lower infinite) is the position of *Ajaghanya-anutkrisht Parit Anant* (intermediate lower infinite).

५१६. उक्कोसयं परित्ताणंतयं केत्तियं होइ ?

जहण्णयं परित्ताणंतयं जहण्णयपरित्ताणंतयमेत्ताणं रासीणं अण्णमण्णब्भासो रूवूणो उक्कोसयं परित्ताणंतयं होइ। अहवा जहण्णयं जुत्ताणंतयं रूवूणं उक्कोसयं परित्ताणंतयं होइ।

५१६. (प्र.) उत्कृष्ट परीतानन्त कितना होता है ?

(उ.) जघन्य परीतानन्त और जघन्य परीतानन्त प्रमाण राशियों के परस्पर गुणित करने पर जो संख्या आती है, उससे एक कम उत्कृष्ट परीतानन्त होता है। अथवा एक कम जघन्य युक्तानन्त उत्कृष्ट परीतानन्त होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

516. (Q.) How much is *Utkrisht Parit Anant* (maximum lower infinite) ?

(Ans.) *Utkrisht Parit Anant* (maximum lower infinite) is equal to one less *Jaghanya Parit Anant* (minimum lower infinite) raised to the power of itself. Or it is one less than *Jaghanya Yukt Anant* (minimum medium infinite).

युक्तानन्त

५१७. जहण्णयं जुत्ताणंतयं केत्तियं होति ?

जहण्णयं परित्ताणंतयं जहण्णयपरित्ताणंतयमेत्ताणं रासीणं अण्णमण्णब्भासो पडिपुण्णो जहण्णयं जुत्ताणंतयं होई, अहवा उक्कोसए परित्ताणंतए रूवं पक्खित्तं जहन्नयं जुत्ताणंतयं होइ, अभवसिद्धिया वि तेत्तिया चेव, तेण परं अजहण्णमणुक्कोसयाइं ठाणाइं जाव उक्कोसयं जुत्ताणंतयं ण पावति।

५१७. (प्र.) जघन्य युक्तानन्त कितना होता है ?

(उ.) जघन्य परीतानन्त और जघन्य परीतानन्त प्रमाण राशियों को परस्पर गुणा करने से जो राशि आती है वह प्रतिपूर्ण राशि जघन्य युक्तानन्त होती है। अथवा उत्कृष्ट परीतानन्त में एक का प्रक्षेप (योग) करने से जघन्य युक्तानन्त होता है। अभवसिद्धिक (अभव्य) जीव भी इतने ही (जघन्य युक्तानन्त जितने) होते हैं। उसके पश्चात् अजघन्योत्कृष्ट (मध्यम) युक्तानन्त के स्थान हैं और वे उत्कृष्ट युक्तानन्त के स्थान के पूर्व तक हैं।

YUKT ANANT

517. (Q.) How much is *Jaghanya Yukt Anant* (minimum medium infinite) ?

(Ans.) *Jaghanya Yukt Anant* (minimum medium infinite) is equal to *Jaghanya Parit Anant* (minimum lower infinite) raised to the power of itself. Or it is one more than *Utkrisht Parit Anant* (maximum lower infinite). The number of *Abhavyasiddhik* (beings unworthy of liberation) is also the same. All the numbers after *Jaghanya Yukt Anant* (minimum medium infinite) and before *Utkrisht Yukt Anant* (maximum medium infinite) are *Ajaghanya-anutkrisht Yukt Anant* (intermediate medium infinite).

५१८. उक्कोसयं जुत्ताणंतयं केत्तियं होति ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णएणं जुत्ताणंतएणं अभवसिद्धिया गुणिता अण्णमण्णब्भासो रूवूणो उक्कोसयं जुत्ताणंतयं होइ। अहवा जहण्णयं अणंताणंतयं रूवूणं उक्कोसयं जुत्ताणंतयं होइ।

५१८. (प्र.) उत्कृष्ट युक्तानन्त कितना होता है?

(उ.) जघन्य युक्तानन्त राशि के साथ अभवसिद्धिक राशि का परस्पर गुणा करने पर प्राप्त संख्या में से एक कम करने पर प्राप्त राशि उत्कृष्ट युक्तानन्त की संख्या है। अथवा एक कम जघन्य अनन्तानन्त = उत्कृष्ट युक्तानन्त है।

518. (Q.) How much is *Utkrisht Yukt Anant* (maximum medium infinite)?

(Ans.) *Utkrisht Yukt Anant* (maximum medium infinite) is equal to one less *Jaghanya Yukt Anant* (minimum medium infinite) raised to the power of *Abhavyasiddhik* (which is same as *Jaghanya Yukt Anant*). Or it is one less than *Jaghanya Anant-anant* (minimum infinite-infinite).

अनन्तानन्त

५१९. जहण्णयं अणंताणंतयं केत्तियं होति ?

जहण्णएणं जुत्ताणंतएणं अभवसिद्धिया गुणिया अण्णमण्णब्भासो पडिपुण्णो जहण्णयं अणंताणंतयं होइ, अहवा उक्कोसए जुत्ताणंतए रूवं पक्खित्तं जहण्णयं अणंताणंतयं होति, तेण परं अजहण्णमणुक्कोसयाइं ठाणाइं। से तं गणणासंखा।

५१९. (प्र.) जघन्य अनन्तानन्त कितना होता है?

(उ.) जघन्य युक्तानन्त के साथ अभवसिद्धिक जीवों (जघन्य युक्तानन्त) को परस्पर गुणित करने पर प्राप्त पूर्ण संख्या जघन्य अनन्तानन्त का प्रमाण है। अथवा उत्कृष्ट युक्तानन्त में एक का प्रक्षेप करने से जघन्य अनन्तानन्त होता है। जघन्य अनन्तानन्त के बाद सभी स्थान अजघन्योत्कृष्ट (मध्यम) अनन्तानन्त के होते हैं। (क्योंकि उत्कृष्ट अनन्तानन्त राशि नहीं होती है)।

यह गणनासंख्या का निरूपण पूर्ण हुआ।

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र में अनन्तानन्त सख्या के जघन्य और मध्यम इन दो भेदो का प्रमाण बतलाया है, किन्तु उत्कृष्ट अनन्तानन्त संख्या संभव नहीं होने से उसका निरूपण नहीं किया गया है।

उक्त कथन सैद्धान्तिक आचार्यों का है, लेकिन अन्य आचार्यों ने उत्कृष्ट अनन्तानन्त संख्या का भी निरूपण किया है। उनका मत है–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जघन्य अनन्तानन्त का तीन बार वर्ग करके फिर उसमे निम्नलिखित छह अनन्तों का प्रक्षेप करना चाहिए–

"सिद्धानिगोयजीवा वणस्सई काल पुग्गला चेव।
सव्वमलोगागासं छप्पेतेऽणंतपक्खेवा॥"

अर्थात् (१) सिद्ध जीव, (२) निगोद के जीव, (३) वनस्पतिकायिक, (४) तीनों कालो (भूत, वर्तमान, भविष्यत् काल) के समय, (५) सर्व पुद्गलद्रव्य, तथा (६) लोकाकाश और अलोकाकाश प्रदेश।

इनको मिलाकर फिर सर्व राशि का तीन बार वर्ग करके उस राशि में केवलद्विक = केवलज्ञान-केवलदर्शन–की अनन्त पर्यायों को जोडने पर उत्कृष्ट अनन्तानन्त की संख्या का परिमाण होता है। अनन्त के विविध भेदोपभेदो की चर्चा कर्मग्रन्थ के आचार्यों के मतानुसार बहुत विस्तृत है। (देखें–अनु. महाप्रज्ञ जी, पृ. ३३२–३३३)

ANANT-ANANT

519. (Q.) How much is *Jaghanya Anant-anant* (minimum infinite-infinite) ?

(Ans.) *Jaghanya Anant-anant* (minimum infinite-infinite) is equal to *Jaghanya Yukt Anant* (minimum medium infinite) raised to the power of itself or *Abhavasiddhik*. Or it is one more than *Utkrisht Yukt Anant* (maximum medium infinite). All the numbers after *Jaghanya Anant-anant* (minimum infinite-infinite) and before *Utkrisht Anant-anant* (maximum infinite-infinite) are *Ajaghanya-anutkrisht Anant-anant* (intermediate infinite-infinite).

This concludes the description of *Ganana samkhya* (*samkhya* as counting).

Elaboration—This aphorism explains the minimum and intermediate categories of the *Anant-anant* (infinite-infinite) number. As the maximum infinite-infinite number is inconceivable it has not been discussed here.

This is the belief of the conservative *acharyas*. Some later *acharyas* have described maximum infinite-infinite number also. Their view is—

Square the *Jaghanya Anant-anant* (minimum infinite-infinite) number thrice and add the following six infinite numbers—

(1) *Siddha Jiva* (liberated souls), (2) *Nigod Jivas* (dormant beings), (3) *Vanaspatikayik* (plant-bodied beings), (4) *Samayas* of past, present and future, (5) All material substances, and (6) Space-points of occupied and unoccupied space.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The number arrived at thus should now be squared thrice and to the result add the infinite modes of *Keval-jnana* (omniscience) and *Keval-darshan* (omni-perception). This final figure is called *Utkrisht Anant-anant* (maximum infinite-infinite). The discussion of numerous categories and sub-categories of infinite is voluminous according to the authors of *Karma Granth.* (for more details refer to *Anuogadaraim* by Acharya Mahaprajna, p. 332-333).

(८) भावसंख्या

५२०. से किं तं भावसंखा ?

भावसंखा जे इमे जीवा संखगइनाम–गोत्ताइं कम्माइं वेदेंति। से तं भावसंखा। से तं संखप्पमाणे। से तं भावप्पमाणे। से तं पमाणे।

॥ पमाणे त्ति पयं सम्मत्तं ॥

५२०. (प्र.) भावसंख्या (शंख) क्या है ?

(उ.) इस लोक में जो जीव शंखगतिनाम–गोत्र कर्मादिकों का वेदन कर रहे हैं वे भावशंख हैं।

यही भाव संख्या है, यही भावप्रमाण का वर्णन है तथा यहीं प्रमाण सम्बन्धी वक्तव्यता पूर्ण हुई।

॥ प्रमाणपद समाप्त ॥

(8) BHAAVA SAMKHYA/SHANKH

520. (Q.) What is this *Bhaava samkhya/shankh* (*samkhya/shankh* as essence) ?

(Ans.) *Bhaava samkhya/shankh* (*samkhya/shankh* as essence) are those souls who undergo sufferings caused by *naam karma* (*karma* that determines the destinies and body types) and *gotra karma* (*karma* responsible for the higher or lower status of a being) related to a birth as *shankh* (conch-shell).

This concludes the description of *Bhaava samkhya/shankh* (*samkhya/shankh* as essence). This concludes the description of *Bhaava pramana* (standard of measurement of state). This also concludes the description of *Pramana* (standard of measurement).

● END OF THE DISCUSSION ON SAMKHYA PRAMANA ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वक्तव्यता-प्रकरण
THE DISCUSSION ON VAKTAVYATA

वक्तव्यता के भेद-प्रभेद

५२१. से किं तं वत्तव्वया ?

वत्तव्वया तिविहा पण्णत्ता। तं.—ससमयवत्तव्वया परसमयवत्तव्वया ससमय-परसमयवत्तव्वया।

५२१. (प्र.) वक्तव्यता क्या है ?

(उ.) वक्तव्यता तीन प्रकार की है, यथा-(१) स्वसमयवक्तव्यता, (२) परसमयवक्तव्यता, और (३) स्वसमय-परसमयवक्तव्यता।

TYPES OF VAKTAVYATA

521. (Q.) What is this *vaktavyata* (explication) ?

(Ans.) *Vaktavyata* (explication) is of three kinds—(1) *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine), (2) *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others), and (3) *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others).

स्वसमयवक्तव्यता निरूपण

५२२. से किं तं ससमयवत्तव्वया ?

ससमयवत्तव्वया जत्थ णं ससमए आघविज्जति पण्णविज्जति परूविज्जति दंसिज्जति निदंसिज्जति। से तं ससमयवत्तव्वया।

५२२. (प्र.) स्वसमयवक्तव्यता क्या है ?

(उ.) स्वसिद्धान्त का कथन (आख्यान), प्रज्ञापन, प्ररूपण, दर्शन, निदर्शन और उपदर्शन करना स्वसमयवक्तव्यता है। यही स्वसमयवक्तव्यता है।

विशेष शब्दों के अर्थ-

आघविज्जति—सामान्य रूप से कथन करना, व्याख्यान करना।

पण्णविज्जति—विषय की पृथक्-पृथक् लाक्षणिक व्याख्या करना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परूविज्जति–अधिकृत विषय की विस्तृत प्ररूपणा करना।

दंसिज्जति–दृष्टान्त द्वारा सिद्धान्त को स्पष्ट करना।

निदंसिज्जति–उपनय द्वारा अधिकृत विषय का स्वरूप बताना।

उवदंसिज्जति–समस्त कथन का उपसंहार करके अपने सिद्धान्त की स्थापना करना।

SVASAMAYA VAKTAVYATA

522. (Q.) What is this *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine) ?

(Ans.) To state (*akhyan*), define (*prajnapan*), explain (*prarupan*), exemplify (*darshan*), validate (*nidarshan*) and propound (*upadarshan*) one's own doctrine is *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine).

This concludes the description of *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine).

Technical Terms—

Aghavijjati (akhyan)—To simply state.

Pannavijjati (prajnapan)—To define the included concepts individually.

Paruvijjati (prarupan)—To explain the subject in details.

Dansijjati (darshan)—To exemplify the doctrine with the help of examples.

Nidansijjati (nidarshan)—To validate logically and analogically.

Uvadansijjati (upadarshan)—To conclude the discussion and propound one's own doctrine.

परसमयवक्तव्यता निरूपण

५२३. से किं तं परसमयवत्तव्वया ?

परसमयवत्तव्वया जत्थ णं परसमए आघविज्जति जाव उवदंसिज्जति। से तं परसमयवत्तव्वया।

५२३. (प्र.) परसमयवक्तव्यता क्या है ?

(उ.) जिस वक्तव्यता में पर-समय = अन्य मत के सिद्धान्त का कथन यावत् विवेचन किया जाता है, वह परसमयवक्तव्यता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

523. (Q.) What is this *Parasamaya vàktavyata* (explication of doctrine of others) ?

(Ans.) To state (*akhyan*), (and so on up to...) propound (*upadarshan*) doctrine of others is *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others).

This concludes the description of *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others).

ससमय-परसमयवक्तव्यता

५२४. से किं तं ससमय-परसमयवत्तव्वया ?

ससमय-परसमयवत्तव्वा जत्थ णं ससमए-परसमए आघविज्जइ जाव उवदंसिज्जइ। से तं ससमय-परसमयवत्तव्वया।

५२४. (प्र.) स्वसमय-परसमयवक्तव्यता क्या है ?

(उ.) जिस वक्तव्यता में स्वसिद्धान्त और परसिद्धान्त दोनों का कथन यावत् विवेचन किया जाता है, उसे स्वसमय-परसमयवक्तव्यता कहते हैं।

विवेचन–एक विषय की प्ररूपणा तथा आगमसम्मत नियत अर्थ का प्रतिपादन करना 'वक्तव्यता' है।

(१) **स्वसमयवक्तव्यता**–अपने सिद्धान्त का प्रतिपादन करना स्वसमयवक्तव्यता है। जैसे–अस्तिकाय पाँच हैं–धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय आदि। धर्मास्तिकाय गति सहायक द्रव्य है। आदि स्व-सिद्धान्त कथन करना।

(२) **परसमयवक्तव्यता**–अन्यतीर्थिकों के सिद्धान्त का प्रतिपादन परसमयवक्तव्यता है। जैसे–

"संति पंच महब्भूया, इहमेगेसिं आहिया।" –सूत्रकृताग १/१/७

लोकायतिकों (नास्तिको) के मतानुसार पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश ये सर्वलोकव्यापी पच महाभूत हैं। यह पर-सिद्धान्त का कथन है।

(३) **उभयसमयवक्तव्यता**–अपने तथा अन्यतीर्थिक दोनों के सिद्धान्त का प्रतिपादन करना–उभयसमय (स्वसमय, परसमय-वक्तव्यता है, जैसे–

"अगारमावसंता वि, आरण्णा वा वि पव्वया।
इमं दरिसणमावण्णा, सव्वदुक्खा विमुच्चंति॥" –सूत्रकृताग १/१/१९

"कोई व्यक्ति गृहस्थ हो, तापस हो अथवा प्रव्रजित शाक्य आदि हो, हमारे दर्शन का आश्रय लेकर वह सब दुःखों से मुक्त हो जाता है।"

नोआगमओ दव्वज्झवणा तिविहा पण्णत्ता। तं जहा—जाणयसरीरदव्वज्झवणा भवियसरीरदव्वज्झवणा जाणयसरीर-भवियसरीर-वइरित्ता दव्वज्झवणा।

५८४. (प्र.) नोआगम से द्रव्य-क्षपणा क्या है ?

(उ.) नोआगम से द्रव्य-क्षपणा के तीन प्रकार हैं। यथा-(१) ज्ञायकशरीरद्रव्य-क्षपणा, (२) भव्यशरीरद्रव्य-क्षपणा, और (३) ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्य-क्षपणा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

584. (Q.) What is this *No-agamatah dravya kshapana* (physical-*kshapana* without scriptural knowledge) ?

(Ans.) *No-agamatah dravya kshapana* (physical-*kshapana* without scriptural knowledge) is of three types—(1) *Jnayak sharir dravya kshapana*, (2) *Bhavya sharir dravya kshapana*, and (3) *Jnayak sharir-bhavya sharir-vyatirikta dravya kshapana.*

५८५. से किं तं जाणयसरीरदव्वज्झवणा ?

जाणयसरीरदव्वज्झवणा झवणापयत्थाहिकार–जाणयस्स जं सरीरयं ववगय–चुय–चइय–चत्तदेहं, सेसं जहा दव्वज्झयणे, जाव य से तं जाणयसरीरदव्वज्झवणा।

५८५. (प्र.) ज्ञायकशरीरद्रव्य-क्षपणा क्या है ?

(उ.) क्षपणा पद के अर्थाधिकार के ज्ञाता का व्यपगत, च्युत, च्यवित, त्यक्त शरीर इत्यादि सर्व वर्णन द्रव्याध्ययन के समान जानना चाहिए। यह ज्ञायकशरीरद्रव्य–क्षपणा का स्वरूप है।

585. (Q.) What is this *Jnayak sharir dravya kshapana* (physical-*kshapana* as body of the knower) ?

(Ans.) *Jnayak sharir dravya kshapana* (physical-*kshapana* as body of the knower) is explained thus : It is such a body of the knower of the purview of the meaning of *Kshapana* (eradication) that is dead, has been killed or has voluntarily embraced death (and so on as mentioned in context of *Dravya adhyayan*).

This concludes the description of *Jnayak sharir dravya kshapana* (physical-*kshapana* as body of the knower).

५८६. से किं तं भवियसरीरदव्वज्झवणा ?

भवियसरीरदव्वज्झवणा जे जीवे जोणीजम्मणणिक्खंते आयत्तएणं, जिणदिट्ठेणं भावेणं ज्झवण त्ति पयं सेयकाले सिक्खिस्सति, ण ताव सिक्खइ।

को दिट्ठंतो ?

जहा अयं घयकुंभे भविस्सति, अयं महुकुंभे भविस्सति। से तं भवियसरीरदव्वज्झवणा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५८६. (प्र.) भवियशरीरद्रव्य-क्षपणा किसे कहते हैं ?

(उ.) समय पूर्ण होने पर जो जीव उत्पन्न हुआ और प्राप्त हुए शरीर से जिनोपदिष्ट भाव के अनुसार भविष्य में 'क्षपणा' पद सीखेगा, किन्तु अभी नहीं सीख रहा है, ऐसा वह शरीर भवियशरीरद्रव्य-क्षपणा है।

(प्र.) इसके लिए दृष्टान्त क्या है ?

(उ.) जैसे किसी घड़े में अभी घी अथवा मधु नहीं भरा गया है, किन्तु भविष्य में भरे जाने की अपेक्षा अभी से यह घी का घड़ा होगा, यह मधुकनश होगा, ऐसा कहना।

586. (Q.) What is this *Bhavya sharır dravya kshapana* (physical-*kshapana* as body of the potential knower) ?

(Ans.) On maturity a being comes out of the womb or is born and with its physical body it has the potential to learn the term *Kshapana* (eradication), as preached by the *Jina,* but it is not learning at present. This being is called *Bhavya sharir dravya kshapana* (physical-*kshapana* as body of the potential knower).

(Question asked by a disciple) Is there some analogy to confirm this ?

(Answer by the guru) Yes, for example it is conventionally said that this will be a pot of honey or this will be a pot of butter even before filling it with the same. (details same as aphorism 18)

This concludes the description of *Bhavya sharir dravya kshapana* (physical-*kshapana* as body of the potential knower).

५८७. से किं तं जाणयसरीर-भवियसरीर-वइरित्ता दव्वज्झवणा। जहा- जाणयसरीर-भवियसरीर-वइरित्ते दव्वाए तहा भाणियव्वा, जाव से तं जाणयसरीर-भवियसरीर-वइरित्ता दव्वज्झवणा। से तं नोआगमओ दव्वज्झवणा। से तं दव्वज्झवणा।

५८७. (प्र.) ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्य-क्षपणा क्या है ?

(उ.) ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्य-क्षपणा का स्वरूप ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्य-आय के समान जानना चाहिए। यह नोआगमद्रव्य-क्षपणा और द्रव्य-क्षपणा का वर्णन हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

587. (Q.) What is this *Jnayak sharir-bhavya sharir-vyatirikta dravya kshapana* (physical eradication other than the body of the knower and the body of the potential knower) ?

(Ans.) *Jnayak sharir-bhavya sharir-vyatirikta dravya kshapana* (physical eradication other than the body of the knower and the body of the potential knower) is same as *Jnayak sharir-bhavya sharir-vyatirikta dravya aaya* (physical acquisition other than the body of the knower and the body of the potential knower).

This concludes the description of *No-agamatah dravya kshapana* (physical-*kshapana* without scriptural knowledge). This also concludes the description of *dravya kshapana* (physical eradication).

भाव–क्षपणा

५८८. से किं तं भावज्झवणा ?

भावज्झवणा दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–आगमतो य णोआगमतो य।

५८८. (प्र.) भाव–क्षपणा क्या है ?

(उ.) भाव–क्षपणा दो प्रकार की है, जैसे–(१) आगम से, और (२) नोआगम से।

BHAAVA KSHAPAN

588. (Q.) What is this *Bhaava kshapana* (*kshapana* as essence or perfect-*kshapana*) ?

(Ans.) *Bhaava kshapana* (perfect-*kshapana*) is of two types—(1) *Agamatah bhaava kshapana* (perfect-*kshapana* in context of *Agam* or in context of knowledge), and (2) *No-agamatah bhaava kshapana* (perfect-*kshapana* not in context of *Agam* or only in context of action).

५८९. से किं तं आगमओ भावज्झवणा ?

आगमओ भावज्झवणा झवणापयत्थाहिकारजाणए उवउत्ते। से तं आगमतो भावज्झवणा।

५८९. (प्र.) आगम से भाव–क्षपणा क्या है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उ.) 'क्षपणा' इस पद के अर्थाधिकार का उपयोगयुक्त ज्ञाता आगम से भाव-क्षपणा है।

589. (Q.) What is this *Agamatah bhaava kshapana* (perfect-*kshapana* with scriptural knowledge) ?

(Ans.) On who knows the term *Kshapana* (eradication) and is sincerely involved with it is called *Agamatah bhaava kshapana* (perfect-*kshapana* with scriptural knowledge).

५९०. से किं तं णोआगमतो भावज्झवणा ?

णोआगमतो भावज्झवणा दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–पसत्था य अप्पसत्था य।

५९०. (प्र.) नोआगम से भाव-क्षपणा क्या है ?

(उ.) नोआगम से भाव-क्षपणा दो प्रकार की है। यथा–(१) प्रशस्तभाव-क्षपणा, और (२) अप्रशस्तभाव-क्षपणा।

590. (Q.) What is this *No-agamatah bhaava kshapana* (eradication as essence without scriptural knowledge) ?

(Ans.) *No-agamatah bhaava kshapana* (eradication as essence without scriptural knowledge) is of two kinds—(1) *Prashast* (noble), and (2) *Aprashast* (ignoble).

५९१. से किं तं पसत्था ?

पसत्था चउव्विहा पण्णत्ता। तं जहा–कोहज्झवणा माणज्झवणा मायज्झवणा लोभज्झवणा। से तं पसत्था।

५९१. (प्र.) प्रशस्तभाव-क्षपणा क्या है ?

(उ.) नोआगम से प्रशस्तभाव-क्षपणा चार प्रकार की है। यथा–(१) क्रोध-क्षपणा, (२) मान-क्षपणा , (३) माया-क्षपणा, और (४) लोभ-क्षपणा। यह प्रशस्तभाव-क्षपणा का स्वरूप है।

591. (Q.) What is this *Prashast no-agamatah bhaava kshapana* (noble eradication as essence without scriptural knowledge) ?

(Ans.) *Prashast no-agamatah bhaava kshapana* (noble eradication as essence without scriptural knowledge) is of four kinds—(1) *Krodh kshapana* (eradication of attitude of anger),

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(2) *Maan kshapana* (eradication of attitude of conceit), (3) *Maya kshapana* (eradication of attitude of deceit), and (4) *Lobh kshapana* (eradication of attitude of greed).

This concludes the description of *Prashast no-agamatah bhaava kshapana* (noble eradication as essence without scriptural knowledge).

५९२. से किं तं अप्पसत्था ?

अप्पसत्था तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–नाणज्झवणा दंसणज्झवणा चरित्तज्झवणा। से तं अप्पसत्था। से तं नोआगमओ भावज्झवणा। से तं भावज्झवणा। से तं झवणा। से तं ओहनिप्फण्णे।

५९२. (प्र.) अप्रशस्तभाव-क्षपणा क्या है ?

(उ.) अप्रशस्तभाव-क्षपणा तीन प्रकार की है। यथा-(१) ज्ञान-क्षपणा, (२) दर्शन-क्षपणा, और (३) चारित्र-क्षपणा। यही अप्रशस्तभाव-क्षपणा है।

इस प्रकार से नोआगमभाव-क्षपणा, भाव-क्षपणा, क्षपणा और साथ ही ओघनिष्पन्ननिक्षेप का वर्णन पूर्ण हुआ।

विवेचन–यहाँ क्षपणा के प्रसंग में क्रोध, मान, माया, लोभ के क्षय को प्रशस्त इसलिए माना गया है कि क्रोधादि भाव संसार वृद्धि के कारण हैं, अतएव संसार के कारणभूत इन क्रोधादि का क्षय प्रशस्त/शुभ होने से प्रशस्तभाव-क्षपणा है और इससे विपरीत ज्ञानादि का क्षय अप्रशस्त है क्योंकि आत्म-गुणों की क्षीणता संसार का कारण है।

592. (Q.) What is this *Aprashast no-agamatah bhaava kshapana* (ignoble eradication as essence without scriptural knowledge) ?

(Ans.) *Aprashast no-agamatah bhaava kshapana* (ignoble eradication as essence without scriptural knowledge) is of attitude of three kinds—(1) *Jnana kshapana* (eradication of knowledge), (2) *Darshan kshapana* (eradication of perception or faith), and (3) *Charitra kshapana* (eradication of conduct).

This concludes the description of *Aprashast no-agamatah bhaava kshapana* (ignoble eradication as essence without scriptural knowledge). This concludes the description of *No-agamatah bhaava kshapana* (perfect-*kshapana* without scriptural

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

knowledge). This concludes the description of *bhaava kshapana* (perfect eradication). This also concludes the description of *Kshapana* (eradication) as well as *Ogha-nishpanna nikshep* (attribution pertaining to general nomenclature).

Elaboration—The reason for accepting anger, conceit, deceit and greed as noble in context of eradication is that these passions are the cause of cycles of rebirth and their eradication is noble. The eradication of knowledge and other virtues is opposite of this and therefore ignoble.

(२) नामनिष्पन्ननिक्षेप का स्वरूप

५९३. से किं तं नामनिप्फण्णे ?

नामनिप्फण्णे सामाइए। से समासओ चउव्विहे पण्णत्ते। तं जहा—णामसामाइए ठवणासामाइए दव्वसामाइए भावसामाइए।

५९३. (प्र.) (निक्षेप का द्वितीय भेद) नामनिष्पन्ननिक्षेप क्या है ?

(उ.) नामनिष्पन्न सामायिक है। वह सामायिक संक्षेप में चार प्रकार का है। यथा—(१) नाम-सामायिक, (२) स्थापना-सामायिक, (३) द्रव्य-सामायिक, और (४) भाव-सामायिक।

(2) NAAM-NISHPANNA NIKSHEP

593. (Q.) What is this *Naam nishpanna nikshep* (attribution pertaining to specific name) ?

(Ans.) *Naam nishpanna nikshep* (attribution pertaining to specific name) is *Samayik* (practice of equanimity). In brief *Samayik* (practice of equanimity) is of four kinds—(1) *Naam samayik*, (2) *Sthapana samayik*, (3) *Dravya samayik*, and (4) *Bhaava samayik.*

नाम-स्थापना-सामायिक

५९४. णाम-ठवणाओ पुव्वभणियाओ।

५९४. नाम-सामायिक और स्थापना-सामायिक का स्वरूप पूर्ववत् (नाम-स्थापना-आवश्यक के समान) है।

NAAM AND STHAPANA SAMAYIK

594. (Q.) What is this *Naam and Sthapana samayik* (*Samayik* as name and notional installation) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Ans.) *Naam* and *Sthapana samayik* (*Samayık* as name and notional installation) should be taken to be same as *Naam avashyak* and *Sthapana avashyak* (aphorism 10-11).

द्रव्य-सामायिक

५९५. दव्वसामाइए वि तहेव, जाव से तं भवियसरीरदव्वसामाइए।

५९५. भव्यशरीरद्रव्य-सामायिक तक द्रव्य-सामायिक का वर्णन भी द्रव्य-आवश्यक के समान है।

DRAVYA SAMAYIK

595. The description of *Dravya samayık* (physical aspect of equanimity) up to *Bhavya sharir dravya samayik*, is also same as *Dravya avashyak.*

५९६. से किं तं जाणयसरीर-भवियसरीर-वइरित्ते दव्वसामाइए ?

जाणयसरीर-भवियसरीर-वइरित्ते दव्वसामाइए पत्तय-पोत्थयलिहियं। से तं जाणयसरीर-भवियसरीर-वइरित्ते दव्वसामाइए। से तं णोआगमतो दव्वसामाइए। से तं दव्वसामाइए।

५९६. (प्र.) ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्य-सामायिक क्या है ?

(उ.) पत्र में अथवा पुस्तक में लिखित 'सामायिक' पद ज्ञशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्य-सामायिक है।

यह नोआगमद्रव्य-सामायिक एवं द्रव्य-सामायिक की वक्तव्यता है।

596. (Q.) What is this *Jnayak sharir-bhavya sharır-vyatırikta dravya samayik* (physical-*samayik* other than the body of the knower and the body of the potential knower) ?

(Ans.) *Jnayak sharir-bhavya sharir-vyatirikta dravya samayik* (physical-*samayik* other than the body of the knower and the body of the potential knower) is the term (including the text) *Samayik* (practice of equanimity) written on palm-leaves or a book.

This concludes the description of *No-agamatah dravya samayik* (physical-*samayik* without scriptural knowledge). This also concludes the description of *dravya samayik* (physical-*samayik*).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५९७. से किं तं भावसामाइए ?

भावसामाइए दुविहे पण्णत्ते। तं.–आगमतो य नोआगमतो य।

५९७. (प्र.) भाव–सामायिक क्या है ?

(उ.) भाव–सामायिक के दो प्रकार हैं। यथा–(१) आगमतःभाव–सामायिक, और (२) नोआगमतःभाव–सामायिक।

BHAAVA SAMAYIK

597. (Q.) What is this *Bhaava samayik* (*samayik* as essence or perfect-*samayik*) ?

(Ans.) *Bhaava samayik* (perfect-*samayik*) is of two types—(1) *Agamatah bhaava samayik* (perfect-*samayik* in context of *Agam* or in context of knowledge), and (2) *No-agamatah bhaava samayik* (perfect-*samayık* not in context of *Agam* or only in context of action).

५९८. से किं तं आगमतो भावसामाइए ?

आगमतो भावसामाइए भावसामाइयपयत्थाहिकारजाणए उवउत्ते। से तं आगमतो भावसामाइए।

५९८. (प्र.) आगमतःभाव–सामायिक क्या है ?

(उ.) सामायिक पद के अर्थाधिकार का उपयोगयुक्त ज्ञायक आगम से भाव–सामायिक है।

598. (Q.) What is this *Agamatah bhaava samayık* (perfect-*samayık* with scriptural knowledge) ?

(Ans.) One who knows *Samayik* (practice of equanimity) and is sincerely involved with it is called *Agamatah bhaava samayik* (perfect-*samayik* with scriptural knowledge).

५९९. (अ) से किं तं नोआगमतो भावसामाइए ?

नोआगमतो भावसामाइए–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जस्स सामाणिओ अप्पा संजमे णियमे तवे।
तस्स सामाइयं होइ, इइ केवलिभासियं॥३॥

जो समो सव्वभूएसु, तसेसु थावरेसु य।
तस्स सामाइयं होइ, इइ केवलिभासियं॥४॥

५९९. (अ) (प्र.) नोआगमतःभाव-सामायिक का क्या स्वरूप है?

(उ.) जिसकी आत्मा संयम, नियम और तप में समाहित-लीन है (-जागरूक है), उसी को सामायिक होती है, ऐसा केवली भगवान का कथन है॥३॥

जो सर्व भूतों-त्रस, स्थावर आदि प्राणियों के प्रति समभाव धारण करता है, उसी को सामायिक होती है, ऐसा केवली भगवान ने कहा है॥४॥

विवेचन-सामान्य रूप में समभाव की आराधना को सामायिक कहा जाता है। वह सामायिक दो प्रकार का है-एक यावज्जीवन और दूसरा अन्तर्मुहूर्त्त का। यावज्जीवन सामायिक मुनियों का और अन्तर्मुहूर्त्त सामायिक गृहस्थ श्रावक का। प्रस्तुत सूत्र में नोआगमतःभाव-सामायिक का जो स्वरूप है-वह सामायिक कर्त्ता की उदात्त निर्मल चित्तवृत्तियों का परिचायक है। यहाँ सामायिक और सामायिक करने वाले को अभेद मानकर सामायिक का वर्णन किया गया है। यह वर्णन यावज्जीवन सामायिकधारी (श्रमण) से सम्बन्ध रखता है।

इन दो गाथाओं में सामायिक का लक्षण एवं उसके अधिकारी का संकेत किया है।

संयम-मूलगुणों, **नियम**-उत्तरगुणों, **तप**-अनशन आदि तपों मे निरत एवं त्रस, स्थावररूप सभी जीवो पर समभाव का धारक सामायिक का अधिकारी है। जिसका फलितार्थ यह हुआ-संयम, नियम, तप, समभाव का समुदाय सामायिक है। यही समस्त जिनवाणी का सार है।

599. (a) (Q.) What is this *No-agamatah bhaava samayik* (perfect-*samayik* without scriptural knowledge)?

(Ans.) *No-agamatah bhaava samayik* (perfect-*samayik* without scriptural knowledge) is explained as follows—

Kevali (omniscient) has said that *Samayik* is deemed to have manifested only in him who (whose soul) is engaged (with all awareness and sincerity) in self-restraint, self-regulation and austerities. (3)

Kevali (omniscient) has said that *Samayik* is deemed to have manifested only in him who (whose soul) is equanimous (evenly disposed) towards all beings, mobile and immobile. (4)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—Generally speaking, practice of equanimous attitude is called *samayik*. This is of two kinds—life-long and for a duration of *antarmuhurt* (less than 48 minutes). The life-long *samayik* (practice of equanimity) is meant for ascetics and the *antarmuhurt samayik* (practice of equanimity) for householders. The description of *samayik* (practice of equanimity) in this aphorism conveys the liberal and pious attitude of the person involved in the practice of *samayik*. This is a description that assumes *samayik* (practice of equanimity) and its practitioner to be inseparable and it refers to ascetics who practice the life-long *samayik* (practice of equanimity).

The following two verses detail the attributes of *samayik* (practice of equanimity) and person qualified to indulge in the practice.

सामायिक के अधिकारी के नाम

(ब) जह मम ण पियं दुक्खं, जाणिय एमेव सव्वजीवाणं।
न हणइ न हणावेइ य, सममणती तेण सो समणो॥५॥

णत्थि य से कोइ वेसो पिओ, व सव्वेसु चेव जीवेसु।
एएण होइ समणो, एसो अन्नो वि पज्जाओ॥६॥

(ब) जैसे मुझे दुःख प्रिय नहीं है, वैसे ही सभी जीवों को भी दुःख प्रिय नहीं है, ऐसा जानकर जो न स्वयं किसी प्राणी की घात करता है, न दूसरों से करवाता है और न घात करने की अनुमोदना करता है, किन्तु सभी जीवों को अपने समान (सम) मानता है, वही समण (श्रमण) कहलाता है॥५॥

जिसको किसी जीव के प्रति द्वेष नहीं है और न राग है, इस कारण वह सम मन वाला होता है। यह समन (श्रमण) का दूसरा पर्यायवाची नाम है॥६॥

PERSON QUALIFIED FOR SAMAYIK

(b) As suffering is not dear to me, so is it for all beings; knowing this he neither kills any being, nor causes killing or approves of killing. Instead, he considers all beings to be like his own self and therefore he is called a *shraman* (equal). (5)

He who neither has aversion nor attachment for any being, is therefore possessed of equanimous attitude (a *shraman*). This is another interpretation of the term *shraman*. (6)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(स) उरग–गिरि–जलण–सागर–नहतल–तरुगणसमो य जो होइ।
भमर–मिग–धरणि–जलरुह–रवि–पवणसमो य सो समणो॥७॥

(स) जो (श्रमण) सर्प, गिरि, अग्नि, सागर, आकाश-तल, वृक्षसमूह, भ्रमर, मृग, पृथ्वी, कमल, सूर्य और पवन के समान है, वही समण है॥७॥

विवेचन–श्रमण का आचार भी विचारों के समान होता है, इस तथ्य का गाथोक्त उपमाओं द्वारा स्पष्टीकरण किया है।

श्रमण के लिए प्रयुक्त उपमाएँ–समण (श्रमण) के लिए प्रयुक्त उपमाओ के साथ समानता के अर्थ में 'सम' शब्द जोडकर उनका भाव इस प्रकार जानना चाहिए–

(१) **उरग (सर्प) सम**–सर्प स्वयं घर नही बनाता, दूसरो के बनाये हुए बिल में रहता है, इसी प्रकार अपना घर नही होने से परकृत गृह में निवास करने के कारण साधु को उरग की उपमा दी है।

(२) **गिरिसम**–परीषहो और उपसर्गों को सहन करने में पर्वत के समान अडोल–अविचल होने से साधु गिरिसम है।

(३) **ज्वलन (अग्नि) सम**–तपोजन्य तेज से समन्वित होने के कारण साधु अग्निसम है।

(४) **सागरसम**–जैसे सागर अपनी मर्यादा को नहीं तोड़ता, इसी प्रकार साधु भी अपनी आचारमर्यादा का उल्लंघन नही करता। अथवा समुद्र जैसे रत्नों का भण्डार होता है, वैसे ही साधु भी ज्ञानादि रत्नो का भण्डार होने से सागरसम है।

(५) **नभस्तलसम**–जैसे आकाश सर्वत्र अवलबन से रहित है, उसी प्रकार साधु भी किसी प्रसग पर दूसरों का आश्रय–अवलंबन–सहारा नही लेते।

(६) **तरुगणसम**–जैसे वृक्ष, उसको सींचने वाले पर राग और काटने वाले पर द्वेष नहीं करते इसी प्रकार साधु भी निन्दा–प्रशंसा, मान–अपमान में समवृत्ति वाले होते है।


(७) **भ्रमरसम**–जैसे भ्रमर अनेक पुष्पो से थोडा–थोडा रस लेकर अपनी उदरपूर्ति करता है, उसी प्रकार साधु भी अनेक घरो से थोडा–थोडा–सा आहार ग्रहण करके उदर भर लेते है।

(८) **मृगसम**–जैसे मृग हिसक पशुओ, शिकारियो आदि से सदा चौकन्ना रहता है, उसी प्रकार साधु भी संसारभय से सदा उद्विग्न और पापो से सावधान रहने के कारण मृगसम हैं।

(९) **धरणिसम**–पृथ्वी जैसे सब कुछ सहन करती है, इसी प्रकार साधु भी कष्ट, तिरस्कार, ताडना आदि को समभाव से सहन करने वाले होते हैं।

(१०) **जलरुहसम**–जैसे कमल पक–(कीचड) में पैदा होकर भी उससे निर्लिप्त रहता है, उसी प्रकार साधु भी कामभोगमय संसार मे रहते हुए भी उससे अलिप्त रहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय २०

Illustration No. 20

श्रमण की बारह उपमा

समता साधक श्रमण का जीवन इन बारह उपमाओ से शोभित है–

(१) सर्प के समान अनिकेत, (२) पर्वत के समान अकम्प, (३) अग्नि समान तेजोदीप्त, (४) सागरसम मर्यादापालक व गुणरत्न भण्डार, (५) आकाश समान पराश्रयरहित, (६) वृक्षतुल्य समवृत्ति, (७) भ्रमर समान गुणवृत्ति, माधुकरी करने वाला, (८) मृग समान सतत सावधान, (९) पृथ्वीतुल्य क्षमाशील, सहिष्णु, (१०) कमल समान निर्लेप, (११) रवि समान ज्ञानालोक से दीप्त, (१२) पवन समान अप्रतिबद्ध विहारी।

–सूत्र ५९९ (स.), पृष्ठ ४५१

TWELVE METAPHORS FOR A SHRAMAN

A *shraman* practicing equanimity is endowed with twelve qualities explained by these metaphors—

(1) Without a dwelling like a snake, (2) Unshakable like a mountain, (3) Resplendent like fire, (4) Non-violater of limits and a treasure-house of gems like sea, (5) Independent like sky, (6) Equanimous like a cluster of trees, (7) Collects food in bits like a Bumble-bee, (8) Ever alert like a deer, (9) Tolerant and forgiving like earth, (10) Unspoiled like lotus, (11) Radiant (with light of knowledge) like the sun, (12) Free-moving like air.

—Aphorism 599 (e.), p 451

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(११) रविसम–सूर्य अपने प्रकाश से समान रूप में सभी क्षेत्रों को प्रकाशित करता है, इसी प्रकार साधु अपने ज्ञानरूपी प्रकाश को देशना द्वारा सर्वसाधारण को समान रूप से प्रदान करने वाले होने से रविसम हैं।

(१२) पवनसम–जिस प्रकार वायु की सर्वत्र अप्रतिहत गति होती है, उसी प्रकार साधु भी सर्वत्र अप्रतिबद्ध विचरणशील होने से पवनसम हैं।

TWELVE METAPHORS

(c) One who is like a snake, mountain, fire, sea, sky, a cluster of trees, bumble-bee, deer, earth, lotus, the sun and air is called a *shraman* (ascetic). (7)

Elaboration—The conduct of a *shraman* (ascetic) has to conform to his thoughts. This fact has been clarified by listing metaphors in the aforesaid verse.

Suitable metaphors—Adding the word 'like', the listed metaphors are explained as follows—

(1) Like snake—A snake does not make a dwelling hole, it lives in a hole made by others. In the same way an ascetic has no dwelling of his own, he lives in a house made by others. That is why an ascetic is like a snake.

(2) Like mountain—While enduring afflictions an ascetic is unshakable like a mountain. That is why an ascetic is like a mountain.

(3) Like fire—As a consequence of his austerities, an ascetic is resplendent with an aura. That is why an ascetic is like fire.

(4) Like sea—As sea does not transgress its limit, an ascetic does not transgress his code of conduct. Also, as an ocean is a treasure-house of gems, an ascetic is a treasure-house of virtues like knowledge. That is why an ascetic is like a sea.

(5) Like sky—As sky does not need any support, an ascetic does not depend on any outside support in any matter. That is why an ascetic is like sky.

(6) Like a cluster of trees—A tree has no attachment for the person who waters it and no aversion for a person who cuts it. In the same way an ascetic is equanimous in face of praise and criticism or honour and insult. That is why an ascetic is like a cluster of trees.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(7) Like bumble-bee—As a bumble-bee survives on pollen collected in bits from many flowers, so does an ascetic by collecting food in bits from many households That is why an ascetic is like a bumble-bee.

(8) Like deer—A deer is always alert and apprehensive of hunters and animals of prey. In the same way an ascetic is always alert and apprehensive of sins and cycles of rebirth. That is why an ascetic is like a deer.

(9) Like earth—As earth is tolerant of all types of pain, so is an ascetic of all reprimands and insults by others. That is why an ascetic is like the earth.

(10) Like lotus—Although sprouting in slime a lotus remains untouched by it. In the same way an ascetic although living in this world abounding in vices remains unspoiled. That is why an ascetic is like a lotus.

(11) Like the sun—The sun enlightens every area with its light. In the same way through his discourse an ascetic enlightens, without any reservations, the masses with the light of his knowledge. That is why an ascetic is like the sun.

(12) Like air—Like the unchecked movement of air everywhere, an ascetic also has free movement everywhere; he is always itinerant. That is why an ascetic is like air.

प्रकारान्तर से श्रमण का निर्वचन

(द) तो समणो जइ सुमणो, भावेण य जइ ण होइ पावमणो।
सयणे य जणे य समो, समो य माणाऽवमाणेसु॥

से तं नोआगमतो भावसामाइए। से तं भावसामाइए। से तं सामाइए। से तं नामनिप्फण्णे।।

(द) (पूर्वोक्त उपमाओं से उपमित) श्रमण तभी श्रमण है जब वह सु-मन हो, और भाव से भी पापी मन वाला न हो। जो माता-पिता आदि स्वजनों में एवं परजनों में समभावी हो, एवं मान-अपमान में समभाव का धारक हो।

यह नोआगमतः भाव-सामायिक, भाव-सामायिक, सामायिक तथा नामनिष्पन्ननिक्षेप है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(d) Only he is a *shraman* who has purity of attitude and is not evil even in his thoughts, who is evenly disposed in his behaviour with relatives (including parents) and unknown people as also equanimous in face of honour and insult.

This concludes the description of *No-agamatah bhaava samayık* (perfect-*samayık* without scriptural knowledge). This also concludes the description of *bhaava samayik* (perfect-*samayik*). This concludes the description of *Samayik* (equanimity) as well as *Naam nishpanna nikshep* (attribution pertaining to specific name).

(३) सूत्रालापकनिष्पन्ननिक्षेप

६००. से किं तं सुत्तालावगनिप्फण्णे ?

सुत्तालावगनिप्फण्णे इदाणिं सुत्तालावगनिप्फण्णे निक्खेवं इच्छावेइ, से य पत्तलक्खणे वि ण णिक्खिप्पइ, कम्हा ? लाघवत्थं। इतो अत्थि ततिये अणुओगद्दारे अणुगमे त्ति, तहिं णं णिक्खित्ते इहं णिक्खित्ते भवति इहं वा णिक्खित्ते तहिं णिक्खित्ते भवति, तम्हा इहं ण णिक्खिप्पइ तहिं चेव णिक्खिप्पिस्सइ। से तं निक्खेवे।

॥ द्वितीय निक्षेपद्वार सम्मत्तं ॥

६००. (प्र.) सूत्रालापकनिष्पन्ननिक्षेप क्या है ?

(उ.) इस समय सूत्रालापकनिष्पन्ननिक्षेप की प्ररूपणा करने की इच्छा है और अवसर भी प्राप्त है किन्तु आगे अनुगम नामक तीसरे अनुयोगद्वार में इसी का वर्णन किये जाने से लाघव (ग्रन्थ संक्षेप) की दृष्टि से अभी निक्षेप नहीं करते हैं, क्योंकि पाठ का विस्तार न हो इस दृष्टि से, वहाँ पर निक्षेप करने से यहाँ निक्षेप हो गया और यहाँ निक्षेप किये जाने से वहाँ पर निक्षेप हुआ समझ लेना चाहिए। इसीलिए यहाँ निक्षेप नहीं करके वहाँ पर ही इसका निक्षेप किया जायेगा।

यह निक्षेपप्ररूपणा का वर्णन है।

॥ द्वितीय निक्षेपद्वार समाप्त ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) SUTRALAPAK-NISHPANNA NIKSHEP

600. (Q.) What is this *Sutralapak nishpanna nikshep* (attribution pertaining to text recitation) ?

(Ans.) Although there is a desire and opportunity to describe *Sutralapak nishpanna nikshep* (attribution pertaining to text recitation), it is not being detailed here for the sake of brevity as it will be mentioned in due course in the third door of disquisition titled *Anugam.* For the sake of brevity when the *nikshep* has been made at that place it should be taken as having been made here as well and when the *nikshep* has been made at this place it should be taken as having been made there as well. That is why instead of this place the *nikshep* will be made there.

This concludes the description of *nikshep* (attribution).

● END OF NIKSHEP : THE SECOND DOOR OF DISQUISITION ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. अनुगमद्वार
3. ANUGAM DVAR (APPROACH OF INTERPRETATION)

अनुगम निरूपण

६०१. से किं तं अणुगमे ?

अणुगमे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–सुत्ताणुगमे य निज्जुत्तिअणुगमे य।

६०१. (प्र.) अनुगम क्या है ?

(उ.) अनुगम के दो भेद हैं। वे इस प्रकार हैं–(१) सूत्रानुगम, और (२) निर्युक्त्यनुगम।

विवेचन–आचार्य श्री आत्माराम जी म. ने वृत्ति व चूर्णि के आधार पर अनुगम के दो अर्थ किये हैं–

(१) सूत्र के अनुकूल अर्थ या विवेचन करना।

(२) गुरु द्वारा सूत्रानुसारी अर्थ की वाचना प्रदान करना।

सूत्रानुगम–सूत्र के व्याख्यान अर्थात् पदच्छेद आदि करके उसकी व्याख्या करना।

निर्युक्त्यनुगम–निर्युक्ति अर्थात् सूत्र के साथ पूर्ण रूप मे सम्बद्ध अर्थो को स्पष्ट करना। नाम, स्थापना आदि प्रकारों द्वारा विभाग करके विस्तार से सूत्र की व्याख्या करने की पद्धति निर्युक्त्यनुगम है।

'निर्युक्ति' में दो शब्द हैं–**निर्युक्ति**–अर्थ तथा **युक्ति**–स्पष्ट रूप से प्रतिपादन। इसमें मध्यवर्ती युक्ति शब्द का लोप होने से 'निर्युक्ति' शब्द बना है। **निश्चितोक्तिनिर्युक्ति** (विभा)–निश्चित उक्ति निर्युक्ति है। सूत्र का अर्थ करना अनुगम है। अर्थात् सूत्रानुसारी अर्थ करना निर्युक्त्यनुगम है।

DEFINING ANUGAM

601. (Q.) What is this *Anugam* (interpretation) ?

(Ans.) *Anugam* (interpretation) is of two kinds—(1) *Sutranugam,* and (2) *Niryuktanugam.*

Elaboration—Based on the commentaries (*Vritti* and *Churni*) Acharya Atmaram ji M. has given two meanings of *Anugam* (interpretation)—

(1) To interpret and elaborate in accordance with the text/aphorism.

(2) To give a discourse about interpretation and elaboration given by the *guru.*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Sutranugam (interpretation of *sutra*)—to interpret a text/aphorism by defining its constituents (parsing).

Niryuktanugam (contextual elaboration)—to elaborate the meaning of text/aphorism by clarifying words in proper context. The process of providing detailed elaboration employing various approaches like name, attribution etc

The term '*niryukti*' is made up of two words—*nir-yukti* (meaning) and *yukti* (clear and logical interpretation). While compounding, the middle '*yukti*' disappears (*nir-yukti* + *yukti* = *nir-yukti*) To give appropriate meaning is called *niryukti*. To explain or interpret a *sutra* (text/aphorism) is *Anugam* Thus to explain or interpret a *sutra* (text/aphorism) in accordance with appropriate context is *Niryuktanugam* (contextual elaboration).

निर्युक्त्यनुगम

६०२. से किं तं निज्जुत्तिअणुगमे ?

निज्जुत्तिअणुगमे तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–निक्खेवनिज्जुत्तिअणुगमे उवग्घायनिज्जुत्तिअणुगमे, सुत्तप्फासियनिज्जुत्तिअणुगमे।

६०२. (प्र.) निर्युक्त्यनुगम क्या है ?

(उ.) निर्युक्त्यनुगम तीन प्रकार का है। यथा–(१) निक्षेपनिर्युक्त्यनुगम, (२) उपोद्घातनिर्युक्त्यनुगम, और (३) सूत्रस्पर्शिकनिर्युक्त्यनुगम।

NIRYUKTANUGAM

602. (Q.) What is this *Niryuktanugam* ?

Ans. *Niryuktanugam* (contextual elaboration) is of three kinds—(1) *Niskhep Niryuktanugam* (contextual elaboration through attribution), (2) *Upodghat Niryuktanugam* (contextual elaboration through introduction), and (3) *Sutrasparsh Niryuktanugam* (contextual elaboration embracing the *sutra*).

निक्षेपनिर्युक्त्यनुगम

६०३. से किं तं निक्खेवनिज्जुत्तिअणुगमे ?

निक्खेवनिज्जुत्तिअणुगमे अणुगए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६०३. (प्र.) निक्षेपनिर्युक्त्यनुगम क्या है?

(उ.) निक्षेप की निर्युक्ति का अनुगम पूर्ववत् जानना चाहिए।

विवेचन–नाम, स्थापना, द्रव्य आदि के भेद से प्रस्तुत विषय को स्पष्ट करने के लिए किया जाने वाला अनुगम–व्याख्या निक्षेपनिर्युक्त अनुगम है। (चूर्णि)

NISKHEP NIRYUKTANUGAM

603. (Q.) What is this *Niskhep Niryuktanugam* (contextual elaboration through attribution)?

(Ans.) *Niskhep Niryuktanugam* (contextual elaboration through attribution) is as already mentioned (aphorism 7 and 8, *Illustrated Anuyogadvar Sutra,* Part I).

This concludes the description of *Niskhep Niryuktanugam* (contextual elaboration through attribution).

Elaboration—The interpretation made through the four components of attribution including *Naam* and *Sthapana* (name and notional installation) is called *Niskhep Niryuktanugam* (contextual elaboration through attribution)

उपोद्घातनिक्षेपनिर्युक्त्यनुगम

६०४. से किं तं उवग्घायनिज्जुत्तिअणुगमे ?

उवग्घायनिज्जुत्तिअणुगमे इमाहिं दोहिं दारगाहाहिं अणुगंतव्वे। तं जहा–

उद्देसे १ निद्देसे य २ निग्गमे ३ खेत्त ४ काल ५ पुरिसे य ६।

कारण ७ पच्चय ८ लक्खण ९ णये १० समोयारणा ११ ऽणुमए १२ ॥१॥

किं १३ कइविहं १४ कस्स १५ कहिं १६ केसु १७

कहं १८ किच्चिरं हवइ कालं १९।

कइ २० संतर २१ मविरहियं २२ भवा २३

ऽऽगरिस २४ फासण २५ निरुत्ती २६ ॥२॥

से तं उवग्घायनिज्जुत्तिअणुगमे।

६०४. (प्र.) उपोद्घातनिक्षेपनिर्युक्त्यनुगम क्या है?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उ.) उपोद्घातनिक्षेपनिर्युक्त्यनुगम का स्वरूप गाथा में बताये क्रम से इस प्रकार जानना चाहिए–(१) उद्देश, (२) निर्देश, (३) निर्गम, (४) क्षेत्र, (५) काल, (६) पुरुष, (७) कारण, (८) प्रत्यय, (९) लक्षण, (१०) नय, (११) समवतार, (१२) अनुमत, (१३) किम्–क्या, (१४) कितने प्रकार की, (१५) किसको, (१६) कहाँ पर, (१७) किसमें, (१८) किस प्रकार–कैसे, (१९) कितने काल तक, (२०) कितनी, (२१) अन्तरकाल (विरहकाल), (२२) अविरह (निरन्तरकाल), (२३) भव, (२४) आकर्ष, (२५) स्पर्शन, और (२६) निर्युक्ति। अर्थात् इन प्रश्नों का उत्तर उपोद्घातनिक्षेपनिर्युक्त्यनुगम रूप है।

विवेचन–जिस सूत्र की जिस प्रसंग में जो व्याख्या करनी हो, उसकी पृष्ठभूमि तैयार करना उपोद्घात है। उपोद्घात के अर्थ का कथन उपोद्घातनिक्षेपनिर्युक्त्यनुगम है। इसके २६ द्वार इस प्रकार हैं–

(१) **उद्देश**–सामान्य रूप से नाम का कथन करना। जैसे–'अध्ययन'।

(२) **निर्देश**–विशेष नाम का कथन करना निर्देश है। जैसे–सामायिक।

(३) **निर्गम**–वस्तु के निकलने के मूल स्रोत की खोज करना निर्गम है। जैसे–सामायिक कहाँ से निकली। अर्थ रूप में तीर्थंकरों से और सूत्र रूप में गणधरों से सामायिक निकली।

(४) **क्षेत्र**–किस क्षेत्र में सामायिक की उत्पत्ति हुई? सामान्य से समयक्षेत्र में और विशेषापेक्षया पावापुरी के महासेनवन (प्रथम समवरसण) में।

(५) **काल**–किस काल में सामायिक की उत्पत्ति हुई? वर्तमान काल की अपेक्षा वैशाख शुक्ला एकादशी के दिन प्रथम पौरुषीकाल में उत्पत्ति हुई।

(६) **पुरुष**–किस पुरुष से सामायिक निकली? सर्वज्ञ पुरुषो ने सामायिक का प्रतिपादन किया है, अथवा व्यवहारनय भरतक्षेत्र की अपेक्षा इस अवसर्पिणी काल मे सर्वप्रथम भगवान ऋषभदेव ने और वर्तमान मे अर्थ की अपेक्षा श्रमण भगवान महावीर ने अथवा सूत्र की अपेक्षा गौतमादि गणधरो ने प्रतिपादन किया।

(७) **कारण**–किस कारण गौतमादि गणधरों ने भगवान से सामायिक का श्रवण किया? संयतिभाव की सिद्धि के लिए अथवा समता धर्म को जनता तक पहुँचाने के लिए।

(८) **प्रत्यय**–किस प्रत्यय (मूल कारण) से भगवान ने सामायिक का उपदेश दिया? जनता को समता धर्म मे दीक्षित करने के लिए भगवान ने सामायिक का प्रवचन किया।

(९) **लक्षण**–सामायिक का लक्षण क्या है? सम्यक्त्व–सामायिक का लक्षण तत्त्वार्थ की श्रद्धा, श्रुत–सामायिक का, जीवादि तत्त्वो का परिज्ञान और चारित्र–सामायिक का सर्वसावद्ययोगविरति है।

(१०) **नय**–नैगमादि नयो के मत से सामायिक कैसे होती है? जैसे–व्यवहारनय से पाठरूप सामायिक और तीन शब्दनयों से जीवादि वस्तु का ज्ञानरूप सामायिक होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(११) **समवतार**–किस सामायिक का समवतार किस करण मे होता है? द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा से गुणप्रतिपन्न जीव सामायिक है अतः उसका समवतार द्रव्यकरण मे होता है। पर्यायार्थिकनय की दृष्टि से सम्यक्त्व, श्रुत, देशविरति और सर्वविरति जीव के गुण है, अतः उनका समवतरण भावकरण मे होता है। भावकरण के दो भेद है–श्रुतकरण और नोश्रुतकरण। श्रुत–सामायिक का समवतार मुख्यतः श्रुतकरण में होता है। शेष तीनो सामायिको–सम्यक्त्व–सामायिक, देशविरति–सामायिक और सर्वविरति–सामायिक का समवतार नोश्रुतकरण में होता है।

(१२) **अनुमत**–कौन नय किस सामायिक को मोक्षमार्ग रूप मानता है? जैसे–नैगम, सग्रह और व्यवहारनय तप–संयमरूप चारित्र–सामायिक को, निर्ग्रन्थप्रवचनरूप श्रुत–सामायिक को और तत्त्वश्रद्धानरूप सम्यक्त्व–सामायिक को, इन तीनों सामायिको को मोक्षमार्ग मानते हैं। सर्वसंवररूप चारित्र के अनन्तर ही मोक्ष की प्राप्ति होने से ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ तथा एवभूत, ये चारो नय संयमरूप चारित्र–सामायिक को ही मोक्षमार्ग रूप मानते है।

(१३) **किम्**–सामायिक क्या है? द्रव्यार्थिकनय के मत से सामायिक जीवद्रव्य है और पर्यायार्थिकनय के मत से सामायिक जीव का गुण है।

(१४) **कितने प्रकार की**–सामायिक कितने प्रकार की है? सामायिक तीन प्रकार की है–(१) सम्यक्त्व–सामायिक, (२) श्रुत–सामायिक, और (३) चारित्र–सामायिक।

(१५) **किसको**–किस जीव को सामायिक प्राप्त होती है? जिसकी आत्मा सयम, नियम और तप मे सन्निहित होती है तथा जो जीव त्रस और स्थावर–समस्त प्राणियो पर समताभाव रखता है, उस जीव को सामायिक प्राप्त होती है।

(१६) **कहाँ**–सामायिक कहाँ–कहाँ होती है? सम्यक्त्व–सामायिक और श्रुत–सामायिक की प्राप्ति तीनो लोकखण्डो–ऊर्ध्व, अध· और तिर्यग्लोक मे होती है। देशविरति सामायिक की प्राप्ति केवल तिर्यग्लोक मे होती है। सर्वविरति सामायिक की प्राप्ति तिर्यग्लोक के एक भाग–मनुष्यलोक मे होती है।

(१७) **किसमें**–सामायिक किस–किस मे होती है? नैगमनय के अनुसार सामायिक केवल मनोज्ञ द्रव्यों में ही सम्भव है। क्योंकि वे मनोज्ञ परिणाम के कारण बनते है। शेष नयो के अनुसार सब द्रव्यो मे सामायिक सम्भव है।

(१८) **कैसे**–जीव सामायिक कैसे प्राप्त करता है? मनुष्यत्व, आर्यक्षेत्र, जाति, कुल, रूप, आरोग्य, आयुष्य, बुद्धि, धर्मश्रवण, धर्मावधारण, श्रद्धा और सयम, इन लोकदुर्लभ बारह स्थानो की प्राप्ति होने पर जीव सामायिक को प्राप्त करता है। अथवा श्रुत–सामायिक की प्राप्ति मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा दर्शनमोह के क्षयोपशम से होती है। सम्यक्त्व–सामायिक की प्राप्ति दर्शन सप्तक के क्षयोपशम, उपशम और क्षय से होती है। देशविरति–सामायिक की प्राप्ति अप्रत्याख्यानावरण के क्षय, क्षयोपशम व उपशम से होती है। सर्वविरति–सामायिक की प्राप्ति प्रत्याख्यानावरण के क्षय, क्षयोपशम व उपशम से होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१९) **कितने काल तक**–सामायिक रह सकती है? अर्थात् सामायिक का कालमान कितना है? सम्यक्त्व और श्रुत-सामायिक की उत्कृष्ट स्थिति कुछ अधिक छियासठ सागरोपम और चारित्र-सामायिक की देशोन पूर्वकोटि वर्ष की तथा जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त्त की है।

(२०) **कति**–सामायिक के प्रतिपत्ता-प्राप्त करने वाले कितने होते हैं?

सम्यक्त्व-सामायिक व देशविरति-सामायिक के प्रतिपत्ता एक काल में, उत्कृष्टतः क्षेत्र पल्योपम के असंख्येय भाग मे जितने आकाश-प्रदेश होते हैं, उतने होते हैं। देशविरत-सामायिक के प्रतिपत्ता से सम्यक्त्व-सामायिक के प्रतिपत्ता असंख्येय गुण अधिक होते हैं, जघन्यतः एक अथवा दो प्रतिपत्ता उपलब्ध होते है।

श्रुत-सामायिक के प्रतिपत्ता श्रेणी के असंख्यातवें भाग में जितने आकाश-प्रदेश होते है उत्कृष्टतः उतने होते हैं। जघन्यतः एक अथवा दो होते हैं। सर्वविरति के प्रतिपत्ता उत्कृष्टतः सहस्रपृथक् (दो से नौ हजार) तथा जघन्यतः एक अथवा दो होते हैं। विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य विशेषावश्यकभाष्य गाथा, २७६४ से २७७४।

(२१) **अन्तर**–सामायिक का अन्तर (विरह) काल (पुनः प्राप्ति में व्यवधान) कितना होता है? सामान्य श्रुत-साधायिक में जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त का और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल का है। एक जीव की अपेक्षा सम्यक् श्रुत, देशविरति, सर्वविरतिरूप सामायिक का अन्तरकाल जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त और उत्कृष्ट देशोन अर्धपुद्गलपरावर्तकालरूप है।

(२२) **निरन्तरकाल**–बिना अन्तर के लगातार कितने काल तक सामायिक सम्यक्त्व-सामायिक ग्रहण करने वाले होते हैं? सम्यक्त्व और श्रुत-सामायिक के प्रतिपत्ता अगारी (गृहस्थ) निरन्तर उत्कृष्टतः आवलिका के असंख्यातवें भाग कांल तक होते हैं और चारित्र-सामायिक वाले आठ समय तक होते है। जघन्यतः समस्त सामायिकों के प्रतिपत्ता दो समय तक निरन्तर बने रहते हैं।

(२३) **भव**–कितने भव तक सामायिक रह सकती है? पल्य के असंख्यातवें भाग तक सम्यक्त्व और देशविरति-सामायिक, आठ भव पर्यन्त चारित्र-सामायिक और अनन्तकाल तक श्रुत-सामायिक होती है।

(२४) **आकर्ष**–सामायिक के आकर्ष (उपलब्धि) एक भव में या अनेक भवों में सामायिक कितनी बार ग्रहण किया जा सकता है? तीनो सामायिको (सम्यक्त्व, श्रुत और देशविरत-सामायिक) एक भव में उत्कृष्ट से सहस्रपृथक्त्व २ से ९ हजार बार तक और सर्वविरति के शतपृथक्त्व २०० से ९०० बार तक होते हैं। जघन्य से समस्त सामायिकों का आकर्ष एक भव मे एक ही होता है तथा अनेक भवों की अपेक्षा सम्यक्त्व व देशविरति-सामायिकों के उत्कृष्ट असंख्य सहस्रपृथक्त्व और सर्वविरति के सहस्रपृथक्त्व आकर्ष होते हैं।

(२५) **स्पर्श**–सामायिक करने वाले कितने क्षेत्र का स्पर्श करते हैं? सम्यक्त्व तथा सर्वविरति सामायिक वाले जीव उत्कृष्टतः समस्त लोकाकाश का स्पर्श करते हैं तथा जघन्यतः लोक के असंख्यातवें भाग का। शेष सामायिक वाले जीव तीन से चौदह रज्जु प्रमाण क्षेत्र का स्पर्श करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२६) निरुक्ति–सामायिक की निरुक्ति क्या है ? सम्यग्दृष्टि, अमोह, शोधि, सद्भाव, दर्शन, बोधि, अविपर्यय, सुदृष्टि इत्यादि सामायिक के नाम है। अर्थात् सामायिक का पूर्ण वर्णन ही सामायिक की निरुक्ति है। (विशेष वर्णन मलधारीया वृत्ति तथा आचार्य आत्माराम जी कृत विवेचन (पृ. २९०-२९७ देखे) ॥१-२॥

UPODGHAT NIRYUKTANUGAM

604. (Q.) What is this *Upodghat Niryuktanugam* (contextual elaboration through introduction) ?

(Ans.) *Upodghat Niryuktanugam* (contextual elaboration through introduction) is to be known (as answers to the points mentioned) in the following order—(1) *uddesh*, (2) *nirdesh*, (3) *nirgam*, (4) *kshetra*, (5) *kaal*, (6) *purush*, (7) *kaaran*, (8) *pratyaya*, (9) *lakshan*, (10) *naya*, (11) *samavatar*, (12) *anumat*, (13) *kim*, (14) *katividham*, (15) *kasya*, (16) *kutra*, (17) *keshu*, (18) *katham*, (19) *kiyachchiram bhavati kaalam*, (20) *kati*, (21) *saantaram*, (22) *avirahitam*, (23) *bhavah*, (24) *akarsh*, (25) *sparshana*, and (26) *niruktih*.

This concludes the description of *Upodghat Niryuktanugam* (contextual elaboration through introduction).

Elaboration—To prepare the background for assigning the right meaning in specified context to a *sutra* (text/aphorism) is called *upodghat* (introduction). To detail the process associated with this term is called *Upodghat Niryuktanugam* (contextual elaboration through introduction). It has 26 *dvars* (approaches) explained in context of *Samayik* (practice of equanimity) as follows—

(1) Uddesh—to assign a general name or title, e.g.—*adhyayan* (chapter)

(2) Nirdesh—to assign a particular name or title, e g.—*Samayik* (the first chapter of *Avashyak Sutra*).

(3) Nirgam—to find out the original source. For example the original source of *Samayik* (practice of equanimity) as concept is *Tirthankars* (*Bhagavan* Mahavir) and that of *Samayik* as text is *Ganadharas* (Sudharma Swami).

(4) Kshetra—to find out the place of origin For example, in general terms *Samayik* (practice of equanimity) has its origin in a specific time

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

sector and in specific terms its origin is at Mahasenavan in Pavapuri (during the first *Samavasaran* of *Bhagavan* Mahavir).

(5) Kaal—to find out the time of origin In the present cycle of time in the period of influence of the twenty fourth *Tirthankar, Samayik* (practice of equanimity) came into existence during the first quarter of the eleventh day of the bright half of the month of *Vaishakh.*

(6) Purush—to find out the human source. The omniscients propagated *Samayik* (practice of equanimity). From *Vyavahar naya* (particularized viewpoint) it was *Bhagavan* Risabhadeva who gave *Samayik* (practice of equanimity) for the first time during this regressive cycle of time. The present form of *Samayik* (practice of equanimity) was given by *Bhagavan* Mahavir as concept and by Gautam and other *Ganadhars* as text

(7) Kaaran—to find out the reason of learning. Gautam and other *Ganadhars* learned *Samayik* (practice of equanimity) from *Bhagavan* Mahavir in order to practice and perfect the attitude of equanimity themselves and also to spread the religion of equanimity for the benefit of masses.

(8) Pratyaya—to find out the inspiring cause of preaching. Inspired by the need to initiate masses into the religion of equanimity, *Bhagavan* Mahavir gave the sermon of *Samayik* (practice of equanimity).

(9) Lakshan—defining the characteristic of the theme. The characteristic of *Samyaktva samayik* (*samayik* as righteousness) is faith in fundamental reality, that of *Shrut samayik* (*samayik* as scriptural knowledge) is the knowledge of soul and other fundamentals and that of *Charitra samayik* (*samayik* as conduct) is abandoning all sinful attitudes and activities.

(10) Naya—applying *nayas* (viewpoints) According to *Vyavahar naya* (particularized viewpoint) *samayik* refers to reading and reciting the text. According to three *Shabd nayas* (verbal viewpoints) it is the knowledge of fundamentals like soul.

(11) Samavatar—to find out about compatible assimilation. According to *Dravyarthik naya* (existent material aspect) a virtuous being is *samayik,* therefore it has compatible assimilation with *dravya-karan* (physical means). From *paryayarthik naya* (transformational aspects) righteousness, knowledge of the canon, partial detachment and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

complete detachment are attributes of soul, therefore they have compatible assimilation with *bhaava-karan* (mental means). *Bhaava-karan* in turn has two kinds—*shrut-karan* (scriptural means) and *noshrut-karan* (non-scriptural means). *Shrut samayık* (sermon of the omniscient) is mainly included in *shrut-karan.* The remaining three *samayiks* (righteousness, partıal detachment and complete detachment) are included in *noshrut-karan.*

(12) Anumat—finding which *naya* accepts which *samayık* as the path to liberation. *Naigam, Samgraha* and *Vyavahar nayas* (co-ordinated, generalized and particularized viewpoints) accept *charıtra samayik* (ascetic-discipline), *shrut samayık* (sermon of the omnıscient) and *samyaktva samayik* (faith in the fundamentals) as the path to liberation. As liberation is attained only after following ascetic conduct, the remaining four *nayas* accept only *charıtra samayık* (ascetic-discipline) as the path to liberation.

(13) Kim—spelling out the desıred object. (What is *samayık* ?) According to *dravyarthık naya* (existent material aspect) *samayık* is soul entity and according to *paryayarthik naya* (transformational aspect) it is the attribute of soul.

(14) Katividham—defining the kinds. *Samayik* is of three kinds—(1) *Samyaktva samayık* (faith ın the fundamentals), (2) *Shrut samayik* (sermon of the omniscient), and (3) *Charıtra samayık* (ascetic-discipline).

(15) Kasya—defining the possessor A being who is engaged ın self-restraint, self-regulation and austerities and has equanimous attitude towards all beings is said to be endowed with *samayik* (practice of equanımity).

(16) Kutra—defining the place *Samyaktva samayık* (faith in the fundamentals) and *Shrut samayık* (sermon of the omniscient) can be attained in upper, lower and mıddle regıons (*urdhva, adho* and *tiryak Loks*) *Deshavırati samayik* (partıal detachment *samayık*) can be attained only in the middle region. *Sarvaviratı samayık* (complete detachment *samayık*) can only be attained in a particular area of the middle region called *manushya Lok* (the region where humans live).

(17) Keshu—defining the scope According to *Naigam naya* (co-ordinated viewpoint) the scope of *samayık* (practıce of equanimity) is limited to the objects of desıre because fondness for a thing in one's

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

attitude is created by desire. According to all other *nayas* the scope of *samayik* (practice of equanimity) extends to all substances.

(18) Katham—defining the conditions. A being attains *samayik* (practice of equanimity) when he satisfies the twelve rare conditions—human birth, birth in the area known as Aryakshetra, higher caste and family, physical perfection, good health, wisdom, listening to sermons, accepting religion, faith in religion and self-restraint. In *karmic* terms—*Shrut samayik* (sermon of the omniscient) is attained on extinction-cum-pacification of *Mati jnanavaran* (*karma* that veils sensory knowledge), *Shrut jnanavaran* (*karma* that veils scriptural knowledge) and *Darshan mohaniya* (*karma* that deludes perception or faith) *karmas*. *Samyaktva samayik* (faith in the fundamentals) is attained on extinction-cum-pacification, extinction and pacification of the septet of *Darshanavaran karmas* (*karmas* that veil true perception and faith). *Deshavirati samayik* (partial detachment *samayik*) is attained on extinction-cum-pacification, extinction and pacification of *Apratyakhyanavaran karma* (*karma* that hinders non-renunciation). *Sarvavirati samayik* (complete detachment *samayik*) is attained on extinction-cum-pacification, extinction and pacification of *Pratyakhyanavaran karma* (*karma* that hinders renunciation).

(19) Kiyachchiram Bhavati Kaalam—specifying minimum and maximum duration. The maximum duration of *Samyaktva* and *Shrut samayik* (faith in the fundamentals and sermon of the omniscient) is a little more than sixty six *sagaropam*. That of *Charitra samayik* (ascetic-discipline) is less than *Purvakoti* years. The minimum duration is one *antarmuhurt* (less than forty eight minutes) for all.

